Follow us on: @TheDailyPioneer facebook.com/dailypioneer instagram.com/dailypioneer/

# पायनियर

Established 1865

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

www.dailypioneer.com

RNI NO. CHHHIN/2016/70655
वर्ष-09, अंक-208
रायपुर, शनिवार 22 मार्च 2025
पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 3.00

## क्विक न्यूज

### नक्सलियों का छुपाया हुआ धन व हथियारों का जखीरा बरामद

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद पुलिस ने नक्सलियों का छुपाया हुआ धन और हथियारों का जखीरा खोज निकाला है तथा उन्हें जब्त कर लिया है। पुलिस ने मैनपुर थाना क्षेत्र से लगे पंडरी पानी से नक्सलियों का जमीन में छुपाया गया आठ लाख नगद और हथियारों समेत नक्सल साहित्य भी बरामद किया है। अब पुलिस नक्सलियों को नगद देने वाले स्रौत का भी पता लगाने में जुट गई है। गरियाबंद पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि मैनपुर थाना क्षेत्र से लगे पंडरी पानी के पहाड़ी इलाके में धमतरी गरियाबंद नुआपड़ा डिविजन कमेटी के द्वारा उगाही का रकम छिपा कर रखा गया था। इसकी जानकारी मिलने पर जिला पुलिस, कोबरा बटालिया, सीआरपीएफ की संयुक्त टीम बीडीएस की टीम के साथ सर्चिंग ऑपरेशन पर निकली।

### दीवार में दबकर दो मजदूरों की मौत, छह घायल

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले के कटघोरा में दीवार में दबकर दो मजदूरों की दर्दनाक मौत हो गई जबकि छह अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। कटघोरा नगर में अचानक तेज आंधी और बारिश शुरू हो गई, जिससे लखनपुर बरभाटा में न्यू वैष्णवी राइस मिल की निर्माणाधीन दीवार भरभराकर गिर गई। दीवार गिरने से वहां काम कर रहे दो मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि छह अन्य मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी अपनी पूरी टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

# धान खरीदी में घोटाले का आरोप

## विपक्षी सदस्यों का सदन से बर्हिगमन

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ विधानसभा में बजट सत्र के अंतिम दिन कांग्रेस के विधायकों ने धान खरीदी में घोटाले का आरोप लगाते हुए स्थगन प्रस्ताव पेश किया जिसे विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने नामंजूर कर दिया। विपक्षी सदस्यों ने इसके बाद सदन से बर्हिगमन किया। विपक्ष ने सरकार पर लगभग 13 हजार करोड़ रुपये के धान खरीद घोटाले का आरोप लगाया और सदन की कार्यवाही रोककर इस पर चर्चा की मांग की। इस पर अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने स्थगन प्रस्ताव नामंजूर कर दिया, जिसके बाद विपक्ष ने सदन से वॉकआउट कर दिया। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने आरोप लगाया कि अधिकारियों की मिलीभगत से किसानों की मेहनत पर पानी फेरा जा रहा है। महंत ने यह भी आरोप लगाया कि धान उत्पादन से 36 फीसदी अधिक खरीदी हो रही है, जिससे बड़े घोटाले की आशंका है। उन्होंने कहा कि धान खरीद में राज्य को करीब आठ हजार करोड़ का नुकसान हुआ है। विपक्षी सदस्य उमेश पटेल ने भी समर्थन करते हुए कहा कि धान खरीदी कोई छोटा मामला नहीं है और इस पर सदन में विस्तृत चर्चा होनी चाहिए। पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस के नेता भूपेश बघेल ने कहा कि करोड़ों रुपये के भ्रष्टाचार के बावजूद सत्तापक्ष जवाब देने से बच रहा है। मामले को लेकर विपक्ष ने बर्हिगमन किया। वहीं सत्ता पक्ष के सदस्यों ने इस दौरान कहा कि कांग्रेस घड़ियाली आंसू बहाने का काम कर रही है। सुशासन वाली विष्णु सरकार में किसानों का दाना-दाना खरीदा जा रहा है। साथ ही रूपयों का भुगतान भी एकमुस्त किया जा रहा है।

## विश्व जल दिवस : मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेशवासियों से किया जल संरक्षण का आह्वान

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने विश्व जल दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों से जल संरक्षण अभियान को जनआंदोलन का रूप देने की अपील की है। उन्होंने कहा कि जल ही जीवन है – जीवन का आरंभ जल से हुआ है और इसका सतत प्रवाह ही जीवन की निरंतरता का आधार है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि जब दुनिया जल संकट की ओर बढ़ रही है, तब हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि वह जल की हर बूँद को संजोए। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रत्येक वर्ष 22 मार्च को 'विश्व जल दिवस' मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य समाज में जल के महत्व और उसके संरक्षण की आवश्यकता के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने जल संरक्षण को अपनी प्राथमिकताओं में रखते हुए कई महत्वपूर्ण पहल की हैं। राज्य में जन-भागीदारी के माध्यम से जल संचय को बढ़ावा दिया जा रहा है, साथ ही जल प्रदूषण नियंत्रण और जल संसाधनों के पुनर्जीवन के लिए भी योजनाबद्ध और सतत प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि धमतरी जिले में आयोजित 'जल-जगार महोत्सव' जल संरक्षण को लेकर एक अभिनव पहल थी, जिसमें स्थानीय समुदाय की सक्रिय भागीदारी से जल चेतना को नई ऊर्जा मिली है। उन्होंने कहा कि बढ़ती जनसंख्या, अनियंत्रित दोहन और प्रदूषण के कारण स्वच्छ जल की उपलब्धता भविष्य की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक बन चुकी है, जिसे केवल सामूहिक प्रयासों से ही टाला जा सकता है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि हम सब मिलकर यह संकल्प लें कि जल की प्रत्येक बूँद को सहेजेंगे, इसके महत्व को जन-जन तक पहुँचाएँगे और आने वाली पीढ़ियों को जल-समृद्ध भविष्य का उपहार देंगे।

## दिल्ली के एम्स ने स्वास्थ्य सेवा का स्थापित किया मानक : राष्ट्रपति मुर्मु

पायनियर संवाददाता ‹ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ने स्वास्थ्य सेवा और चिकित्सा शिक्षा में एक मानक स्थापित किया है तथा संस्थान से स्नातक होने वाले डॉक्टर एवं शोधकर्ता स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को मजबूत करने और समर्पण के साथ राष्ट्र की सेवा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। मुर्मु ने एम्स के 49वें वार्षिक दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि एम्स गीता के कर्मयोग की चलती हुई प्रयोगशाला है। यह एक गौरवपूर्ण मेड-इन-इंडिया सफलता की कहानी है और यह पूरे देश में अनुकरण करने योग्य मॉडल है। उन्होंने कहा कि एम्स की जिम्मेदारी स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और अनुसंधान से परे है। यह एक ऐसे वातावरण को बढ़ावा देने तक फैली हुई है जहां हर पक्ष की आवाज सुनी जाती है? और संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग किया जाता है तथा उत्कृष्टता आदर्श है। समारोह में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहे। राष्ट्रपति ने कहा कि दिल्ली का एम्स कोविड-19 जैसी महामारी के समय में पथप्रदर्शक अनुसंधान में सबसे आगे रहा है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवा में प्रगति के साथ जीवन प्रत्याशा बढ़ रही है। परिणामस्वरूप, वृद्ध लोगों की संख्या बढ़ रही है। इससे इस क्षेत्र में नई चुनौतियाँ सामने आ रही हैं। साथ ही, चिकित्सा पेशा आधुनिक समय में जीवनशैली में बदलाव के कारण होने वाली बीमारियों से जूझ रहा है। उन्होंने एम्स से मानसिक स्वास्थ्य पर जागरूकता अभियान शुरू करने का आग्रह किया ताकि लोगों को इस छिपी हुई बीमारी के बारे में जागरूक किया जा सके।

## शहीद जवान राजू को न्यू पुलिस लाइन में दी गयी अंतिम सलामी

पायनियर संवाददाता ‹ बीजापुर
www.dailypioneer.com



बीजापुर व दंतेवाड़ा जिले की सीमा से लगे एंड्री के जंगल में माओवादियों की मुठभेड़ में शहीद हुए डीआरजी जवान राजू को न्यू पुलिस लाइन में अंतिम सलामी दी गयी। राजू के पार्थिव शरीर को बाद में गृह ग्राम बोगड़ा रवाना किया गया। राजू भैरमगढ़ ब्लॉक के बोगड़ा का रहने वाला था। इस मुठभेड़ के दौरान 26 माओवादियों के शव जवानों ने बरामद किए। इसी मुठभेड़ में डीआरजी का एक जवान शहीद हो गया है। गौरतलब है कि साल भर पहले इसी जवान का भाई क्रॉस फायरिंग में मारा गया था। छत्तीसगढ़ में गुरुवार को दो मुठभेड़ हुए जिसमें 30 नक्सली मारे गए। पहला एनकाउंटर बीजापुर दंतेवाड़ा बॉर्डर पर हुआ। इस मुठभेड़ में सुकमा और बीजापुर के डीआरजी, एसटीएफ कोबरा, बस्तर फाइटर सहित केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवान शामिल हुए। गंगालूर थाना क्षेत्र के दंतेवाड़ा जिले के सरहदी एंड्री के जंगल में ये मुठभेड़ हुई। **विस्तृत पेज 3 पर...**

## भारत और अमेरिका की बीच परस्पर लाभकारी बीटीए के लिए बातचीत जारी

पायनियर संवाददाता ‹ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



भारत ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत पर पारस्परिक शुल्क लगाने की चेतावनी पर संयमित प्रतिक्रिया में कहा कि वह द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के लिए रूपरेखा तैयार करने के लिए अमेरिका के साथ सक्रिय रूप से काम कर रहा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यहां अपनी नियमित मीडिया ब्रीफिंग में ट्रम्प के बयानों के बारे में पूछे जाने पर कहा, भारत और अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर बातचीत को आगे बढ़ाने की प्रक्रिया में हैं। दोनों सरकारें बीटीए के लिए रूपरेखा तैयार करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही हैं, जिसका उद्देश्य व्यापार का विस्तार करना, बाजार पहुंच को बढ़ाना, शुल्कीय और गैर-शुल्कीय बाधाओं को कम करना और आपूर्ति श्रृंखला एकीकरण को गहरा करना होगा। जायसवाल ने कहा, इस प्रयास में, हमारे वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (पीयूष गोयल) 3-7 मार्च तक अमेरिका के दौरे पर थे, जहां उन्होंने अमेरिकी वाणिज्य सचिव और अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि से मुलाकात की।



# योगी ने एसएलएमजी बेवरेजेज के अयोध्या प्लांट के विस्तार का किया उद्घाटन

एजेंसी ➤ अयोध्या
www.dailypioneer.com



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में कोका-कोला के प्रमुख बॉटलिंग पार्टनर एसएलएमजी बेवरेजेज के मौजूदा निर्माण सुविधा के विस्तार का उद्घाटन किया। एसएलएमजी बेवरेजेज के तहत काम करने वाली अमृत बॉटलर्स प्राइवेट लिमिटेड के इस विस्तार से क्षेत्र के औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने, स्थानीय रोजगार और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। लखनऊ स्थित एसएलएमजी बेवरेजेज प्राइवेट लिमिटेड ने इस प्रोजेक्ट के लिए 350 करोड़ रुपये का निवेश किया है। यह कंपनी 2030 तक उत्तर प्रदेश और बिहार में अपनी उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए 1 अरब डॉलर तक निवेश करने की योजना बना रही है। इस एडिशनल निवेश से अमृत बॉटलर्स प्राइवेट लिमिटेड की उत्पादन क्षमता दोगुनी हो जाएगी, जो 1,894 बोतल प्रति मिनट से बढ़कर 3,724 बोतल प्रति मिनट हो जाएगी। इससे अमृत बॉटलर्स कोका-कोला के विविध पेय पोर्टफोलियो, जैसे कोका-कोला, थम्स अप, लिम्का, फैंटा, स्प्राइट, किनले और माज़ा मिनट मेड की बढ़ती मांग को पूरा करने में सक्षम होगा। अधिकारियों का दावा है कि इस विस्तार से रोजगार के अवसरों में भी बड़ा इजाफा होगा। इससे 900 नई नौकरियां सृजित होंगी और प्लांट में कर्मचारियों की कुल संख्या 2,500 हो जाएगी। प्रत्यक्ष रोजगार के अलावा, यह प्रोजेक्ट लॉजिस्टिक्स, रिटेल और संबंधित क्षेत्रों में हजारों अप्रत्यक्ष नौकरियां भी पैदा कर सकता है, जो उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देगा। इस अवसर पर अमृत बॉटलर्स और एसएलएमजी बेवरेजेस के निदेशक राकेश लधानी ने कहा, अयोध्या में हमारे प्लांट का विस्तार, जो अब एक धार्मिक पर्यटन केंद्र बन गया है, भारत के आर्थिक विकास को समर्थन देने और पेय निर्माण में स्थिरता और नवाचार सुनिश्चित करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। बढ़ी हुई क्षमता और रोजगार सृजन के साथ, हम न केवल उत्पादन दक्षता बढ़ा रहे हैं, बल्कि उत्तर प्रदेश के लोगों के लिए नए अवसर भी पैदा कर रहे हैं। हम उत्तर प्रदेश सरकार और माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के प्रयासों के लिए आभार व्यक्त करते हैं।

## सत्ता संरक्षण में लूट का गिरोह चल रहा है: अखिलेश यादव



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। सत्ता संरक्षण में वसूली और लूट का पूरा गिरोह चल रहा है और हर विभाग में लूट मची है। उन्होने कहा कि इस वसूली और भ्रष्टाचार में सरकार के मुख्य लोगों और कई अफसरों की भी सांठगांठ है। उत्तर प्रदेश में ईज आफ डूईंग बिजनेस का यही सच है। यादव ने कहा कि औद्योगिक विकास और निवेश के नाम पर संगठित भ्रष्टाचार हो रहा है। खुले आम कमीशनखोरी चल रही है। जब वसूली का खुलासा हो गया तो निलंबन का नाटक रचा जा रहा है। इस भ्रष्टाचार का अंतिम पड़ाव अधिकारी नहीं कोई और है। इस खेल में बड़े-बड़े शामिल हैं। उन्होने कहा कि जब बंटवारा सही नहीं हो पाता तो मामला उजागर होता है। भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार की जड़ें गहराई तक जम चुकी है। इन्वेस्ट यूपी से लेकर थाने, तहसील तक फैले भ्रष्टाचार से आम जनता त्रस्त है। यादव ने कहा कि भाजपा के नेता और पदाधिकारी स्वयं स्वीकार करते है कि उन्होंने इतना भ्रष्टाचार पहले कभी नहीं देखा। भाजपा सरकार में एक्सप्रेस-वे परियोजनाओं से लेकर सड़को के निर्माणकार्यों तक में हर जगह लूट हो रही है।

# केंद्रीय मंत्रियों समेत 48 नेता हनी ट्रैप में फंसे कर्नाटक सरकार के मंत्री का दावा, जांच के आदेश

एजेंसी ➤ बेंगलुरु
www.dailypioneer.com



कर्नाटक की राजनीति में हनी ट्रैप के मामले ने तूल पकड़ लिया है। राज्य के विभिन्न दलों के विधायकों ने आरोप लगाया है कि कर्नाटक में राजनीतिक लक्ष्य हासिल करने के लिए हनी ट्रैप की कोशिश की जा रही है। राज्य के मंत्री के एन राजन्ना ने सदन में ये भी दावा कर दिया है कि कर्नाटक में 48 लोग हनी ट्रैप का शिकार हुए हैं और उनके अश्लील वीडियो शेयर किए गए हैं। राजन्ना ने ये भी दावा किया है कि कई केंद्रीय मंत्री भी इसके जाल में फंसे हैं। हनी ट्रैप की शिकायत के बाद कर्नाटक के गृह मंत्री परमेश्वर ने इन मामलों की हाई लेवल जांच का आश्वासन दिया है।

### मंत्री के एन राजन्ना ने क्या बताया?

कर्नाटक के सहकारिता मंत्री के एन राजन्ना ने कहा– ''लोग कहते हैं कि कर्नाटक में सीडी (कॉम्पैक्ट डिस्क) और पेन ड्राइव बनाने वाली फैक्टरी है। मुझे पता चला है कि राज्य में 48 लोगों की सीडी और पेन ड्राइव मौजूद हैं। यह नेटवर्क पूरे भारत में फैला हुआ है और कई केंद्रीय मंत्री भी इसके जाल में फंसे हैं।'' इससे पहले राज्य के लोक निर्माण मंत्री जारकीहोली ने भी दावा किया था कि राज्य के एक मंत्री पर हनी ट्रैप के दो असफल प्रयास किये गये हैं। जारकीहोली ने पत्रकारों से कहा कि यह कर्नाटक में 'हनी ट्रैप' की पहली घटना नहीं है।'

### गृह मंत्री ने दिया जांच का आश्वासन

हनी ट्रैप के मुद्दे पर मचे बवाल पर राज्य के गृह मंत्री परमेश्वर ने मामलों की उच्चस्तरीय जांच का भरोसा दिया है। गृह मंत्री ने विधानसभा में कहा, ''यदि हमें अपने सदस्यों की गरिमा बनाए रखनी है तो हमें ऐसी घटनाओं पर रोक लगानी होगी। यह एक गंभीर मुद्दा है।'' उन्होंने कहा, ''मैं इसकी उच्चस्तरीय जांच का आदेश दूंगा।''

### सीएम सिद्धारमैया क्या बोले?

कर्नाटक विधानसभा में विपक्ष ने मंत्रियों और राजनीतिक नेताओं को हनीट्रैप में फंसाने के प्रयास के आरोपों की न्यायिक जांच की मांग की है। इस मांग पर मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा– एक बार शिकायत दर्ज होने के बाद, जांच की जाएगी। किसी को बचाने का कोई सवाल ही नहीं है। गृह मंत्री डॉ जी परमेश्वर ने पहले ही उच्च स्तरीय जांच के आदेश दे दिए हैं।

### भाजपा ने क्या कहा?

कर्नाटक के एक मंत्री पर हनी ट्रैप के प्रयास के आरोपों पर, भाजपा नेता सी.टी. रवि ने कहा– सतीश जरकीहोली सबसे नेताओं में से एक हैं। वह सबसे प्रमुख नेताओं में से एक हैं। यदि उन्होंने बयान दिया है तो यह सच बात होगी।

# मुस्लिम ठेकेदारों को चार फीसदी आरक्षण 'खुलेआम तुष्टीकरण की राजनीति' : विजयेंद्र

एजेंसी ➤ बेंगलुरु
www.dailypioneer.com

कर्नाटक प्रदेश भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष विजयेंद्र येदियुरप्पा ने कांग्रेस के नेतृत्व वाली राज्य सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि सरकारी निविदाओं में मुस्लिम ठेकेदारों को चार फीसदी आरक्षण देने का फैसला 'खुलेआम तुष्टीकरण की राजनीति' है। येदियुरप्पा ने संवाददाताओं से कहा, मुख्यमंत्री ने बार–बार कहा है कि सरकारी निविदाओं में चार प्रतिशत आरक्षण मुसलमानों को दिया जायेगा। सवाल यह है कि सिर्फ मुसलमानों को ही क्यों? सभी समुदायों के समर्थन से सत्ता में आए मुख्यमंत्री ने अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को क्यों भुला दिया और कर्नाटक में हिंदुओं के साथ हो रहे अन्याय की उपेक्षा क्यों की। उन्होंने आरोप लगाया कि विदेश में पढ़ने वाले मुस्लिम छात्रों के लिए वित्तीय सहायता 20 लाख से बढ़ाकर 30 लाख कर दी गयी है, जबकि मुस्लिम महिलाओं के आत्मरक्षा प्रशिक्षण के लिए धन आवंटित किया गया है। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा, कर्नाटक और पूरे देश में लव जिहाद से सबसे ज़्यादा हिंदू महिलाएं प्रभावित हैं। फिर मुस्लिम महिलाओं की आत्मरक्षा के लिए ख़ास तौर पर पैसे क्यों आरक्षित किए जा रहे हैं। क्या मुख्यमंत्री भूल गए हैं कि वे सिर्फ़ मुसलमानों के नहीं बल्कि कर्नाटक के मुख्यमंत्री हैं। उन्होंने राज्य सरकार पर बहुसंख्यक समुदाय के कल्याण की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए चेतावनी दी कि भाजपा भ्रष्ट और अल्पसंख्यक तुष्टिकरण से प्रेरित सरकार के ख़िलाफ़ राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन करेगी। उन्होंने समाज के हर वर्ग को वित्तीय सहायता दिये जाने की मांग की। भाजपा नेता ने वरिष्ठ कांग्रेस विधायक एवं सहकारिता मंत्री केएन राजन्ना द्वारा उल्लिखित हनी ट्रैप विवाद पर भी चिंता जतायी। उन्होंने कहा, उन्होंने खुलासा किया कि राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर 48 नेता इस हनी ट्रैप का शिकार हुए हैं। गृह मंत्री ने शुरू में कहा था कि मामले की जांच की जाएगी।

## तिग्गा ने सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल व खेल स्टेडियम के लिए केंद्र से मांगी मदद

**अलिपुरद्वार।** पश्चिम बंगाल के अलिपुरद्वार जिले में स्वास्थ्य और खेल सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, भारतीय जनता पार्टी सांसद मनोज तिग्गा ने केंद्र सरकार से सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल और बहुउद्देशीय खेल स्टेडियम के निर्माण के लिए 100 प्रतिशत ग्रांट-इन-ऐड की मांग की है। सांसद तिग्गा ने केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री जुएल ओराम को लिखे अपने पत्र में स्पष्ट किया कि अलिपुरद्वार एक प्रमुख आदिवासी बहुल क्षेत्र है, जहां चाय बागानों में काम करने वाले हजारों मजदूर और उनके परिवार रहते हैं। इस क्षेत्र में आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं और खेल सुविधाओं का अभाव लंबे समय से महसूस किया जा रहा है। तिग्गा ने कहा कि वर्तमान में जनजातीय समुदाय के लोगों को गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए दूर-दराज के अस्पतालों का सहारा लेना पड़ता है। एक आधुनिक सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल बनने से लोगों को अपने जिले में ही बेहतर इलाज मिल सकेगा। इससे न केवल स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ेंगी, बल्कि आपातकालीन सेवाओं तक पहुंच भी आसान होगी।

## अरुणाचल में अंतरराज्यीय ड्रग गिरोह का भंडाफोड़, दो तस्कर गिरफ्तार

एजेंसी ➤ ईटानगर
www.dailypioneer.com

अरुणाचल प्रदेश पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए के निकट चिम्पू में सक्रिय अंतरराज्यीय मादक पदार्थ तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुये दो तस्करों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से 60.4 ग्राम संदिग्ध मादक पदार्थ के साथ 40 हज़ार रुपये नकद जब्त किए हैं। ईटानगर पुलिस अधीक्षक रोहित राजबीर सिंह ने कहा कि विश्वसनीय खुफिया जानकारी पर कार्रवाई करते हुए एसडीपीओ केंगो दिर्ची के नेतृत्व में एक पुलिस दल ने ईटानगर पुलिस थाना के प्रभारी अधिकारी विवेक मौर्य, चिम्पू पीएस ओसी यू विबू कृष्णा, एसआई तामो बखांग और चिम्पू थाना टीम के साथ 20 मार्च को एक त्वरित अभियान शुरू किया। पहली गिरफ्तारी चिम्पू में हुई, जहां आरोपी विकास बर्मन, एक आदतन मादक पदार्थ तस्कर, हेरोइन बेचने का प्रयास करते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। उसके कब्जे से अवैध पदार्थ का एक पैकेट और वितरण के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला एक दोपहिया वाहन बरामद किया गया। पूछताछ के दौरान बिकाश ने खुलासा किया कि वह एक स्थानीय आपूर्तिकर्ता, जुनाकी बोजे उर्फ 'दीदी' के अधीन काम कर रहा था, जिसके पास कथित तौर पर अतिरिक्त नशीले पदार्थ थे।

# दुष्कर्म करने के प्रयास से रोकने पर गोली मारी



**भरतपुर।** राजस्थान में भरतपुर के सेवर थाना क्षेत्र के एक गांव में घर से निकली किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म करने का प्रयास विफल होने पर आरोपियों ने किशोरी के भाई को गोली मार दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि एक किशोरी को उसके पड़ोस के कुछ युवक जबरन सूने स्थान पर ले गये, इसी दौरान किशोरी के परिजन मौके पर पहुंच गये। इस पर आरोपी युवक भाग गये, लेकिन वे जब किशोरी को लेकर लौट रहे थे तो उन युवकों ने अपनी घर की छत से देशी पिस्तौल से गोली चला दी, जिसके छर्रे लगने से पीड़िता का भाई घायल हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने कुछ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## अनंतनाग में ड्रग तस्कर पर पीआईटी एनडीपीएस अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज



**श्रीनगर।** पुलिस ने जम्मू–कश्मीर के अनंतनाग जिले में नारकोटिक्स ड्रग्स साइकोट्रोपिक पदार्थ (पीआईटी-एनडीपीएस) अधिनियम में अवैध तस्करी की रोकथाम के अंतर्गत एक कथित मादक पदार्थ तस्कर के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने कहा कि सिरहामा श्रीगुफवारा निवासी इश्फाक अहमद मीर मादक पदार्थों की तस्करी में सक्रिय रूप से संलिप्त पाया गया, जो सार्वजनिक स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा है। पुलिस के एक बयान में कहा कि गहन जांच और पर्याप्त साक्ष्य एकत्रित करने के बाद, पीआईटी एनडीपीएस अधिनियम के अंतर्गत उनकी हिरासत के लिए सक्षम प्राधिकारी से आवश्यक मंजूरी प्राप्त की गई। उचित कानूनी प्रक्रियाओं को पूरा करने के बाद, आरोपी को सेंट्रल जेल कोट भलवाल, जम्मू में रखा गया।

## इज़रायली सरकार ने शिन बेट प्रमुख की बर्खास्तगी को मंजूरी दी

**यरूशलम।** इजरायली सरकार ने शिन बेट प्रमुख रोनेन बार की बर्खास्तगी को सर्वसम्मति से मंजूरी प्रदान की। यह जानकारी प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान में दी। बार का कार्यालय में अंतिम दिन 10 अप्रैल निर्धारित किया गया है, जो पहले से निर्धारित 20 अप्रैल से पूर्व है, हालांकि अगर उनके स्थान पर कोई स्थायी प्रतिस्थापन निश्चित हो जाता है तो वे इससे पहले भी पद छोड़ सकते हैं। इज़रायली मीडिया ने कहा कि इज़रायली इतिहास में यह पहली बार है कि सरकार ने शिन बेट के किसी प्रमुख को हटाया है। उनकी बर्खास्तगी को अंतिम रूप देने के लिए बैठक करीब साढ़े तीन घंटे तक चली। स्थानीय मीडिया के अनुसार, बार बैठक में उपस्थित नहीं थे, लेकिन उन्होंने एक पत्र भेजकर इस कदम की निंदा की और कहा कि यह हितों के टकराव से पूर्णतया प्रभावित है तथा प्रधानमंत्री कार्यालय पर कतर के प्रभाव के बारे में शिन बेट की जांच में बाधा डालने का 'अवैध' प्रयास है।

## बंगाल सड़क दुर्घटना में चार की मौत




एजेंसी ➤ कोलकाता
www.dailypioneer.com

पश्चिम बंगाल के हावड़ा जिले में एक मिनी ट्रक के पुल से करीब 40 फुट नीचे गिर जाने से चार लोगों की मौत हो गयी तथा दो अन्य घायल हो गये। पुलिस ने बताया कि घटना उस दौरान हुई, जब एक मिनी ट्रक हावड़ा के अंकुरहाटी थोक बाजार जा रहा था। रास्ते में ट्रक का टायर फट गया, जिसके कारण वाहन अनियंत्रित होकर पुल से 40 फुट नीचे गिर गया। इसमें सवार छह लोग घायल हो गये। उन्हें उत्तरपाड़ा जनरल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने चार को मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान अभी नहीं हो पाई है। दुर्घटना की जांच कर रहे बल्ली पुलिस थाने ने बताया कि मिनी ट्रक उत्तर 24 परगना के हाबरा से आ रहा था।

## आयरैंड के मंत्री जेम्स लॉलेस ने स्टालिन से की मुलाकात

एजेंसी ➤ चेन्नई
www.dailypioneer.com

आयरलैंड के उच्च शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार एवं विज्ञान मंत्री जेम्स लॉलेस तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन से मुलाकात की। इससे, आयरलैंड के सहयोग को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को मजबूत किया गया। उनकी चर्चा का मुख्य ध्यान शैक्षिक साझेदारियों को बढ़ावा देने, निवेश के अवसरों का विस्तार करने और आयरलैंड को तमिलनाडु के व्यवसायों के लिए यूरोपीय बाजारों में प्रवेश का एक रणनीतिक द्वार बनाने पर था। यह बैठक भारत-आयरलैंड के राजनयिक संबंधों के 75 वर्षों में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है, क्योंकि मंत्री जेम्स लॉलेस तमिलनाडु का दौरा करने वाले आयरलैंड के पहले मंत्री हैं। उनकी उद्घाटन यात्रा आयरलैंड की राज्य के साथ संबंधों को मजबूत करने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है, खासकर शिक्षा, व्यापार और निवेश के क्षेत्र में! यह यात्रा आयरलैंड की व्यापक वैश्विक पहुंच पहल का हिस्सा है। आयरलैंड के दूतावास की ओर से आयरिश व्यापार एजेंसियों आईडीए आयरलैंड और एंटरप्राइज आयरलैंड के सहयोग से आयोजित इस यात्रा का उद्देश्य द्विपक्षीय संबंधों को गहरा करना और प्रमुख क्षेत्रों में आपसी विकास को बढ़ावा देना है। मंत्री जेम्स लॉलेस ने कहा, चेन्नई शहर का दौरा करना एक शानदार अनुभव रहा है। यहां विकास, नवाचार और आर्थिक प्रगति की गति वास्तव में उल्लेखनीय है। आयरलैंड और भारत के बीच गहरे संबंध हैं।

## प्रस्तावित परिसीमन के विरोध में राजनीतिक दलों के नेता और राज्यों के मुख्यमंत्री होंगे शामिल: स्टालिन

एजेंसी ➤ चेन्नई
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी नीत केंद्र की ओर से जनसंख्या के आधार पर प्रस्तावित परिसीमन के विरोध में आयोजित संयुक्त कार्रवाई समिति (जेएसी) की महत्वपूर्ण बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता और राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल होंगे। तमिलनाडु में सत्तारुढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने बैठक की पूर्व संध्या पर अपने संदेश में कल के दिन को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह हमारी सामूहिक यात्रा में निर्णायक क्षण होगा। उन्होंने कहा कि यह केंद्र द्वारा उन राज्यों को दंडित करने का प्रयास है, जिन्होंने जनसंख्या नियंत्रण उपायों को प्रभावी ढंग से लागू किया है और राष्ट्र के विकास, वृद्धि और प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने जोर दिया कि तमिलनाडु की पहल के रूप में शुरू हुआ यह आंदोलन अब राष्ट्रीय आंदोलन बन गया है, जिसमें पूरे भारत के राज्य निष्पक्ष प्रतिनिधित्व की मांग के लिए हाथ मिला रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, यह हमारी सामूहिक यात्रा में एक निर्णायक क्षण होगा। यह एक बैठक से कहीं अधिक है और एक आंदोलन की शुरुआत है जो देश के भविष्य को आकार देगा। निष्पक्ष परिसीमन पर संयुक्त कार्रवाई समिति (जेएसी) की बैठक में शामिल होने वाले केरल, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और पंजाब के नेताओं का हार्दिक स्वागत करते हुए उन्होंने कहा कि गत 05 मार्च को आयोजित सर्वदलीय बैठक एक ऐतिहासिक क्षण था, जहां तमिलनाडु के 58 पंजीकृत राजनीतिक दल अपने मतभेदों को दूर करके एक ही उद्देश्य-निष्पक्ष परिसीमन के लिए एक साथ आये। उन्होंने कहा, यह व्यापक सहमति लोकतंत्र और न्याय के प्रति तमिलनाडु की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है। स्टालिन का तर्क है कि वर्तमान जनसंख्या के आधार पर परिसीमन से तमिलनाडु में लोकसभा सीटों की संख्या मौजूदा 39 से घटकर 31 हो जायेगी।

# जिस ललिता की हत्या के आरोप में डेढ़ साल से सजा काट रहे 4 आरोपी, वह 18 महीने बाद वापस लौटी

एजेंसी ➤ मंदसौर
www.dailypioneer.com




मंदसौर जिले की भानपुरा तहसील में हैरान करने वाला मामला सामने आया है। एक महिला अपने घर वापस लौट आई, जबकि उसके परिजन डेढ़ साल पहले ही उसका अंतिम संस्कार कर चुके हैं। अहम बात यह है कि इस महिला की हत्या के आरोप में चार आरोपी डेढ़ साल से जेल में भी बंद हैं। मृतक महिला ललिता बाई ने 18 महीने के बाद भानपुरा तहसील के गांधी सागर थाने में प्रस्तुत होकर अपने जिंदा होने का बयान दिया।

ललिता के पिता रमेश नानूराम बांछड़ा ने बताया कि दिनांक 9 सितंबर 2023 को एक वीडियो के माध्यम से उन्होंने थाना थांदला में जाकर संपर्क किया था। यहां पर उन्होंने पाया कि जो क्षतिग्रस्त शव मिला था, वह उनकी ही बेटी ललिता का था। क्योंकि उसके हाथ पर नाम गुदा हुआ था और पैर में एक काला डोरा बांधा हुआ था। वह हूबहू उनकी बेटी जैसी ही प्रतीत हो रही थी। परिवार जनों ने शव लेकर दाह संस्कार और उठावने, मौसर का कार्यक्रम भी कर दिया। थांदला पुलिस ने हत्या का प्रकरण दर्ज कर चार आरोपियों को जेल भेज दिया। पुलिस ने भानपुरा के इमरान, शाहरुख, सोनू और एजाज को आरोपी बनाकर जेल भेज दिया था। करीबन डेढ़ वर्ष बाद मृत हुई ललिता अपने घर (भानपुरा तहसील, ग्राम नावली) वापस आ गई। पिता ने उसको जीवित देखा तो तुरंत गांधी सागर थाना लेकर पहुंचा, उसके जीवित होने की सूचना दी। ललिता ने बताया मैं शाहरुख के साथ भानपुरा गई थी। वहां, दो दिन रहने के बाद उसने दूसरे शाहरुख को मुझे बेच दिया तो मैं दूसरे शाहरुख के साथ कोटा में ही डेढ़ साल तक रही। जैसे ही मुझे मौका मिला, मैं भाग कर अपने गांव आ गई और अपने पिता को अपने साथ हुई घटना की जानकारी दी। ललिता ने अपना आधार कार्ड, वोटर आईडी कार्ड आदि दस्तावेज दिखाए। ललिता के दो बच्चे भी हैं, डेढ़ साल बाद अपनी मां को जीवित देखकर बेटी प्रफुलित है। उनकी खुशी का कोई ठिकाना नहीं है। गांधी सागर थाना प्रभारी तरुण भारद्वाज ने कहा दो–चार दिन पहले ललिता हमारे थाने में आकर अपने जीवित होने की सूचना दी। हमने तुरंत गांव में पड़ोसी और परिवारवालों से वेरीफाई करवाया कि यह वही लडक़ी है। गांव वालों और परिवारजनों ने इसकी पुष्टि की है कि यह ललिता ही है, जिसकी सूचना हमने उच्च अधिकारी व थांदला थाने को भी दे दी है।

# अमेरिका और दक्षिण कोरिया के संयुक्त सैन्य अभ्यास से बौखलाए उत्तर कोरिया ने दाग दी विमानभेदी मिसाइल

एजेंसी ➤ सियोल
www.dailypioneer.com

उत्तर कोरिया है कि मानता ही नहीं। दक्षिण कोरिया और अमेरिका की एक हरकत से उत्तर कोरिया बौखला गया। उसने आनन–फानन में विमानभेदी मिसाइल दाग दी। बताया जा रहा है कि अमेरिका और दक्षिण कोरिया ने संयुक्त अभ्यास के तहत कई सुरंगों को उड़ा दिया। इससे उत्तर कोरिया को अपने परमाणु हथियारों के नष्ट होने का खतरा सताने लगा है। लिहाजा उसने नई परमाणु भेदी मिसाइल दाग दी। उत्तर कोरिया के इस कदम से उसके पड़ोसी देश समेत अमेरिकी खेमे तक में हडक़ंप मच गया है। उत्तर कोरिया ने अबकी बार नयी विमान भेदी मिसाइलों का परीक्षण करने का दावा किया है। बता दें कि उत्तर कोरिया ने ऐसे समय में यह दावा किया है जब उसकी सेना ने अमेरिका और दक्षिण कोरिया के संयुक्त सैन्य अभ्यासों के खिलाफ गंभीर कदम उठाने की हाल में धमकी दी है।

### उत्तर कोरिया और दक्षिण कोरिया में है घातक दुश्मनी

उत्तर कोरिया के तानाशाह और खूंखार शासकों में शुमार किम जोंग उन अपने एक से बढक़र एक कारनामों से साउथ कोरिया से लेकर अमेरिका तक के लिए सिरदर्द बने हुए हैं। उत्तर कोरिया का रिश्ता दक्षिण कोरिया और अमेरिका के साथ 'तू डाल–डाल और मैं पात–पात' वाला है। दक्षिण कोरिया और अमेरिका अगर उत्तर कोरिया के खिलाफ 2 कदम आगे चलते हैं तो किम जोंग उन इन दोनों देशों से 4 कदम आगे बढ़ जाते हैं। यही वजह है कि उत्तर कोरिया बात–बात पर मिसाइल दाग देता है।

### दक्षिण कोरिया और अमेरिका पर क्यों भडक़ता है उत्तर कोरिया

दक्षिण कोरिया से उत्तर कोरिया की दुश्मनी वैसे तो बहुत पुरानी है। मगर अमेरिका से उसकी दुश्मनी दक्षिण कोरिया के अमेरिकी सपोर्ट के चलते है। लिहाजा जब कभी अमेरिका और दक्षिण कोरिया मिलकर सैन्य अभ्यास करते हैं तो उत्तर कोरिया इन सैन्य अभ्यासों को उस पर हमले के अभ्यास के तौर पर देखता है। लिहाजा वह इसका जवाब नए मिसाइल परीक्षणों से देता है। उत्तर कोरिया की आधिकारिक 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' ने कहा कि देश के नेता किम जोंग उन की निगरानी में बृहस्पतिवार को ये मिसाइल परीक्षण किए गए। उसने कहा कि ये मिसाइल उत्तर कोरिया के लिए ''एक और प्रमुख रक्षा हथियार प्रणाली'' हैं।

### उत्तर कोरिया को है अपने परमाणु हथियारों के नष्ट होने का डर

इन दोनों देशों के अधिकारी अपने संयुक्त सैन्य अभ्यास को रक्षात्मक प्रकृति का बताते हैं, लेकिन उत्तर कोरिया इसे अपनी सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा बताता रहा है। उत्तर कोरिया के रक्षा मंत्रालय ने आरोप लगाया कि अमेरिका और दक्षिण कोरिया के संयुक्त सैन्य अभ्यास में उत्तर कोरिया के परमाणु हथियारों को नष्ट करने के मकसद से भूमिगत सुरंगों को ध्वस्त करने का अभ्यास किया गया।

# 26 में से 18 माओवादियों की हुई शिनाख्त, मारे गए नक्सलियों में 14 महिला नक्सली शामिल

पायनियर संवाददाता ◄ बीजापुर
www.dailypioneer.com






पुलिस अधीक्षक बीजापुर डॉ. जितेन्द्र कुमार यादव ने बताया गया कि पश्चिम बस्तर डिवीजन के काय 2, प्लाटून नं. 13 और दरभा डिवीज़न के सशस्त्र माओवादियों के दंतेवाड़ा और बीजापुर के सरहदी क्षेत्र में उपस्थिति की आसूचना पर नक्सल विरोधी सर्च अभियान में बीजापुर डीआरजी, बस्तर फाइटर, एसटीएफ, डीआरजी सुकमा कोबरा, और केरिपु की टीम थाना गंगालूर क्षेत्रान्तर्गत तोड़का, पीड़िया, अंडरी की ओर रवाना हुई थी।

अभियान के दौरान 20 मार्च के प्रातः लगभग 07:00 बजे थाना गंगालूर क्षेत्रान्तर्गत अंडरी के जंगल में डीआरजी, बस्तर फाइटर, सटीएफ की संयुक्त पार्टी एवं माओवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई, जो शाम तक रूक-रूक कर चलती रही। मुठभेड़ समाप्ति उपरांत सभी टीमों द्वारा सर्च करने पर वर्दीधारी 14 महिला एवं 12 पुरूष कुल 26 हार्डकोर वर्दीधारी माओवादियों का शव हथियार सामग्री सहित बरामद किया गया, मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा मे एके 47, स्नाई पर एसएलआर, इंसास रायफल नक्सलियों द्वारा निर्मित रॉकेट लांचर, बीजीएल लांचर हथियार एवं विस्फोटक पदार्थ बरामद हुआ। पुलिस उप महानिरीक्षक, दंतेवाड़ा रेंज दंतेवाड़ा द्वारा बताया गया कि मुठभेड़ में शहीद डीआरजी के आरक्षक राजूराम ओयाम, निवास ग्राम बोड़गा थाना भैरमगढ जिला बीजापुर की पार्थिव शरीर जिला मुख्यालय बीजापुर लाया गया। शहीद जवान को नया लाईन स्थित शहीद वाटिका में श्रद्धांजलि दी गई। पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज सुन्दरराज पी. द्वारा बताया गया कि सरकार के मंशा के अनुसार और जनता की इच्छा के अनुसार पुलिस मुख्यालय के मार्गदर्शन में बस्तर रेंज में तैनात डीआरजी, एसटीएफ, बस्तर फाईटर्स, कोबरा, सीआरपीएफ, बीएसएफ, आईटीबीपी, सीएएफ और अन्य समस्त सुरक्षा बल सदस्यों द्वारा मजबूत मनोबल एवं स्पष्ट लक्ष्य के साथ बस्तर क्षेत्र की शांति, सुरक्षा व विकास हेतु समर्पित होकर कार्य किया जा रहा है। वर्ष 2025 में बस्तर संभाग अंतर्गत सुरक्षा बलों द्वारा प्रभावी रूप से प्रतिबंधित एवं गैर कानूनी सीपीआई माओवादी संगठन के विरूद्ध माओवादी विरोधी अभियान संचालित किये जाने के परिणाम स्वरूप विगत 80 दिनों में कुल 97 हार्डकोर माओवादियों के शव बरामद किये गये। जिसमें जिला- बीजापुर में विगत 80 दिनों में 82 माओवादियों का शव बरामद हुआ है। मुठभेड़ में मारे गये 18 माओवादियों की शिनाख्त हुई है, शेष मारे गये माओवादियों की पहचान की जा रही है।

पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज, सुंदरराज पी, उप पुलिस महानिरीक्षक दंतेवाड़ा रेंज कमलोचन कश्यप, पुलिस अधीक्षक बीजापुर डॉ. जितेन्द्र कुमार यादव, कमांडेंट कोबरा 210 अशोक कुमार, अति. पुलिस अधीक्षक एसटीएफ जयंत वैष्णव एवं पुलिस व केरिपु बल के अन्य अधिकारियों द्वारा रक्षित केन्द्र बीजापुर में मुठभेड़ के सबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि जिला बीजापुर और दंतेवाड़ा के सरहदी क्षेत्र में पश्चिम बस्तर डिवीजन के काय 2, प्लाटून नं. 13 और दरभा डिवीज़न के सशस्त्र माओवादियों की उपस्थिति की आसूचना पर डीआरजी, बस्तर फाईटर्स, एसटीएफ, डीआरजी सुकमा, कोबरा और सीआरपीएफ की टीम थाना गंगालूर क्षेत्रान्तर्गत तोड़का, पीड़िया, अंडरी की ओर रवाना हुई थी। अभियान के दौरान सुरक्षा बलो की कार्यवाही में 14 महिला सहित 26 वर्दीधारी माओवादियों को सुरक्षा बलो ने मार गिराया। विगत दिनों में सुरक्षा बलों के द्वारा लगातार माओवादी विरोधी अभियानों में वृद्धि हुई है और माओवादियों का प्रभाव इलाका में लगातार कमी आ रही है। लगातार अंदरूनी इलाके मे कैम्प खोले जा रहे है एवं विकास के साथ साथ अन्य कल्याणकारी योजनाएं अंदरूनी इलाको तक पहुंच रही है। माओवादी संगठन में भी आंतरिक कलह लगातार बढ़ रही है, जिसमें पार्टी सदस्य शक के आधार पर एक दूसरे की हत्या भी कर रहे है। अब माओवादियों के पास आत्मसमर्पण के अलावा कोई विकल्प नही बचा है। हम सभी समाज के भटके हुए माओवादियों से अपील करते है कि - माओवादी विचारधारा को त्यागकर समाज की मुख्यधारा में शामिल हों और सामाजिक एवं पारिवारिक जीवन की शुरुआत करें। हिंसा का रास्ता छोड़कर छत्तीसगढ़ शासन की पुनर्वास नीति का लाभ लेने का समय आ गया है। छत्तीसगढ़ शासन की पुनर्वास नीति माओवादियों को आत्मसमर्पण करने और समाज में शांतिपूर्ण जीवन जीने का अवसर प्रदान करती है। अब समय आ गया है कि माओवादी विचारधारा को त्यागकर समाज की मुख्यधारा में शामिल हों और सामाजिक एवं पारिवारिक जीवन की शुरुआत करें।

# नारायणपुर जिला स्तरीय बस्तर पंडुम माहका इंडोर स्टेडियम में आज

पायनियर संवाददाता ◄ नारायणपुर
www.dailypioneer.com



जनजातीय बाहुल्य बस्तर संभाग की अद्भुत कला और संस्कृति को संरक्षित और संवर्धित करने के उद्देश्य से इस वर्ष बस्तर पंडुम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में नारायणपुर एवं ओरछा विकासखण्ड स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जहां पर आदिवासी संस्कृति, लोक कला सहित सात विधाओं में चयनित दल 22 मार्च को माहका इंडोर स्टेडियम नारायणपुर में आयोजित नारायणपुर जिला स्तरीय बस्तर पंडुम महोत्सव में अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। इस आयोजन में मुख्य अतिथि वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास, संसदीय कार्य एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद महेश कश्यप करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष नारायण मरकाम, नगरपालिका अध्यक्ष इंद्रप्रसाद बघेल, जनपद पंचायत अध्यक्ष पिंकी उसेण्डी, नरेश कोर्राम, जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रताप मण्डावी, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत चैतुराम कुमेटी और मंगड़ूराम नूरेटी शामिल होंगे। कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं ने जिला स्तरीय बस्तर पंडुम के आयोजन की तैयारियों के संबंध में जिला कार्यालय में संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए संपूर्ण तैयारियों को पूर्ण करने निर्देशित किया। बैठक में जिला पंचायत सीईओ आकांक्षा शिक्षा खलखो, अपर कलेक्टर बीरेन्द्र बहादुर पंचभाई, एसडीएम अभयजीत मण्डावी, सीएमएचओ डॉ. एसएस राज, सहायक आयुक्त राजेन्द्र सिंह, जनपद सीईओ एलएन पटेल, सीएमओ नगरपालिका आशीष कोर्राम, सहायक संचालक उद्यानिकी तोषण चंद्राकर सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य जनजातीय कला, लोककला, शिल्प, तीज-त्यौहार, खानपान, बोली-भाषा, रीति-रिवाज, वेश-भूषा, आभूषण, वाद्य यंत्र, पारंपरिक नृत्य, गीत-संगीत, नाट्य, व्यंजन और पेय पदार्थों के मूल स्वरूप को संरक्षित करना और कला समूहों के सतत विकास को प्रोत्साहित करना है। ज्ञात हो कि पूर्व में भी बस्तर पंडुम के नारायणपुर एवं ओरछा विकासखंड स्तरीय आयोजनों के साथ ही नारायणपुर जिला स्तरीय आयोजन को लेकर जिला पंचायत सीईओ एवं कार्यक्रम की जिला नोडल अधिकारी आकांक्षा शिक्षा खलखो ने अपने कार्यालय में संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए व्यापक जायजा लिया था।

# महिला संगठन किरंदुल ने मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस




पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में किरंदुल महिला संगठन के तत्वाधान में एनएमडीसी किरंदुल परियोजना के मंगल भवन में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया। महिला संगठन किरंदुल के द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम में नगर की महिलाओं ने नारी सशक्तिकरण और महिलाओं के अधिकारों पर अपने अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान प्रेरणा महिला समिति की अध्यक्ष मंजू साही, किरंदुल नगर पालिका अध्यक्ष रूबी सिंह, उप महाप्रबंधक कार्मिक के एल नागवेणी, पार्षद लीना सोनी, पार्षद इला पटेल, पार्षद गायत्री साहू, शिक्षिका तेजेंदर कौर, शिक्षिका नीति सिंह के साथ महिला संगठन किरंदुल की संरक्षक बसंत रानी संधू, महिला संगठन किरंदुल की अध्यक्ष अनिल राजी मोल, महिला संगठन किरंदुल की सचिव भावना सर्वदे सहित सैकड़ों की संख्या में नगर की महिलाओं की उपस्थिति रही।

# मधुमक्खी पालन और वनों के संरक्षण पर विशेष प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com




बस्तर हनी प्रगति प्रयास मधुमक्खी पालन संस्था ने कांकेर जिले के महानदी फूड प्रोड्यूसर कंपनी (महानदी एफपीओ) के प्रतिनिधियों और किसानों के लिए एक विशेष एक्सपोजर विजिट का आयोजन किया। इस दौरे का उद्देश्य मधुमक्खी पालन की नवीनतम तकनीकों, वनों के संरक्षण और जैव विविधता को बनाए रखने के महत्व को समझाना था। बस्तर हनी के निदेशक राम नरेंद्र ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा, मधुमक्खियां न केवल पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, बल्कि उनके संरक्षण से वनों की फसलों की उत्पादकता में लगभग 30 प्रतिशत तक वृद्धि हो सकती है। हमें मधुमक्खियों को बचाने और जंगलों को आग से सुरक्षित रखने के लिए सामूहिक प्रयास करने होंगे। इस अवसर पर कांकेर जिले के किसानों ने मधुमक्खी पालन की बारीकियों को समझा और जाना कि मधुमक्खियों का अस्तित्व मनुष्य के जीवन के लिए कितना महत्वपूर्ण है। उन्होंने बस्तर हनी द्वारा संचालित प्रोसेसिंग यूनिट और शहद संग्रहण की प्रक्रिया का अवलोकन किया। राम नरेंद्र ने बताया कि बस्तर हनी 200 से अधिक महिलाओं के साथ मधुमक्खी पालन में सक्रिय है। यह संस्था सुकमा, बीजापुर, दंतेवाड़ा, नारायणपुर, जगदलपुर, कांकेर और कोंडागांव जैसे जिलों में शहद संग्रहण और विपणन का कार्य करती है। हाल ही में, संस्था को ट्रायफेड इंडिया से 28 टन शहद का ऑर्डर प्राप्त हुआ है, जो पूरे बस्तर संभाग के किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। महानदी एफपीओ के प्रतिनिधियों ने बस्तर हनी के इस नवाचार से प्रेरणा लेते हुए साझा कार्य योजनाओं पर चर्चा की। राम नरेंद्र ने आश्वस्त किया कि संस्था कांकेर जिले के किसानों को वैज्ञानिक तकनीकों और संसाधनों को हस्तांतरित करने के लिए सहयोग करेगी। इससे मधुमक्खी पालन में सुधार होगा, वनों की सुरक्षा को बढ़ावा मिलेगा और समाज को गुणवत्तापूर्ण खाद्य उत्पाद उपलब्ध होंगे। यह एक्सपोजर विजिट न केवल किसानों के लिए ज्ञानवर्धक सिद्ध हुआ, बल्कि बस्तर के अद्वितीय प्राकृतिक संसाधनों और उनकी सुरक्षा के महत्व को भी उजागर करता है।

# अधीक्षण अभियंता ने जल जीवन मिशन की समीक्षा कर कार्यों को तेजी से संचालित कर शीघ्र पूर्ण करने दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

अधीक्षण अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग कैलाश मंडरिया द्वारा गुरुवार को बस्तर जिले के अंतर्गत जल जीवन मिशन के कार्यों की विस्तृत समीक्षा कर कार्यों को तेजी के साथ संचालित कर शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने खंड जगदलपुर के अंतर्गत वर्तमान में प्रगतिरत जल प्रदाय योजनाओं को समयबद्ध रूप से चलाए जाने सहित नियमित तौर पर मॉनिटरिंग कर अद्यतन प्रगति लाने तथा नियत समय में पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए। साथ ही धीमी प्रगति वाले कार्यों के विलंब हेतु सम्बन्धित ठेकेदारों को नोटिस जारी करने के साथ ही कार्यों में जल्द अद्यतन प्रगति लाने निर्देशित करने कहा। वहीं कार्यों को तय समय-सीमा में पूर्ण करने के लिए रुचि नहीं रखने वाले ठेकेदारों के विरुद्ध नियमानुसार पेनाल्टी सहित अन्य कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए। अधीक्षण अभियंता ने जल जीवन मिशन के कार्यों में गुणवत्ता के मानकों का अनुपालन करवाने पर ध्यान केंद्रीत किए जाने कहा और सहायक अभियंताओं तथा उप अभियंताओं को निरंतर फील्ड भ्रमण कर कार्यों की मॉनिटरिंग किए जाने के निर्देश दिए। वहीं कार्यों की प्रगति एवं पूर्णता में लापरवाही बरतने वाले सम्बन्धित सहायक अभियंता तथा उप अभियंता के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही किए जाने की चेतावनी दी। उन्होंने हर घर प्रमाणीकरण कार्य में भी फोकस कर प्रगति लाने पर बल दिया और ग्राम पंचायतों से समन्वय स्थापित कर प्रक्रिया पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए। अधीक्षण अभियंता ने ग्रीष्मकालीन पेयजल व्यवस्था हेतु जल प्रदाय योजना, सोलर ड्यूल पंपों तथा हैंडपंप का समुचित संधारण करने निर्देश दिए और सुधार योग्य सोलर ड्यूल पंपों तथा हेंडपंपों का मरम्मत हेतु सघन अभियान चलाये जाने कहा।

# कार्यभार ग्रहण करते ही जनसेवा में सक्रिय हुई नगर पालिका अध्यक्ष रूबी शैलेन्द्र सिंह

पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com



वृहस्पतिवार को वैदिक तरीके से विधि विधान पूर्वक पूजन पश्चात अपना कार्यभार ग्रहण करते ही नगरपालिका अध्यक्ष रूबी शैलेन्द्र सिँह ने नगर के जनकल्याण के कार्यो हेतु त्वरित रूप से सक्रिय होते हुए सर्वप्रथम नगर के इतिहास में आयी विगत वर्ष की सबसे बड़ी त्रासदी के समाधान हेतु समुचित पहल की। बता दें कि अगस्त 2024 में लौह नगरी के इतिहास में प्रथम बार विभीषिका के रूप में आई बाढ़ ने जन जीवन को बुरी तरह से प्रभावित किया था तथा धन-सम्पत्तियों का जो नुकसान हुआ था, उस सदमें से पीड़ित नागरिक अब तक उबर नहीं पाए हैं। दुबारा इस तरह कि घटना की पुनरावृति न हो, इसके लिए कारगर कदम उठाते हुए उन्होंने कलेक्टर, अनुविभागीय अधिकारी, एनएमडीसी प्रबंधन से पत्राचार कर मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगरपालिका उपाध्यक्ष, प्रभावित वार्ड के नवनिर्वाचित पार्षदों, राजस्व अमला, एनएमडीसी के अधिकारियों की संयुक्त निरीक्षण दल के साथ एनएमडीसी के माइनिंग क्षेत्र का वह स्त्रोत जहाँ से जलधारा प्रवाहित होकर आई थी, जहाँ से बहते हुए आई, जहाँ पर जल का एकत्रीकरण होता है तथा जिस नाले के माध्यम से प्रवाहित होती है, इन सभी का प्रत्यक्ष निरीक्षण करते हुए, समस्त पहलुओं पर तकनीकी चर्चा कर समुचित निदान हेतु निदेशित किया, जिससे फिर कभी उस तरह की भीषण त्रासदी की पुनरावृति की आशंकाओं को खारिज किया जा सके। कार्यभार ग्रहण करते ही तत्काल सक्रिय होकर जनहित के कार्यों में समर्पित हो जाने की चर्चा आमजनों में है तथा नगरवासियों द्वारा इसके लिए मुक्तकन्ठ से सराहना की जा रही है। नगरपालिका अध्यक्ष रूबी शैलेन्द्र सिँह की पहल से निरीक्षण करने वाली संयुक्त समिति में जिला प्रशासन का राजस्व अमला, एनएमडीसी के अधिकारी गण, शैलेन्द्र सिँह, मुख्य नगरपालिका अधिकारी शशि भूषण महापात्रो, उपाध्यक्ष बबलू सिद्दीकी, पार्षद लक्ष्मी दिनानाथ ठाकुर देवकी ठाकुर के. साजी सहित नगरपालिका परिषद किरंदुल का अमला उपस्थित रहा।

# शीतला तालाब परिसर में चलाया गया स्वच्छता अभियान

पायनियर संवाददाता ◄ कांकेर
www.dailypioneer.com

शहर के प्राचीन शीतला तालाब परिसर में आज स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें जनप्रतिनिधियों और सभी वर्ग के लोगों ने बढ़-चढ़कर स्वच्छता अभियान में भाग लिया गया और अपनी सहभागिता निभाई। इस आशय की जानकारी देते हुए मुख्य नगरपालिका अधिकारी ने बताया कि आगामी 30 मार्च को शीतला मंदिर तालाब परिसर में होने वाले महा आयोजन गंगा आरती को देखते हुए एवं स्वच्छता के दृढ़ संकल्प को लेकर आज स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। उक्त स्वच्छता कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक द्वारा सभी का आभार व्यक्त करते हुए शहर को स्वच्छ रखने की अपील की। इस स्वच्छता अभियान में नगरपालिका उपाध्यक्ष श्री उत्तम यादव सहित पार्षदगण एवं नगरपालिका के अधिकारी-कर्मचारियों सहित वरिष्ठ एवं गणमान्य नागरिक ने भी श्रमदान किया। कार्यक्रम के अन्त में महेश जैन द्वारा उपस्थित लोगों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई।

## सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने के प्रकरण में आर्थिक सहायता स्वीकृत

**कांकेर।** अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कांकेर द्वारा सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने के प्रकरण में उनके आश्रित के लिए 25 हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। माहुरबंदपारा कांकेर निवासी मनोज पटेल की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो जाने पर उनकी पत्नी मानसी पटेल को 25 हजार रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किया गया है।

# वृहद पेयजल योजना से घर घर पहुँचेगा शिवनाथ का जल

## छह माह में योजना के प्रारंभ होने की संभावना

पायनियर संवाददाता ◄ उतई
www.dailypioneer.com



नगर पंचायत उतई में लंबे अंतराल के बाद अब नगर वासियों को वृहद पेयजल योजना के प्रारंभ होने से पानी की समस्या से निजात मिलेगी और शिवनाथ का पानी छह माह के अंतराल में ही नगर के घर घर पहुंचेगा। नगर पंचायत उतई में शुक्रवार को इस संबंध में नगर पंचायत अध्यक्ष सरस्वती नरेंद्र साहू ने नगर पंचायत उपाध्यक्ष शिवनारायण देशमुख के साथ लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी विशाल गेडाम तथा प्रकाश ठाकुर, सीएमओ राजेंद्र नायक, इंजीनियर आशीष भारती की उपस्थिति में बैठक संपन्न हुई। बैठक में सालों से लंबित इस योजना को शीघ्र प्रारंभ कर नगरवासियों को पानी की समस्या से निजात दिलाने और कितना समय लगेगा इस पर चर्चा हुई ।विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पाइप लाइन बिछाई जा चुकी है तथा एक बार ट्राइल भी किया जा चुका है। कुछ तकनीकी कारणों से इसे रोका गया था। उस तकनीकी समस्या का समाधान कर इस योजना को शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। उम्मीद जताई जा रही है आने वाले वर्ष 2026 की गर्मी के पूर्व इस योजना को पूरी तरह से पूर्ण कर दिया जायेगा। और उस गर्मी में नगर वासियों को शिवनाथ का पानी मिलेगा। नगर पंचायत अध्यक्ष सरस्वती साहू ने बताया कि छह माह का इंतजार और है इस वर्ष की गर्मी में आमजन को परेशानी ना हो इस हेतु नगर पंचायत उतई ने पूरी तैयारी कर ली है। खासकर पेयजल की समस्या बिल्कुल भी नहीं आने दी जाएगी और आने वाले एक वर्ष में वृहद पेयजल योजना को प्रारंभ कर नगर वासियों की पेयजल समस्या का स्थाई समाधान करने नगर की सरकार संकल्पित है। और इसे हम पूरा करेंगे। बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष सरस्वती साहू, उपाध्यक्ष शिवनारायण देशमुख, पार्षद सोनू राजपूत, संगीत रजक, सुनीता चंद्राकर, विजयलक्ष्मी साहू, रमशिला नेताम, खूबीराम साहू, भीमसेन सिन्हा, सीएमओ राजेंद्र नायक, इंजीनियर आशीष भारती उपस्थिति थे।

# आयुष्मान कार्ड एवं वय वंदना कार्ड पंजीयन के लिए महाअभियान 24 से 27 मार्च तक

पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर हरिस एस के निर्देशानुसार जिले में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड एवं वय वंदना कार्ड बनाए जाने के लिए महाअभियान 24 मार्च से 27 मार्च तक चलाया जाएगा। इस दिशा में स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य सहयोगी विभाग पंचायत विभाग, महिला बाल विकास, राजस्व विभाग, खाद्य, स्कूल शिक्षा, आदिवासी विकास विभाग के सहयोग से संपूर्ण बस्तर जिले में आयुष्मान कार्ड और वय वंदना कार्ड का निर्माण कार्य किया जाएगा। जिसके तहत जिले में प्रत्येक पंचायत स्तर पर और जगदलपुर शहर के सभी 48 वार्ड में स्वास्थ्य विभाग द्वारा गठित टीम के द्वारा निर्धारित स्थान पर कार्ड का निर्माण किया जाएगा। इस बारे में सीएमएचओ डॉ. संजय बसाक ने बताया कि आयुष्मान कार्ड के तहत बीपीएल राशन कार्डधारी एक परिवार के सभी सदस्यों को 5 लाख रुपए तक का प्रतिवर्ष चिकित्सकीय लाभ भारत सरकार द्वारा प्रदान किया जाता है। इसी तरह एपीएल कार्डधारी परिवार के सभी सदस्यों को प्रतिवर्ष 50 हजार रुपए तक का चिकित्सकीय लाभ दिया जाता है। इस महाभियान का मुख्य उद्देश्य वय वंदना आयुष्मान कार्ड का निर्माण किया जाना है। इस कार्ड के तहत सभी भारतीय नागरिक जिनकी उम्र 70 वर्ष या उससे अधिक हो, जिनके पास अपना आधार कार्ड हो ऐसे वरिष्ठ बुजुर्गो को 5 लाख रुपए तक का चिकित्सकीय लाभ शासन द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। इसमें उल्लेखनीय यह है कि बीपीएल परिवार के सभी सदस्यों को तो 5 लाख रुपए तक का चिकित्सकीय लाभ प्राप्त होगा ही और यदि उसी परिवार में एक भी 70 वर्ष से अधिक उम्र के सदस्य व्यक्ति हों तो उनको अलग से 5 लाख रुपए तक का चिकित्सकीय सुविधा छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित सभी शासकीय अस्पताल एवं राज्य शासन से पंजीकृत निजी अस्पताल में उपलब्ध कराया जाएगा। जिले में अब तक आयुष्मान कार्ड के निर्माण का कार्य लगभग 88 प्रतिशत पूर्ण किया जा चुका है, परंतु वृद्धजनों के लिए भारत सरकार की योजना वय वंदना कार्ड काफी कम संख्या में बनने के कारण इस हेतु महाअभियान संपूर्ण जिले में चलाया जा रहा है इस अभियान में विभाग द्वारा गठित आयुष्मान कार्ड निर्माण टीम का गठन कर संपूर्ण जिले और जगदलपुर शहर के प्रत्येक वार्ड में कार्ड का निर्माण किया जाएगा। सीएमएचओ ने आम नागरिकों से अपील करते हुए अपने घर-परिवार के 70 वर्ष या अधिक आयु वर्ग के बुजुर्ग सदस्यों का वय वंदना कार्ड बनाने के लिए अनिवार्य रूप से पंजीयन करवाएं, जिससे बुजुर्गो को शासन की निर्धारित चिकित्सकीय सुविधा की उपलब्धता सुनिश्चित किया जा सके।

# नगर पालिका में प्रेसिडेंट इन काउंसिल का किया गठन, सभापतियों की नियुक्त

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

नगर पालिका बलौदाबाजार में अध्यक्ष अशोक जैन के द्वारा कार्यो के संचालन हेतु नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 70 सह पठित धारा 43 के अधीन प्रेसिडेंट इन काउंसिल (पी.आई.सी.) का गठन किया गया। इस संबंध में सभापति के नाम के साथ सलाहकार समिती सदस्यों की भी नियुक्ति की गई है। नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन के द्वारा चयनित विभागवार सदस्य जो की नगर पालिका के निर्वाचित पार्षद होते है वे सभापति के रूप में विभागवार कार्यो का संचालन करेंगे। नगर पालिका के अध्यक्ष अशोक जैन ने नगर विकास के लिये नई योजनाओं का संचालन व विकास कार्यो में किंचीत मात्र भी कमी नहीं आने दिया जावेगा। नगर की जनता ने जीस विश्वास के साथ अध्यक्ष एवं पार्षदों का चयन किया गया है, उनके विश्वास के अनुरूप भी नगर पालिका क्षेत्र विकास व कायाकल्प प्रमुखता से किया जाना है। नगर विकास के कार्यो में लिए प्रेसिडेंट इन काउंसिल में मुख्य रूप से निम्नांकित पार्षद सभापति के रूप में चयनित किये गये। अध्यक्ष महोदय के द्वारा दिये गये सभापति एवं सदस्यगणों की सूची के उपरांत मुख्य नगर पालिका अधिकारी खिरोद्र भोई द्वारा पी.आई.सी. सदस्यों की नियुक्ति पर कार्यालयीन पत्र जारी कर सूचना दी गयी।



जितेन्द्र महाले उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार , पार्षद वार्ड क्र 21, सभापति-शिक्षा महिला एवं बाल कल्याण विभाग, अमितेश नेताम, मनोजकांत पुरेना, गौतम चैहान, मंजू होरेलाल फेकर, जितेन्द्र डड़सेना, पार्षद वार्ड क्र. 09, सभापति - लोक निर्माण आवास एवं पर्यावरण, अमितेश नेताम, गौतम चैहान, मंजू होरेलाल फेकर, सतीष पटेल, मनोजकांत पुरेना पार्षद वार्ड क्र. 10, सभापति खाद्य एवं नागरिक आपूति पुनर्वास एवं नियोजन विभाग। आदित्य गुप्ता, जितेन्द्र महाले, हरजीत सिंह सलूजा, जितेन्द्र डड़सेना, हरजीत सिंह सलूजा, पार्षद वार्ड क्र. 06, सभापति - जल कार्य विभाग रोहित साहू, आदित्य गुप्ता, मनोजकांत पुरेना, सतीष पटेल, आदित्य गुप्ता, पार्षद वार्ड क्र. 14, सभापति - स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग गौतम चैहान, जितेन्द्र महाले, रेखा पटेल, जितेन्द्र डड़सेना सतीष पटेल पार्षद वार्ड क्र. 08, सभापति - राजस्व एवं बाजार विभाग रेखा पटेल, रोहित साहू, हरजीत सिंह सलूजा, प्रिया शशिभूषण शुक्ला, प्रिया शशिभूषण शुक्ला पार्षद वार्ड क्र. 19, सभापति - विधि एवं सामान्य प्रषासन विभाग रेखा पटेल, रोहित साहू, सतीष पटेल, अमितेश नेताम।

## शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय बलौदाबाजार में विश्व गौरेय्या दिवस मनाया गया



**बलौदाबाजार।** शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय, बलौदाबाजार में आज विश्व गौरैय्य दिवस मनाया गया। यह दिवस हर वर्ष 20 मार्च को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य है गौरैय्य पक्षी के विषय में जागरूकता बढ़ाना और उनके संरक्षण के लिए प्रयत्न करना है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वासु वर्मा ने पंक्षियों के संरक्षण के उपाय बताएं तथा छात्राओं का पंक्षियों के संरक्षण करने के लिए सपथ दिलवाया कि सभी अपने घर के छतों पर दाना, पानी की व्यवस्था रखें। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्राएं शकुन, शबीना, ज्योति पैकरा, मीरा पटेल, अंजली भारती ने पंक्षियों के संरक्षण पर अपने विचार भाषण के माध्यम से प्रस्तुत किया साथ ही सानिया, श्वेता महिलांगें, संजना मारकण्डें, वर्षा, अंजली भारती, यश कुमारी, तबस्सुम खान ने कृत्रिम घोसला बनाकर महाविद्यालय परिसर में व्यवस्थित किया। सिद्धि वर्मा, वर्षा, सानिया व कमलेश्वरी के द्वारा पोस्टर प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में सुषमा दीवान सहायक प्राध्यापक प्राणीशास्त्र के द्वारा विश्व गौरैय्य दिवस के इतिहास के विषय में चर्चा किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. तुला राम साहू, राजाराम पटेल, कुलदीप द्विवेदी, प्राची जायसवाल, तथा महाविद्यालयीन छात्राएं उपस्थित रहीं।

## नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन एवं पार्षद रोहित साहू धोबी तालाब के गहरीकरण के लिए किया भूमिपूजन



पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

नगर में विकास कार्यो को गति प्रदान करते हुए स्थानीय वार्ड क्र 05 में स्थित धोबी तालाब के गहरीकरण एवं सौंदर्यीकरण कार्य का नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर श्रीफल तोड़कर कार्य शुभारंभ कराया गया, इस पूजा अर्चना व कार्य शुभारंभ के अवसर पर संबंधित वार्ड क्र. 05 के पार्षद रोहित साहू के द्वारा भी पूजन किया गया। वार्ड के निस्तारी तालाब के इस कार्य में लगभग 95 लाख रूपये की लागत से कार्य किया जाना प्रस्तावित है। कार्य के प्रारंभ होने से वार्ड वासियों में हर्ष व्याप्त है, व सभी ने वर्तमान नवनिर्वाचित अध्यक्ष अशौक जैन सहित पार्षदगणों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कार्य प्रारंभ पर सराहना व्यक्त की गई। वार्ड में स्थित उक्त तालाब के गहरीकरण एवं सौंदर्यीकरण कार्य के भूमिपूजन के अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी खिरोद्र भोई, उपअभियंता विनोद यादव सहित वार्ड के निवासी उपस्थित थें। इस अवसर पर योगेश अग्रवाल, रमाशंकर सोनी, मयाराम पाल, संतोष देवांगन, राजेश सोनी, मोहन साहू, रूद्रकुमार चंद्रवंशी, पत्रकार देवेश साहू, अलोक निषाद, मोहन साहू-ठेकेदार, हरीशचंद्र साहू, दिलीप पांजा, कमलेश साहू, गोपाल साहू, ललित साहू, ठेकेदार-महेश गुप्ता, धर्मेन्द्र देवांगन, निशांत केशरवानी, जयंत, गुरूदत्त तिवारी सहित अन्य नागरिकगण उपस्थित थे।

## खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने पेय पदार्थों की जांच हेतु ली सैंपल

### कमियों क़ो दूर करने दी गई नोटिस

पायनियर संवाददाता ➤ लवन
www.dailypioneer.com

दीपक सोनी के निर्देश में गर्मी सीजन में बिकने वाले खाद्य पदार्थ जांच खाद्य



एवं औषधि प्रशासन की टीम द्वारा की गई। इस दौरान पेय पदार्थो के गुणवत्ता हेतु सैपल लिया गया और कमियों क़ो दूर करने नोटिस दी गई। टीम के द्वारा भाटापारा के श्री साई सेल्स से हिंद पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर और ब्ल्यू पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर की गुणवत्ता एवं लेबल जांच हेतु खाद्य नमूना का लिया गया। इसी तरह मेसर्स अवधेश गुप्ता पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर प्लांट का निरीक्षण कर कमियों को दूर करने नोटिस दिए। खाद्य नमूना क़ो राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा जाएगा एवं वहां से रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## जिला प्रशासन की कार्यप्रणाली अतिशीघ्र होगी डिजिटल मोड कलेक्टर ने ई-ऑफिस प्रणाली के प्रगति की समीक्षा की

पायनियर संवाददाता ➤ लवन
www.dailypioneer.com




फाइल का एक टेबल से दूसरे टेबल पर मूवमेंट बीते दिनों की बात होने वाली है। जिला प्रशासन की कार्यप्रणाली जल्द ही पेपरलेस एवं पूरी तरह से डिजिटल होने जा रही है। कलेक्टर दीपक सोनी ने जिला प्रशासन द्वारा ई-ऑफिस प्रणाली अपनाने के लिए किये जा रहे कार्य की प्रगति के सम्बन्ध मे अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने एनआईसी के अधिकारियों क़ो सभी विभागों से आवशयक जानकारी लेकर 30 मार्च तक सभी कार्यवाही पूरी कर 31 मार्च 2025 से कार्यालयीन कार्य डिजिटल मोड़ मे प्रारम्भ करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशानुरूप कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन मे जिला प्रशासन द्वारा सभी विभागों में ई-ऑफिस प्रणाली लागू करने की कार्यवाही की जा रही है। इस प्रणाली से ऑफिस के दस्तावेज डिजिटल किए जाएंगे। इससे दस्तावेजों को एक से दूसरे ऑफिस भेजने में लगने वाला समय बचेगा। दस्तावेजों में हेर-फेर और गायब होने की आशंका नहीं रहेगी। डिजिटल माध्यम में दस्तावेज सुरक्षित रहेंगे। ई-ऑफिस प्रणाली से फाइल सिस्टम इलेक्ट्रॉनिक मूवमेंट और फाइलों की ट्रैकिंग और डेटा के संग्रह और पुर्नप्राप्ति आसान हो जाएगी। बैठक मे सी ई ओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर दीप्ति गोते, उप संचालक़ सूचना एवं विज्ञान सत्यनारयण प्रधान सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## कबीर स्मृति महोत्सव धमतरी में 5 अप्रैल को मुख्यमंत्री होंगे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि



पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

कबीर संस्थान यथार्थ फाउंडेशन धमतरी, संत कबीर सेवा संस्थान देवपुर एवं कबीर योग ध्यान व शोध संस्थान भालूकोन्हा बालोद के संयुक्त तत्वाधान में तथा छत्तीसगढ़ संत संगठन सदगुरु कबीर विश्व शांति मिशन के विशिष्ट सहयोग से धमतरी में 5 अप्रैल को परख कार्यक्रम, कबीर स्मृति महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम में सूरत गुजरात से संत गुरुभूषण साहेब का मुख्य वक्ता के रूप में पदार्पण होगा। साथ ही छत्तीसगढ़ संत संगठन व विभिन्न आश्रमों से 100 से अधिक संत साध्वियों का आगमन होगा। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं अरुण साव उपमुख्यमंत्री को संत समाज द्वारा आमंत्रित किया गया है। आगमन की प्राथमिक स्वीकृति मिल चुकी है। कार्यक्रम में अन्य मंत्री क्षेत्र के जनप्रतिनिधि विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। उक्त जानकारी आयोजन समिति द्वारा दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक संरक्षक संत रविकर साहेब अध्यक्ष छत्तीसगढ़ संत संगठन ने बताया कि कार्यक्रम की विस्तृत तैयारी चल रही है। इसके कार्य योजना के लिए 22 मार्च को 11 बजे कबीर संस्थान धमतरी में मीटिंग रखी गई है जिसमें लोगों को उपस्थिति के लिए अपील किया गया है।

## जमदरहा सरपंच ने प्राथमिक शाला जमनीडीह में कराया न्योता भोज

पायनियर संवाददाता ➤ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

जमदरहा संकुल के शासकीय प्राथमिक शाला जमनीडीह में ग्राम पंचायत सरपंच प्रीतम चतुर्वेदी के द्वारा न्योता भोजन कराया गया।इस अवसर पर बच्चों को, चावल, सब्जी, दाल, सलाद दिया गया। साथ ही साथ सभी बच्चों को परीक्षा में अच्छे नंबर लाने के लिए प्रेरित किया गया।विकासखंड शिक्षा अधिकारी जे. आर. डहरिया, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी बद्री विशाल जोल्हे, लोकेश्वर कंवर, विनोद शुक्ला एवं विकासखंड स्त्रोत समन्वयक (समग्र शिक्षा) बसना पूर्णानंद मिश्रा, संकुल समन्वयक डिजेन्द्र कुर्रे के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना अंतर्गत स्वादिष्ट एवं पौष्टि भोजन देने के लिए नेवता का भोज का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार ने प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत एक अनोखी पहल की शुरुआत की है, जिसे 'न्यौता भोजन' के नाम से जाना जाता है। यह योजना न केवल पोषण की दृष्टि से अहम है, बल्कि सामुदायिक भागीदारी और सामाजिक एकता को भी बढ़ावा देती है। उत्कृष्ट आयोजन के लिए नोडल प्राचार्य उत्तर कुमार चौधरी, प्रधानपाठक तेजस्विनी बरिहा,ग्राम पंच , शिक्षक बुधेश्वर साहू एवं ग्रामीणों ने बधाई दिए।



## पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष स्व. अंजू जैन की स्मृति में वृद्धाश्रम व जिला चिकित्सालय में किया गया फल वितरण



पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन के द्वारा धर्मपत्नी स्व. अंजू जैन पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष की स्मृति में पुत्र अक्षय जैन एवं पुत्रवधु खुशबू जैन के साथ स्थानीय वृद्धाश्रम व शासकीय चिकित्सालय में वृद्धजनों को बिस्किट, जूस एवं फलों का वितरण किया गया। व उनके अच्छे जीवन व सुखमय स्वास्थ्य की कामना की गयी। इस दौरान वृद्धजनों से मुलाकात करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने उनसे कुशलक्षेम पूछा। वृद्धाश्रम में फल एवं बिस्किट वितरण के दौरान वार्डवासियों से वार्ड में सफाई कार्य पेजयल की व्यवस्था सहित अन्य विषयों पर चर्चा करते हुए वार्ड भ्रमण किया गया। इस दौरान भाजपा नेता राहुल सोनी, गुरूदत्त तिवारी सहित अन्य वार्डवासी उपस्थित थें।

## नेत्रदान को बढ़ावा देने जनजागरूकता, प्रचार प्रसार हेतु पत्र प्रेषित

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com



धमतरीराष्ट्रीय अंधत्व एवं अल्प दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम के तहत कलेक्टर जिला धमतरी एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के दिशा निर्देश मे एवं जिला नोडल अधिकारी अंधत्व डॉ राजेश सूर्यवंशी एवं खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ यु एस नवरत्न के मार्गदर्शन मे नेत्र दान को बढ़ावा देने व जन जागरूकता लाने ब्लॉक नोडल अधिकारी अंधत्व सिविल अस्पताल कुरुद डॉ क्षितिज साहू व ब्लॉक नेत्र दान अधिकारी डॉ लोमेश कुर्रे द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कुरुद से सौजन्य भेंट कर नेत्र दान जनजागरूकता एवं प्रचार प्रसार लाने हेतु समस्त ग्राम पंचायत स्तर पर प्रचार प्रसार करने हेतु नेत्र दान पत्र प्रेषित किया गया। विकास खंड नोडल अधिकारी अंधत्व डॉ क्षितिज साहू द्वारा बताया गया कि जिले मे 50 नेत्र दान हो चूका है जिसमे कुरुद ब्लॉक मे 18 नेत्र दान किया जा चूका है। जन मानस को नेत्रदान के लिए आगे आने प्रेरित किया गया की नेत्र दान एक महान पुनित कार्य है, जो जन सहयोग से समाज मे जागरुकता लाकर ही सम्पन्न किया जा सकता है। एक व्यक्ति के नेत्र दान से दो दृष्टिहीन लोगो को दृष्टि प्रदान होती है। शासन द्वारा नेत्र दान प्रक्रिया को घोषणा मुक्त कर दिया गया है। नेत्र दाता को कोई भी घोषणा पत्र नहीं भरना पड़ता। नेत्रदाता के परिजन भी मृत्यु उपरांत नेत्र दान करवा सकते है। नेत्र दान की प्रक्रिया अत्यंत सरल है। नेत्र दान उपरांत इसमें कोई भी विकृति नहीं आती है। नेत्र दान महादान कार्य है, जन समुदाय से अपील किया गया है की अगर अपने ग्राम मे किसी भी व्यक्ति की मृत्यु होने पर मृत्यु उपरांत उनके परिजन अगर नेत्र दान करना चाहते है तो धमतरी जिले के सभी विकास खंड मे ब्लॉक नेत्र दान अधिकारी व अधीनस्थ स्वास्थ्य केन्द्र के नेत्र रोग विभाग मे नेत्र चिकित्सा सहा.अधिकारियो से संपर्क कर सकते है।

## मादक पदार्थ बेचने वाले आरोपी को तत्काल गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com



धमतरी पुलिस थाना सिटी कोतवाली को मुखबीर से सूचना मिली कि नया बस स्टैंड के पास सोयम वाधवानी नाम का व्यक्ति अपने पास प्लास्टिक झिल्ली में अंदर अवैध मादक पदार्थ हेरोईन चिट्टा रखकर बिक्री हेतु ग्राहक तलाश कर रहा है। सूचना पर तत्काल कोतवाली पुलिस जाकर घेराबंदी कर आरोपी सोयम वाधवानी पिता विजय वाधवानी उम्र 19 वर्ष नयापारा वार्ड धोबी चौक धमतरी थाना सिटी कोतवाली को पकड़कर आरोपी सोयम वाधवानी के कब्जे से हेरोईन चिट्टा प्लास्टिक झिल्ली में बंधा हुआ मादक पदार्थ जिसका वजन पॉलीथीन सहित 01 ग्राम कीमत 10,000 रूपये एवं दो नग मोबाईल कीमत 10,000 रूपये कुल कीमत 20,000 रूपये को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना सिटी कोतवाली में 78/25, धारा 21-I, एनडीपीएस एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में थाना सिटी कोतवाली से सउनि हेंमत ध्रुव, आर डायमंड यादव, चंदर जमदार, मुकेश सिन्हा का विशेष योगदान रहा।

## डीएसपी ट्रैफिक, थाना प्रभारी, चीता स्क्वॉड, क्यूआरटी टीम द्वारा किया बाईक पेट्रोलिंग





पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय ने अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने एवं शांति व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने, विजिबल पुलिसिंग करने सभी थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मणिशंकर चन्द्रा के नेतृत्व में डीएसपी ट्रैफिक एवं थाना प्रभारी कोतवाली एवं चीता स्क्वॉड एवं क्यूआरटी टीम द्वारा शहर में शांति व सुरक्षा बनाए रखने तथा अपराधिक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने समस्त संवेदनशील क्षेत्रों सहित सदर बाजार से मकई चौक होते हुए शहर के अलग अलग टीम द्वारा गली मोहल्ले एवं सूनसान इलाके में बाईक पेट्रोलिंग किया गया। धमतरी जिले में एवं शहर में सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिले के पुलिस बल द्वारा बाईक पेट्रोलिंग किया जा रहा है। अलग-अलग 06 टीम बनाकर चीता स्कॉड एवं क्यूआरटी टीम सहित सभी पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा मकई चौक, गोलबाजार, कचहरी चौक, सदर बाजार होते हुए विन्ध्यवासिनी मंदिर सहित सूनसान एवं भीड़ भाड़ जगहों पर बाईक पेट्रोलिंग किया गया। अनावश्यक घुमने वाले असामाजिक तत्वों को धमतरी पुलिस द्वारा पूछताछ करेगी एवं भीड़भाड़ वाले स्थान, सार्वजनिक स्थान, आम स्थान, सुनसान स्थान में जमावड़ा लगाकर नशा करने वालों, गुटबाजी करने वालों, संदिग्ध व्यक्तियों, असमाजिक तत्वों, संदिग्ध व्यक्तियों के वाहनों एवं वाहनों की डिक्की सहित धारदार हथियार रखकर घुमने वालों की चेकिंग कर सख्त कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गए। बाईक पेट्रोलिंग के दौरान अनावश्यक घुमते पाये लोगों को बुलाकर दी गई चेतावनी, दोबारा अनावश्यक घुमते पाये जाने पर कार्यवाही की जायेगी। इस दौरान अति.पुलिस अधीक्षक मणिशंकर चन्द्रा, यातायात डीएसपी मोनिका मरावी, थाना प्रभारी कोतवाली निरी राजेश मरई एवं पुलिस चीता स्क्वॉड सहित क्यूआरटी टीम सहित अधिक संख्या में पुलिस अधिकारी/कर्मचारी बाईक पेट्रोलिंग में शामिल थे।

## श्रमिक पंजीयन कार्ड नवीनीकरण 31 मार्च तक

**बलौदाबाजार।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के गठन से 60 प्रकार के प्रवर्गो में जैसे रेजा-कुली, राजमिस्त्री, पलम्बर, इलेक्ट्रीशियन, बढ़ई आदि प्रवर्गो मे निर्माण श्रमिकों का पंजीयन किया जाकर उन्हे जन्म से लेकर मृत्यु तक के लिए योजनाएं संचालित कर लाभान्वित किया जा रहा हैं। पूर्व में ऐसे श्रमिक जिनके द्वारा वैधता समाप्त होने के पश्चात तथा समायावधि के भीतर नवीनीकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत नहीं कर पाये थे उन्हे 31 जनवरी 2025 तक आवेदन प्रस्तुत करने का छुट प्रदाय किया गया था। पुनः ऐसे श्रमिक जिनके द्वारा नवीनीकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत नहीं किया गया हैं उन्हे 31 मार्च 2025 तक आवेदन प्रस्तुत करने की छुट प्रदाय की गई है। वर्तमान में एक बार पंजीयन होने के पश्चात पंजीयन अवधि 5 वर्ष तक वैध होता हैं उसके बाद पंजीयन का नवीनीकरण कराया जाना प्रावधानित हैं। पंजीयन नवीनीकरण हेतु हितग्राही वैधता समाप्त होने एक वर्ष के भीतर आवेदन कर सकता हैं ऐसा नही करने पर पंजीयन रद्द माना जाता हैं। अतः ऐसे पंजीकृत श्रमिक जिनके पंजीयन की वैधता समाप्त हुए 01 वर्ष या उससे अधिक का समय हो चुका है तथा उनके द्वारा पंजीयन नवीनीकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत नही किया गया हैं, ऐसे निर्माण श्रमिक दिनांक 31 मार्च 2025 तक नवीनीकरण हेतु श्रम कार्यालय, श्रमेव जयते मोबाईल एप्प, मुख्यमंत्री श्रम संसाधन केन्द्रों, विभागीय वेबसाईट श्रमेव जयते एवं च्वाईस सेंटर के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

# कलेक्टर पहुंचे आयुक्त के साथ वार्ड क्रमांक 21, कचरा कलेक्शन गाड़ी को रुकवाकर की जांच, देखें गीला-सूखा कचरा अलग-अलग है या नही

## कलेक्टर ने आयुक्त के साथ सुबह नगर भ्रमण करके शहर की साफसफाई व्यवस्था की जानकारी ली





पायनियर संवाददाता ‹ दुर्ग
www.dailypioneer.com

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कमिश्नर सुमित अग्रवाल के साथ नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र वार्ड 21 सिंधिया नगर का पैदल भ्रमण करके शहर की साफ सफाई व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारी को शहर की नियमित साफ सफाई करने के निर्देश दिए हैं। शहर के नालियों को भी साफ करने के लिए कहा। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कचरा कलेक्शन रिक्शा को रुकवाकर गीला-सूखा एकत्रित की जांच की।उन्होंने कहा कि गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग करना जरूरी है क्योंकि इससे पर्यावरण की सुरक्षा होती है।लोगो के घरो मे जाकर निगम की कचरा कलेक्शन गाड़ी प्रतिदिन समय मे आता है।लोगो ने बताया कि प्रतिदिन सुबह घरों में गीला सूखा कचरा लेने निगम की गाड़ी आती है। कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने जानकारी में बताया कि डोर-टू-डोर संपर्क कर स्वच्छता अपनाने के लिए हर घर, व्यापारिक प्रतिष्ठान व संस्थानों को प्रेरित किया जा रहा है।छोटी गुमटियों से लेकर बड़े होटल, मोहल्ले के घरों और कॉलोनियों को भी कचरे के पृथक्करण के लिए निरंतर समझाईश दी जा रही हैं। कलेक्टर ने कालोनियों पर गीला कचरा और सुखा कचरा रखने के लिए कचरा डिब्बा भी रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने दुकानदारों को भी अपने आस पास के कचरों को इकट्ठा करके अपने कचरा डिब्बा में डालने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कालोनियों से यूजर चार्ज की जानकारी ली। कलेक्टर अधिकारी से डोर टू डोर कचरा कलेक्शन की जानकारी ली और स्वच्छता दीदियों के द्वारा नियमित घर घर जाकर कचरा कलेक्शन करवाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने रायपुर नाका बटालियन स्थित एसएलआरएम केंद्र का भी अवलोकन किया और अनुपयोगी समान को विक्रय करवाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कचरा कलेक्शन करने वाली की समूह की महिलाओं से चर्चा करके जानकारी ली स्वच्छता दीदियों ने बताया कि कचरा कलेक्शन करने के बाद बेकार की चीजें जैसे प्लास्टिक को अलग कर और कपड़ा से पैर दानी बनाया जा रहा है। जिसका विक्रय से समूह के स्वच्छता दीदियों को माह की आमदनी भी अच्छी हो रही है।निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम,वीपी मिश्रा, गिरीश दिवान, संजय ठाकुर, राजेंद्र ढाबाले, धर्मेंद्र मिश्रा, करण यादव,पंकज साहू,विकास दमाहे, सोएब अहमद परमेश्वर, पीआईयू कुणाल, राहुल सहित अन्य मौजूद रहें।

# कलेक्टर ने आयुक्त के साथ ट्रेंचिंग ग्राउंड जाकर कचरे के वैज्ञानिक निपटान की प्रक्रिया एवं नगर निगम की तैयारियों का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ‹ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत पोटिया स्थित टेंचिंग ग्राउण्ड में 80 प्रतिशत कचरो का निष्पादन किया जा चुका है। निष्पादित क्षेत्र में नगर निगम दुर्ग द्वारा वृहद वृक्षारोपण किया गया है, जो कि आने वाले वर्षो में ऑक्सीजोन के रूप में विकसित होगा। ट्रेंचिंग ग्राउंड स्थित शेष कचरो के निष्पादन की कार्ययोजना नगर निगम द्वारा तैयार की गई है। जिसके तहत् लगभग 1.50 करोड़ रूपये की लागत से ट्रेंचिंग ग्राउंड के कोने पर ट्रॉमेल मशीन स्थापित कर वैज्ञानिक पद्धति से कचरे का निष्पादन किया जाना प्रस्तावित है। नगर निगम दुर्ग ने उक्त कार्य हेतु 'में नेकॉफ इंडिया लिमिटेड, भोपाल' एजेंसी को कार्यादेश जारी कर कार्य प्रारंभ करा दिया गया है। उक्त एजेंसी को वर्षाऋतु से पूर्व कार्य पूर्ण करने हेतु निरीक्षण के दौरान कलेक्टर अभिजीत सिंह द्वारा आदेशित किया गया है। कार्यादेशानुसार ट्रेंचिंग ग्राउंड में रखे गये कचरे को वैज्ञानिक पद्धति से निष्पादन के पश्चात् शहर से उत्पादित कचरो का भी 100 प्रतिशत निष्पादन तत्काल किया जाना संभव हो जायेगा। उक्त यूनिट के लगने से कचरो का निष्पादन नियमित रूप से होगा तथा आस-पास के रहवासियों को वायु प्रदूषण से मुक्ति मिलेगी। महापौर अलका बाघमार ने शहर वासियों से अपील की है, कि नगर निगम वायु प्रदूषण मुक्त कचरे का निष्पादन किये जाने हेतु प्रतिबद्ध है,आपसे अनुरोध है, कि किसी भी प्रकार के बहकावे में न आएं एवं शहर की सफाई व्यवस्था सुचारू करने में अपना सहयोग देंवे।इस मौके पर आयुक्त सुमित अग्रवाल एवं संबंधित अफसर कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम,वीपी मिश्रा, गिरीश दिवान, संजय ठाकुर, राजेंद्र ढाबाले, धर्मेंद्र मिश्रा, करण यादव, पंकज साहू, विकास दमाहे, सोएब अहमद परमेश्वर, पीआईयू कुणाल, राहुल सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहें।

# नगर निगम राजस्व विभाग टीम कर रही रिकॉर्ड तोड़ राजस्व वसूली, छुट्टी के दिन शनिवार व रविवार को भी टैक्स काउंटर खुला रहेगा



पायनियर संवाददाता ‹ दुर्ग
www.dailypioneer.com

नगर निगम में विगत कुछ दिनों में करोड़ों रुपए की टैक्स वसूली करने का रिकॉर्ड बनाया है। बीते कुछ सालों से दुर्ग निगम की टैक्स वसूली का काम प्राइवेट एजेंसी के द्वारा किया जा रहा था। कंपनी का ठेका समाप्त होते ही यह कार्य दुर्ग नगर निगम ने अपने हाथों में ले लिया। राजस्व विभाग टीम ने लगभग 39 करोड़ राजस्व वसूली में से 30 करोड़ से अधिक राजस्व वसूल किया जा चुका है। मार्च के आखिर तक और अधिक राजस्व वसूली होने की संभावना है। शाह सरकार की महापौर अलका बाघमार एवं आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर राजस्व अधिकारियों की टीम राजस्व वसूली से बड़ी रकम एकत्र कर रही है. बकायादारों के घरों में लगातार दस्तक दी जा रही है इसके अलावा बड़े व्यापारी एवं सालों से टैक्स न जमा करने वालों के पास भी निगम की टीम लगातार पहुंची है।मार्च के महीने में बकाया टैक्स देने के लिए निगम में बकायादारो की भीड़ देखने को मिल रही है जिस तेजी से टैक्स वसूली का कार्य किया जा रहा है। 39 करोड़ के लक्ष्य में 30 करोड़ से अधिक की भी हो चुकी है वसूली। घर घर जाकर भी सहायक राजस्व अधिकारी के नेतृत्व में राजस्व निरीक्षक वार्डो में वसूली का कार्य कर रहे है। बकाया टैक्स पटाने सैकड़ो की संख्या में रोजाना बकायादार पहुंच रहे हैं निगम के टैक्स काउंटर पर।माना जा रहा है कि मार्च के आखिरी दिनों तक लक्ष्य की पूर्ति की जा सकेगी।टैक्स वसूली का कार्य शनिवार और रविवार भी टैक्स वसूली का काम चालू रहेगा।

# 8 साल से लगातार हर महीने-हर हफ्ते लिखी चिट्ठी और बनाया खास एलबम, सचिन मिले और कहा-वाह शानदार






पायनियर संवाददाता ‹ भिलाई
www.dailypioneer.com

मास्टर ब्लास्ट भारत रत्न सचिन तेंदुलकर के आत्मीय प्रशंसक और इस्पात नगरी भिलाई के जाने माने लेखक अभिषेक अग्रवाल की 8 साल की मेहनत रंग लाई है। क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के लिए जुनून की हद तक प्रशंसा का भाव रखने वाले अभिषेक विगत 8 वर्ष से लगातार एक लक्ष्य को लेकर सक्रिय थे और अंततः अब जाकर उन्हें सफलता मिली है। सचिन तेंदुलकर न सिर्फ अभिषेक से मिले बल्कि उनसे आत्मीय चर्चा भी की और अभिषेक के दिए उपहार को खुशी-खुशी स्वीकार भी किया। सचिन ने अभिषेक की कोशिशों की सराहना करते हुए खास शुभकामना संदेश दिया है। सचिन से यादगार मुलाकात के बाद अभिषेक का कहना है कि उनके लिए यह एक सपने के सच होने की तरह है और इस पल को वह कभी नहीं भूल पाएंगे। उल्लेखनीय है कि आम्रपाली वनांचल सिटी निवासी अभिषेक अग्रवाल पेशे से अंग्रेजी के लेखक हैं और उनकी लिखी किताबें बेस्ट सेलर का दर्जा रखती हैं। अभिषेक अग्रवाल की सचिन तेंदुलकर के प्रति दीवानगी बचपन से ही थी लेकिन उनसे मिलने का प्रयास 8 वर्ष पहले शुरू किया। पत्रकारों से चर्चा में अभिषेक बताते हैं कि 2016 में टीवी पर क्रिकेट मैच देखते हुए मन में इच्छा हुई कि अपने 'हीरो' सचिन से कुछ अनूठे तरीके से मिलना चाहिए। अभिषेक ने बताया- आमतौर पर फैन अगर अपने किसी चहेते किरदार से मिलते हैं तो फोटो खिंचवाते और ऑटोग्राफ लेकर अलग हो जाते हैं लेकिन वह चाहते थे कि सचिन तेंदुलकर से वह कुछ अलग और अनूठे ढंग से मिले। हालांकि जब अभिषेक ने इसके लिए प्रयास शुरू किया तो पता चला कि सचिन तो ऐसे किसी से मिलते नहीं है। फिर भी अभिषेक अपने लक्ष्य को पाने के लिए जुटे रहे।

### भेंट किया सचिन को समर्पित खास एलबम

अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि उन्होंने सचिन को समर्पित एक खास एलबम बनाने का इरादा किया। जिसमें लगातार तैयारी के साथ सचिन के जन्म से लेकर क्रिकेट के करियर तक के तमाम घटनाक्रम को पिरोते हुए उन्होंने आकर्षक ढंग से एलबम तैयार किया। इसके लिए अभिषेक ने सचिन की 100 सेंचुरी को आधार बनाया और जिन तिथियां में सचिन ने सेंचुरी बनाई उन तिथियां से जुड़े नंबर के आधार पर करेंसी नोट इकट्ठा किए।

# क्रेडा द्वारा कॉलेज स्तर पर सौर ऊर्जा एवं ऊर्जा संरक्षण पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन





पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



आदर्श महाविद्यालय, दतरेंगा, रायपुर में क्रेडा द्वारा सौर ऊर्जा एवं ऊर्जा संरक्षण पर अर्द्ध दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। राजेश सिंह राणा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) ने कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रुप में उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को सौर ऊर्जा एवं ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरुक एवं प्रोत्साहित करना था। क्रेडा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा ऊर्जा संरक्षण एवं अक्षय ऊर्जा का महत्व बताते हुए उनके द्वारा क्रेन्द एवं राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रहे ऊर्जा संरक्षण एवं सौर ऊर्जा अधारित योजनाएं जैसे की पी.एम. सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, जल जीवन मिशन, सौर सुजला योजना, राष्ट्रीय जैव ऊर्जा कार्यक्रम-बायोगैस योजना पर छात्र-छात्राओं के साथ चर्चा की गई। पी.एम. सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत 78 हजार तक की सब्सिडी सस्ते ब्याज पर लोन एवं इस योजना से जुडने हेतु pmsuryaghar.gov.in पर लॉगिन कर पंजीयन किये जाने की प्रक्रिया के बारे में राणा द्वारा विस्तृत रुप से जानकारी देते हुए उनके द्वारा अवगत कराया गया कि आने वाले समय में इस योजना में राज्य सरकार द्वारा भी सब्सिडी दिया जा सकता है। राजेश सिंह राणा द्वारा कॉलेज के छात्र-छात्राओं से चर्चा करते हुए राज्य में ऊर्जा के क्षेत्र में सरकार द्वारा किये जा रहे प्रयासों के बारे में जानकारी दिया गया है। उनके द्वारा प्रतिभागियों को प्रश्नों का भी उत्तर दिया गया। राणा द्वारा राज्य में सौर ऊर्जा की क्षमता को वर्ष 2030 तक 07 प्रतिशत से वृद्धि कर 40 प्रतिशत करने हेतु राज्य सरकार की विभिन्न प्रयासों के बारे मे भी विस्तृत जानकारी दी गई। राज्य मे सौर ऊर्जा के मदद से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में लोगों को बुनियादी जरुरतें उपलब्ध कराने के बारे में राणा द्वारा छात्र-छात्राओं को अवगत कराया गया। इस दिशा में हम सभी की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु उनके द्वारा छात्र-छात्राओं को क्रेडा के साथ जुड़कर लोगों को जागरुक करने हेतु अपील किया गया। कार्यक्रम में नेहा शल्मन, विशेषज्ञ द्वारा विद्यार्थियों के लिए सौर ऊर्जा के विषय पर तर्क-वितर्क प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें विद्यार्थियों द्वारा बढ़-चढ कर भाग लिया गया। कार्यक्रम के दूसरे चरण में निहार रंजन साहू, परियोजना समन्वयक, क्रेडा द्वारा ऊर्जा संरक्षण एवं सौर ऊर्जा आधारित योजनाओं के बारे में विस्तृत रुप से जानकारी साझा की गई तथा ऊर्जा संरक्षण के विभिन्न उपायों के बारे मे भी जानकारी दी गई। उन्होने ने क्रेडा द्वारा विकसित किये गये सौर समाधान मोबाईल ऐप एवं सोलर पोर्टेबल मोबाईल पावर बैंक के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम मे आदर्श महाविद्यालय, दतरेंगा के प्राचार्या एवं कॉलेज के 150 से भी अधिक विद्यार्थियों के साथ समस्त अध्यापक, अध्यापिकागण भी बढ़-चढ कर भाग लिये।

# नकली शराब बनाकर बेचने वाला आरोपी गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता ‹ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com

पुलिस थाना रामानुजगंज अंतर्गत ग्राम कंचन नगर में नकली शराब बनाकर बेचने वाले व्यक्ति को पुलिस एवं आबकारी विभाग के टीम के द्वारा गिरफ्तार पर कार्रवाई करते हुए उसे जेल दाखिल करा दिया गया है। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार छापेमारी के दौरान आरोपी रवि कुमार गुप्ता के मकान से 35.995 लीटर मिलावटी शराब,विभिन्न ब्रांड की 1000 से अधिक खाली बोतलें, होलोग्राम,स्टीकर और ढक्कन बरामद किए गए। इसके अलावा,आरोपी अपने महिंद्रा 3ङ्ग0 वाहन में 75 लीटर नकली शराब छिपाकर वह रात के समय बॉटलिंग,सैंपलिंग और लेबलिंग कर बेचता था। कुल 110.995 लीटर अवैध शराब और वाहन को जब्त कर लिया गया है। तत्पश्चात आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क), 34(2), 49(क) और 59(क) के तहत अपराध दर्ज करने के बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया हैं।

# विधायक ललित ने की पहल, अरपा ने खोला बर्तन बैंक महिलाओं को स्वालंबी बनाने एक कदम

पायनियर संवाददाता ‹ रिसाली
www.dailypioneer.com



दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने पहल की है। उनकी अनुशंसा पर अरपा स्व सहायता समूह को बर्तन उपलब्ध कराया। आजीविका मिशन कार्यालय में विधायक प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित मण्डल अध्यक्ष अनुप साहू व राजू जंघेल ने समूह को बर्तन सौपा। वन टाइम यूज प्लास्टिक और डिस्पोजल सामानों पर प्रतिबंध लगाने के बाद सरकार समूह के माध्यम से बर्तन बैंक खुलवा रही है। इसके लिए आजीविका मिशन के माध्यम से निःशुल्क बर्तन दिया जा रहा है। रिसाली निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने बताया कि महिला समूह बर्तनों का निश्चित दर पर किराए पर देगी। आमदनी से कुछ राशि जोड़कर वे बर्तनों की संख्या को बढ़ा भी सकती है। इससे महिलाएं को अतिरिक्त आमदानी होगी। बर्तन सौपते समय सहायक परियोजना अधिकारी टिकेन्द्र वर्मा, आईरा आनंद, अरूणा धृतलहरे, मुकेश देशमुख, कुंजेश्वरी साहू, लता महानंद विशेष रूप से उपस्थित थे। संकल्प भी ली समूह के सद्स्यों ने इस अवसर पर अरपा महिला स्व सहायता समूह की सद्स्यों ने संकल्प ली कि विभिन्न कार्यक्रमों में डिस्पोजल सामानों का उपयोग नहीं करेंगी।


## कार्यालय नगर पंचायत उतई जिला दुर्ग (छ.ग.)

क्रमांक / 2560 / न.प./ निविदा/2024-25 उतई दिनांक:- 21/03/2025

**// ई-प्रोक्यूमेंट प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना//**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत् सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से नीचे उल्लेखित कार्य हेतु ऑनलाईन (online) निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | सिस्टम निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 166189 | वार्ड क. 07 कार्यालय नगर पंचायत उतई का जीर्णोधार एवं प्रथम तल में कक्ष निर्माण कार्य। | 34.77 | 11/04/2025 |

उपरोक्त कार्यो की निविदा से संबंधित सामान्य सेवा शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी कार्यालय नगर पंचायत उतई एवं ई-प्रोक्योमेंट वेब पोर्टल http//cgeproc.cgstate.gov.in व नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की वेबसाईट में www.uad.cg.gov.in पर देखा जा सकता है।

**"अपने घर, आसपास एवं नगर को स्वच्छ रखे, शौचालय का उपयोग करें"**

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत उतई, जिला-दुर्ग (छ.ग.)



## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
### ई-निविदा सूचना

**निविदा सूचना क्रमांक दिनांक .:** M-R-ET-24-25-07
**कार्य का नाम :** बॉक्स वैगनों के दरवाजों को अवरूध्द करना और उनकी उंचाई कम करना (5200 वैगन)
**निविदा मूल्य :** रु. 29,35,37,148/- **बयाना राशि :** रु. 16,17,700/- **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** रु.10,000.00 **निविदा बंद होने का दिनांक :** 17.04.2025 बजे 15:00 को.
मेनूअल ऑफर स्वीकार्य नहीं होगा तथा उसे यथावत निरस्त माना जावेगा।
निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी, पात्रता मापदंड एवं सम्पूर्ण जानकारी वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर (समन्वय) / रायपुर के कार्यलय से प्राप्त किया जा सकता है एवं निविदा दस्तावेज वेबसाईट www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है 20.03.2025.
**वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर (फ्रेट) भिलाई**
PR/Sr.DME/AAA/279 द.पू.म.रेलवे, रायपुर
South East Central Railway @secrail


# जनपद अध्यक्ष ने की अमर शहीद वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी की मूर्ति के लिए 5 लाख रुपए की घोषणा

पायनियर संवाददाता ‹ पाटन
www.dailypioneer.com





अमर शहीद वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी का बलिदान दिवस लोधी समाज खम्हारिया के तत्वाधान में 20 मार्च को मनाया गया। आपको बता दे अमर शहीद वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी बलिदान दिवस और नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह का आयोजन खाम्हरिया में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला भाजपा के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, घनश्याम कौशिक प्रदेश महामंत्री लोधी समाज, कीर्ति नायक अध्यक्ष जनपद पंचायत पाटन, नीलम चंद्राकर जिला पंचायत सदस्य दुर्ग, दिलीप साहू उपाध्यक्ष जिला भाजपा दुर्ग,राजेश चंद्राकर सांसद प्रतिनिधि रहे। कार्यक्रम अध्यक्षता धर्मेंद्र कौशिक पूर्व सरपंच झीट एवं अध्यक्ष लोधी समाज पाटन परिक्षेत्र ने किया। विशेष अतिथि के रूप में विराजमान, हर्ष लोकमनी चंद्राकर पूर्व जिला पंचायत सदस्य, कमलेश चंद्राकर मंडल अध्यक्ष अमलेश्वर,पूर्व मंडल अध्यक्ष लोकमनी चंद्राकर, महामंत्री कैलाश यादव, पार्षद आलोक पाल ,कमलेश सिंगौर छत्तीसगढ़ लोधी समाज प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, द्वारिका सिंगौर लोधी समाज प्रधान, खुमान सिंगौर लोधी समाज उप प्रधान,शिवकुमार सिंगौर उपाध्यक्ष लोधी समाज पाटन परिक्षेत्र, द्वारिका कौशिक सचिव लोधी समाज पाटन, टीकम सिंगौर लोधी समाज कोषाध्यक्ष, रवि सिंगौर सरपंच ग्राम पंचायत सांकरा, मोहन लोधी सरपंच ग्राम पंचायत मोतीपुर, सोनिया थानेश्वर यदु सरपंच ग्राम पंचायत खम्हारिया रहे। सर्वप्रथम अतिथियों ने अमर शहीद वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी के मूर्ति पर माल्या अर्पण कर उन्हें सादर नमन किया। कलश यात्रा दोपहर 2:00 बजे से निकली जागृति साहित्य स्मृति उतई द्वारा कवि सम्मेलन शाम 4:00 बजे से शुरू हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने अमर शहीद वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी की वीरगाथा को याद किया 1857 की लड़ाई में अवंती बाई लोधी ने जो नेतृत्व किया अंग्रेजो के खिलाफ वह समाज के लिए गौरव की बात है।साथ ही सर्व समाज को रानी अवंती बाई लोधी पर गर्व है। अमर शहीद वीरांगना अवंती बाई लोधी स्वतंत्रता संग्राम की लड़ाई में अहम भूमिका निभाई। जिसे आजादी के रास्ता साफ दिखाई देने लगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनपद पंचायत पाटन के अध्यक्ष कीर्ति नायक ने अपने निधि से लोधी समाज को पांच लाख देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि अमर शहीद वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी की संगमरमर पत्थर से मूर्ति बनाई जाएगी जिसके लिए उक्त राशि लोधी समाज के लिए समर्पित होगी।


AU SMALL FINANCE BANK
A SCHEDULED COMMERCIAL BANK

## एयू स्मॉल फाइनेन्स बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)

रजिस्टर्ड ऑफिसः 19-ए, धूलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर-302001 (CIN: L36911RJ1996PLC011381)

**परिशिष्ट IV [ देखें नियम 8(1) कब्जा सूचना ]**

जबकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए "वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनगर्ठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002" (2002 का 54) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 13 (12) का सपठित नियमों के नियम 3 के तहत प्रदत शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणियों को मांग सूचना पत्र निम्नलिखित तालिका के अनुसार निर्गमितकर तालिका में राशि 60 दिवस के भीतर चुकाने के लिए कहा गया था।

| ऋणी / सहऋणी / बंधककर्ता / गारन्टर / ऋण खाता संख्या | धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | स्थावर सम्पत्ति का विवरण | कब्जे की तारीख |
|---|---|---|---|
| (ऋण खाता संख्या) L9001060117163746 & L9001060822167482, टीकाराम साहू (ऋणी), खमहन लाल साहू (सहऋणी), चक्र कुमार साहू (सहऋणी), सुदर्शन प्रसाद साहू (सहऋणी), सियाराम साहू (सहऋणी), तेजराम साहू (सहऋणी), सुदर्शन प्रसाद साहू (गारंटर) | 08-नवम्बर-24 ₹ 7,08,140/- सात लाख आठ हजार एक सौ चालीस रूपये मात्र एवं ₹ 4,29,973/- चार लाख उनतीस हजार नौ सौ तिहत्तर रूपये मात्र 07-नवम्बर-24 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित ग्राम एवंग्राम पंचायत कोरबी, खसरा नं 1050/52, 1050/54, 1050/85, पीएच नं. 17, आरएनएम हरडी बाजार, तहसील पाली, जिला कोरबा, छत्तीसगढ, क्षेत्रफल 0.113 हैक्टेयर, पूर्वः दरसा, पश्चिमः ओमप्रकाश की भूमि, उत्तरः दाउ राम की भूमि, दक्षिणः बहादुर की भूमि | 18-मार्च-25 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060826767902 & L9001060121873637, सुनील अग्रवाल (ऋणी), श्रीमती संतोषी अग्रवाल (सहऋणी) | 13-नवम्बर-24 ₹ 7,87,480/- सात लाख सतासी हजार चार सौ अस्सी रूपये मात्र एवं ₹ 11,84,091/- ग्यारह लाख चौरासी हजार इक्यानवे रूपये मात्र 12-नवम्बर-24 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित पीएच नं. 18, खसरा नं. 65/1, मौजा गोंदखामी, आरएनएम तहसील लूरमी, जिला मुंगेली, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 1090 वर्ग फीट पूर्वः विक्रेता का मकान, पश्चिमः संजीत का मकान, उत्तरः जूली बाई एवं गोपाल का मकान, दक्षिणः रोड, | 19-मार्च-25 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060130006655, सरजू प्रसाद राठौड (ऋणी), श्रीमती गीता देवी राठौड (सहऋणी) | 13-नवम्बर-24 ₹ 6,75,695/- छः लाख पिचहत्तर हजार दः सौ पिच्यानवे रूपये मात्र 12-नवम्बर-24 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित खसरा नं. 3950/1/क/24, पीएच नं. 10, ग्राम एवं जिला जांजगीर, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 161.93 वर्ग मीटर, पूर्वः रोड, पश्चिमः सुशील की भूमि, उत्तरः बबलू पंडित की भूमि, दक्षिणः कमल किशोर का आम रास्ता | 20-मार्च-25 |

ऋणियों द्वारा वह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणियों को तथा सामान्य जन को एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) तथा सपठित प्रतिभूतिहित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में उपरोक्त तालिका में वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ग्रहण कर लिया है।
ऋणियों का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों के साथ सपठित नियम 8(6) की ओर आकर्षित किया जाता है, जिसके अन्तर्गत प्रतिभूति आस्तियों के मोचन के लिये उपलब्ध समय अर्थात इस सूचना से 30 दिवस के सम्बन्ध में है।
ऋणियों को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा सम्पत्तियों के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्तियों के साथ कोई व्यवहार उपरोक्त तालिका में वर्णित राशि तथा आगे का ब्याज एवं कुल भुगतान होने तक "एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड" (ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) के प्रभार के अधीन होगा।

**दिनांक: 21.03.2025** **स्थान: छत्तीसगढ** **प्राधिकृत अधिकारी एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड**

## संपादकीय

### महाराष्ट्र में हिंसा खतरनाक प्रवृत्ति

**महाराष्ट्र** में औरंगजेब की मज़ार को लेकर हुई झड़पों से देश में एक खतरनाक प्रवृत्ति सामने आई है जो हमारे सामाजिक-सांस्कृतिक ढांचे को नुकसान पहुंचा सकती है। भारत में सांप्रदायिकता कुछ नेताओं के लिए सुविधाजनक 'वोटबैंक राजनीति' का काम करती है। जहां बहुसंख्यक समाज के अनेक नेता गुलामी की निशानियों से मुक्ति पाना चाहते हैं, वहीं कुछ कट्टरपंथी राजनेता तुष्टीकरण नीतियों के आधार पर ऐसे प्रतीकों पर यथास्थिति बनाए रखने की पैरवी करते हुए उनको टकराव का माध्यम बना रहे हैं। वे अपनी राजनीति चमकाने के लिए ऐसे प्रतीकों का महिमामंडन भी करते हैं। हाल ही में कुछ हिंदू राष्ट्रवादी समूहों ने मुगल बादशाह औरंगजेब की कब्र हटाने की मांग पर प्रदर्शन किया था क्योंकि इसे वे गुलामी का प्रतीक तथा महाराष्ट्र के नायक शिवाजी का अपमान मानते हैं। उनके इस शांतिपूर्ण आंदोलन को टकराव का बहाना बना कर आपराधिक व समाज-विरोधी तत्वों ने सुनियोजित ढंग से नागपुर में आगजनी, पत्थरबाजी व उपद्रव किया जिससे कर्फ्यू लगाना पड़ा। इस मुद्दे पर आत्मावलोकन की जरूरत है, लेकिन इसे केवल महाराष्ट्र तक सीमित रखना उचित नहीं होगा। इसे व्यापक ऐतिहासिक संदर्भों के साथ ही समकालीन संदर्भों, भारत की प्रगति तथा सांस्कृतिक भावनाओं के उभार के साथ रख कर देखा जाना चाहिए। छठा मुगल शासक औरंगजेब भारतीय इतिहास का एक काला धब्बा है। उसका कार्यकाल निर्मम क्षेत्र विस्तार के साथ ही ऐसी कट्टरपंथी व उत्पीड़क नीतियों का समय था जब हिंदुओं पर भयानक अत्याचार हुए। उसने हिंदुओं पर उत्पीड़क 'जजिया टैक्स' लगाया, शाही आदेशों से अनेक हिंदू मंदिरों को नष्ट करवाया या उनको अपवित्र किया, मराठा शासक छत्रपति संभाजी महाराज की निर्मम हत्या करवाई, अपने खिलाफ उठ रही हर आवाज को कुचल दिया तथा अपने द्वारा किए जा रहे अत्याचारों के विरोध में उठ रहे हर हाथ को काट दिया। औरंगजेब ने उलेमाओं से संभाजी महाराज पर मुस्लिमों पर अत्याचार करने के फर्जी आरोप लगवाये थे। स्पष्ट रूप से कहा जाए तो विदेशी मुस्लिम आक्रांता भारत के मूल निवासियों को नीचा दिखाने वाली विरासत छोड़ना चाहते थे। महाराष्ट्र की हालिया हिंसा को अतीत के साथ ही वर्तमान संदर्भों में भी देखा जाना चाहिए। कुछ हिंदू समूह लंबे समय से औरंगजेब की कब्र हटाने की मांग कर रहे हैं क्योंकि इसे वे ऐतिहासिक दमन का प्रतीक मानते हैं।

हाल ही में आई फिल्म 'छावा' में औरंगजेब द्वारा संभाजी महाराज पर किए निर्मम अत्याचारों को दिखाया गया है। कुछ विश्लेषक इसे मुगल साम्राज्य के खिलाफ फिर से भड़के गुस्से का कारण बताते हैं। लेकिन सच्चाई यह है कि वर्तमान विवाद को कुछ राजनेताओं ने हवा दी है जिनमें खासकर समाजवादी पार्टी के विधायक अबू आज़मी की औरंगजेब शासन के बारे में की गई टिप्पणी है जिसे रक्तरंजित इतिहास पर लीपापोती के प्रयास की तरह देखा जा रहा है। औरंगजेब की कब्र हटाने की मांग करने वालों का प्रदर्शन समाप्त होने तथा पुलिस अधिकारियों द्वारा दोनों समुदायों के लोगों को समझाने-बुझाने के बाद तनाव लगभग समाप्त हो गया था। लेकिन इसके बाद सुनियोजित तरीके से भारी मात्रा में पत्थर लाए गए, पत्थरबाजों को बुलाया गया तथा हिंदुओं के घरों, दूकानों और वाहनों को निशाना बनाया गया। दंगाइयों ने पेट्रोल बमों के साथ घातक धारदार हथियारों का प्रयोग कर पुलिस अधिकारियों पर हमले किए जिसमें एक डीसीपी पर जानलेवा हमला शामिल है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस ने कहा है कि सरकार भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा संरक्षित औरंगजेब की कब्र को सुरक्षा देगी, लेकिन इसके साथ ही वह किसी को उसका महिमामंडन करने की अनुमति भी नहीं देगी। महाराष्ट्र में हुई हिंसा में देश के कुछ भागों में पहले हुए दंगों का पैटर्न दिखाई देता है। ऐसे दंगाइयों तथा उनको प्रत्यक्ष या परोक्ष समर्थन देने वाले राजनेताओं पर कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए। भारत की सर्वांगीण आर्थिक-सामाजिक व सांस्कृतिक प्रगति को कुछ अतीतजीवी व तुष्टीकरण समर्थक नेताओं का बंधक बनने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। वैसे भी देश की बहुसंख्य जनता ऐसे तत्वों की असलियत पहचान कर उनको राजनीतिक व चुनावी रूप से हाशिए पर धकेल रही है। महाराष्ट्र सरकार ऐसे तत्वों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई कर एक उदाहरण प्रस्तुत करेगी।

# व्यापार युद्ध का सामना

अमेरिका द्वारा समान टैरिफ माडल लागू करने के कारण विश्व अर्थव्यवस्था उथलपुथल की शिकार है। इससे विश्व व्यापार संगठन-डब्लूटीओ सिद्धान्तों का उल्लंघन कर भारत समेत विकासशील देशों को खतरा पैदा कर दिया है।



**मृगांक एम. भौमिक**
(लेखक, इन्वेस्टमेंट बैंकर हैं)



अमेरिका द्वारा विभाजनकारी तथा विश्व व्यापार के मूलाधार को चुनौती देने वाला समान टैरिफ माडल लागू करने के कारण विश्व अर्थव्यवस्था उथलपुथल की शिकार है। इससे विश्व व्यापार संगठन-डब्लूटीओ सिद्धान्तों का उल्लंघन कर भारत समेत विकासशील देशों को खतरा पैदा कर दिया है। दुनिया इस समय अनिश्चित और चुनौतीपूर्ण समय का सामना कर रही है। अमेरिका में नव-निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन द्वारा लागू समान टैरिफ माडल और उसकी आर्थिक नीतियों ने विश्व व्यापार और वाणिज्य के सहज प्रवाह को बाधित किया है।

इस प्रक्रिया से विकासशील देशों को बड़ी आर्थिक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि इससे विश्व व्यापार संगठन-डब्लूटीओ का वह माडल ध्वस्त हो गया है जो विकासशील देशों द्वारा विकसित देशों से होने वाले आयातों पर उच्च टैरिफ लगाने की अनुमति देता था ताकि वे अपने घरेलू उद्योगों की रक्षा कर सकें। इसके तत्काल प्रभावों में ये उद्योग पंगु हो जाएंगे तथा असमान प्रतियोगिता की स्थिति बनेगी। बढ़ती बेरोजगारी और निर्यात-संचालित वृद्धि का धीमा होना लगभग निश्चित है। भारत इस व्यापार युद्ध से अछूता नहीं रहेगा क्योंकि वैश्विक सहयोग के स्थान पर अब मजबूत पक्ष के लिए हितकर व्यापार समझौतों के लिए दबाव पड़ेगा। एक नई विश्व व्यवस्था स्वरूप ले रही है और भारत को इस परिदृश्य में सावधानी से, पर उत्साह से उतरना होगा।

अप्रैल, 2024 तथा नवंबर, 2024 के बीच भारत अमेरिका का दूसरा सबसे बड़ा व्यापार सहयोगी रहा है। उसने 52.89 बिलियन डालर के निर्यात तथा 29.63 बिलियन डालर के आयात किए, इस प्रकार 13.26 बिलियन डालर व्यापार भारत के पक्ष में था। यह व्यापार असंतुलन मुद्दे के केन्द्र में है। भारत के प्रमुख निर्यातों में हीरे, चिकित्सा उपकरण व उनके पुर्जे, जेवर, कृषि उत्पाद, शोधित पेट्रोलियम, चावल, टेक्सटाइल व वस्त्र, आटोमोबाइल पुर्जे, रसायन एवं पेट्रोरसायन तथा मशीनरी शामिल हैं। भारत अमेरिका से मुख्यत: खनिज ईंधन और तेल, मोती, कीमती पत्थर, नाभिकीय रिएक्टर, ब्वायलर, मशीनरी, बिजली के उपकरण, कच्चा तेल, पेट्रोलियम उत्पाद, एलेक्ट्रानिक उपकरण तथा सोना आयात करता है। इन उत्पादों पर नजर डालने से स्पष्ट होता है कि लागत घटाने और गुणवत्ता बढ़ाने के माध्यम से भारत इन क्षेत्रों में अपना बाजार हिस्सा और बढ़ा सकता है।

इसके विपरीत अमेरिका के पास भारत में अपना निर्यात बढ़ाने के सीमित विकल्प हैं, हालांकि वह कच्चे तेल और रक्षा उत्पादों के निर्यात को प्रोत्साहित कर सकता है जिनको अमेरिकन सरकार भारी सहायता देती है। इसका कारण भारतीय बाजार में अमेरिकी वस्तुओं की लागत से उपभोग सीमित हो जाता है। इसके परिणामस्वरूप व्यापार घाटा कम करने के प्रयास में अमेरिका आटोमोबाइल जैसे नए क्षेत्रों में प्रवेश का प्रयास करेगा जिन पर भारतीय घरेलू उद्योगों का प्रभुत्व है। यह केवल व्यापार वार्ता न होकर पूर्ण रूप से व्यापार युद्ध है जिसमें वैश्विक सहयोग या राजनयिक विचार पर जरा भी ध्यान दिए बिना बाजारों पर कब्जा करना ही उद्देश्य है। समान टैरिफ नीत टैरिफ कम करने तथा अमेरिका के लिए नए बाजार खोलने का परोक्ष प्रयास है। इसके पीछे का सच्चा एजेंडा अभी स्पष्ट नहीं है।

ट्रंप प्रशासन द्वारा लागू समान टैरिफ की अवधारणा 'न्यायोचित एवं समानुपाती योजना' नहीं है, बल्कि यह व्यापार घाटा कम करने के लिए अपने व्यापार सहयोगियों पर ज्यादा आयात कर लगाने का प्रयास है। अमेरिकी प्रशासन का तर्क है कि निर्यातक देश अमेरिकी उत्पादों पर ज्यादा टैरिफ लगाते हैं। लेकिन यह उत्पाद से उत्पाद की तुलना के बजाय राष्ट्र से राष्ट्र की तुलना करने वाली नीति है। ऐसे में 'समान' अवधारणा अपने आप में भ्रामक है क्योंकि इसके प्रयोग पर नियंत्रण करने वाला कोई परिभाषित ढांचा नहीं है।

इसके बजाय यह अमेरिका सरकार को मनमाने ढंग से टैरिफ लगाने का अवसर देता है जिससे निर्यातक देश उनके संभावित प्रभाव का अनुमान लगाने तथा स्वयं को पहले से लगे टैरिफ पर प्रतिक्रिया के लिए मजबूर होते हैं। असमान संपदा वितरण, आर्थिक विकास तथा तकनीकी प्रगति से परिभाषित दुनिया में ये टैरिफ समान होने के बजाय दंडात्मक हैं तथा असमान रूप से विकासशील देशों को नुकसान पहुंचाने वाले हैं। डब्लूटीओ द्वारा नियंत्रित अंतरराष्ट्रीय व्यापार में समान टैरिफ का सच्चा अर्थ अमेरिकी प्रशासन द्वारा पैरवी किए जाने वाले अर्थ से एकदम अलग है। विवाद समाधान समझदारी के डब्लूटीओ के अनुच्छेद 22.4 के अनुसार समानता का अर्थ जवाबी टैरिफ है जब कोई देश डब्लूटीओ का आदेश मानने से इनकार कर दे। इसके साथ ही जनरल एग्रीमेंट आन टैरिफ एंड ट्रेड-गैट का अनुच्छेद 28 व्यापार समझौतों को पुन: परिभाषित करने तथा मुआवजे की गणना के बारे में है। अमेरिका वर्तमान समय में इन सिद्धान्तों का उल्लंघन कर रहा है।

चूंकि विश्व व्यापार नीतियां लगातार प्रभुत्वशाली अर्थव्यवस्थाओं द्वारा परिभाषित होती हैं, इसलिए अमेरिका की समान टैरिफ रणनीति से काफी उथलपुथल पैदा होने की उम्मीद है बशर्ते कि जवाबी कदमों से स्थिति में स्थिरता न आ जाए। लेकिन यह मुख्य सवाल बना रहेगा कि क्या यह जवाबी टैरिफ नीति अमेरिका का लक्षित उद्देश्य पूरा कर सकेगी? इसकी संभावना कम है। गहरे विश्लेषण से पता चलता है कि अमेरिका का व्यापार-जीडीपी अनुपात वर्तमान समय में केवल 26.9 प्रतिशत है, जबकि यह चीन में 38.4 प्रतिशत, जापान में 46.8 प्रतिशत और भारत में 50 प्रतिशत है। इसके साथ ही अमेरिका में आयात की गहनता निर्यात की गहनता से लगभग तीन गुना अधिक है। ऐसे में अमेरिका के व्यापार घाटे के पीछे असली मुद्दा उच्च विदेशी टैरिफ के बजाय अमेरिकी व्यापार का खराब प्रदर्शन है जो वैश्विक निर्यातों का केवल 8.3 प्रतिशत है।

इसके उलट सेवा क्षेत्र में अमेरिका को 200 बिलियन डालर का लाभ प्राप्त है जिससे वह सेवाओं के आयात और निर्यात में सारी दुनिया में अग्रणी है। अमेरिकन निर्यात के समक्ष प्रमुख बाधा अनुचित टैरिफ ढांचों के बजाय सप्लाई की बाधायें तथा सस्ती अर्थव्यवस्था स्थापित करना है। अमेरिकन सेवा निर्यातों की भारी मांग को देखते हुए अमेरिका के व्यापार को इससे प्रतियोगिता पर विचार करना चाहिए।

1.4 बिलियन जनसंख्या वाले भारत को बजट प्राविधानों से वित्तपोषित विभिन्न कल्याणकारी कार्यक्रमों से अपने नागरिकों की सहायता करनी चाहिए। ये खर्च व्यापार और वाणिज्य पर अत्यधिक निर्भर हैं जिसमें निर्यात-संचालित उद्योग महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। भारत कम खर्च वाली वस्तुओं के उत्पादन से अपनी अर्थव्यवस्था संचालित कर करोड़ों लोगों को रोजगार दे सकता है। इन उद्योगों को सुरक्षा देना जरूरी है। नए बाजार क्षेत्रों में अमेरिकी उत्पादों की अनुमति देने से अल्पकालीन रूप से घरेलू उद्योग प्रभावित हो सकते हैं तथा यदि अमेरिकन निर्माता सस्ती चीजें बनाने में विफल रहे तो इनसे दीर्घकालीन रूप से सप्लाई श्रृंखला प्रभावित हो सकती है। हालांकि, भारत अमेरिका को अपना हीरों का निर्यात घटा सकता है, पर वे अपने घरेलू उद्योगों को अस्थिर करने का जोखिम नहीं मोल ले सकता है।

समय आ गया है कि दबाव में व्यापार घाटे को कम करने के प्रयासों का सामना करने के लिए भारत कठोरता से डब्लूटीओ निर्देशों का पालन करते हुए वैश्विक स्तर पर स्वीकार्य व्यापार नीति का समर्थन करे। घरेलू उद्योगों का उत्पादन बढ़ाने के लिए उत्पादन-संबंधी प्रोत्साहन-पीएलआइ योजना के साथ वैकल्पिक व्यापार साझीदारों के साथ मजबूत संबंध स्थापित करने के प्रयास करने चाहिए।

इससे 'समान टैरिफ' का मुकाबला करने में सहायता मिलेगी। भारत को सतर्कता बरतनी होगी क्योंकि यह चरण अस्थाई है, पर इससे पैदा होने वाला दीर्घकालीन स्थायित्व रणनीतिक दृढ़ता पर निर्भर होगा।

# आत्मविश्वास के अभाव से प्रभावित होती प्रतिभा

> जमैका के उद्यमी और राजनीतिज्ञ मार्कस गर्वे ने लिखा है, यदि आपको खुद पर भरोसा नहीं है, तो आप जीवन की दौड़ में दो बार हार चुके हैं।

**रवि वलूरी**
(लेखक, लेखक छत्तीसगढ़ ईस्ट रेलवे लिमिटेड के सीईओ हैं)



दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट टीम में अपार प्रतिभा है और वे खेल के विभिन्न प्रारूपों में सफल चैंपियन हैं। हालांकि, अभेद्य कारणों से वे आईसीसी टूर्नामेंट के दौरान कुछ चौंकाने वाला प्रदर्शन करने में असमर्थ हैं। ऐसा क्यों होता है? जमैका के उद्यमी और राजनीतिज्ञ मार्कस गर्वे ने लिखा है, यदि आपको खुद पर भरोसा नहीं है, तो आप जीवन की दौड़ में दो बार हार चुके हैं। कई साल पहले, मीजी युग में ग्रेट वेव्स के नाम से मशहूर एक पहलवान रहता था, जिसके पास अपने शिक्षक को भी हराने की अद्भुत क्षमता थी।

हालांकि, आधिकारिक टूर्नामेंट में, वह अपने से कहीं कमतर प्रतिद्वंद्वियों से हार जाता था, जिससे हर मुकाबले के बाद उसकी अनुमानित प्रतिष्ठा धूमिल होती जाती थी। ऐसा लगता था कि कोई मनोवैज्ञानिक समस्या थी। इस अप्रिय स्थिति से बचने के लिए, वह एक ज़ेन मास्टर के पास गया। गुरु ने अपने नए शिष्य को उस रात समुद्र तट पर स्थित एक बौद्ध मंदिर में ध्यान करने का निर्देश दिया और उसे केवल अपनी सांस पर ध्यान केंद्रित करने और समुद्र की गहराई से उठने वाली सबसे बड़ी लहरों को भी निगलने का निर्देश दिया।

जैसे-जैसे रात ढलती गई, समुद्र में ज्वार-भाटा आने लगा और लहरों ने विशाल आकार ले लिया और अपने प्रक्षेप पथ में सब कुछ समाहित कर लिया। यहां तक कि लेटे हुए बुद्ध भी नहीं बच पाए और ज्वार की लहरों के मार्ग का अनुसरण करने वाले भूत ने उन्हें भी घेर लिया। लहरें बेकाबू हो गई थीं और रास्ते में आने वाली हर वस्तु को नष्ट कर रही थीं। लेकिन महान लहरों ने गुरु के निर्देशों का पालन करते हुए अपना ध्यान अपनी सांस पर केंद्रित किया और पूरी लगन और एकाग्रता के साथ ध्यान किया। अगली सुबह ज़ेन गुरु ने अपने स्थिर शिष्य द्वारा बनाए गए विनाश और संतुलन दोनों को देखा। उन्होंने केवल इतना कहा, अपने अस्थिर मन पर विजय प्राप्त करने के बाद, सभी कुश्ती मुकाबलों और मुकाबलों में निरंतर सफलता के प्रति आश्वस्त रहें। आत्मविश्वासी होने के लिए, व्यक्तियों, उद्यमियों, कॉरपोरेट्स, आध्यात्मिक साधकों, राजनीतिक नेताओं और पार्टियों, खिलाड़ियों और टीमों सभी को अपनी सोच के पैटर्न को यह संभव नहीं है से बदलकर यह पूरी तरह से संभव है जैसी मानसिक स्थिति में लाना होगा। सफलता की नींव एक ऐसे पैटर्न पर आधारित है जो आशावाद, आत्म-विश्वास और आत्म-प्रेरणा पर आधारित है, जो आत्मविश्वास की ओर ले जाता है।

केवल प्रतिभा और धीरज ही आत्मविश्वास और शुद्ध सफलता सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त नहीं हैं। यह बहुत संभव है कि ये केवल क्षणिक हों। किसी व्यक्ति या संगठन के लिए आत्मविश्वास और आत्मविश्वास की विशेषता का उपयोग करना बहुत ज़रूरी है। विरोधाभासी रूप से, जबकि अकेले कड़ी मेहनत आत्मविश्वास के स्तर को नहीं बढ़ाती है, यह व्यक्ति को शॉर्टकट का सहारा न लेने के लिए प्रेरित करती है, क्योंकि यह अंदर से हीन भावना की ओर ले जाती है और व्यक्ति तकनीकी रूप से अनुकूलन करने या चुनौतियों का सामना करने में सक्षम नहीं होगा। एक नेता में 3 सी - आत्मविश्वास, विश्वसनीयता और दृढ़ विश्वास, छिपी हुई क्षमता को बढ़ाने और उलझी हुई स्थितियों को समग्र रूप से देखने के लिए व्यक्तित्व का विकास करते हैं। अपराधबोध, संदेह, खुद और सहकर्मियों की अत्यधिक आलोचना, आत्म-दया, शर्म, विनम्रता की कमी, बिना किसी ठोस परिणाम के व्यक्तियों को आदर्श मानना, अत्यधिक आलस्य, मन की उदास स्थिति, टीम के सदस्यों का एक-दूसरे पर भरोसा न करना या अत्यधिक अभिमान जैसी नकारात्मक भावनाएँ किसी व्यक्ति या संगठन की प्रगति में बाधा बनती हैं, जिसके परिणामस्वरूप आत्मविश्वास और उपलब्धि का स्तर कम हो जाता है। ऐसे आलसी व्यक्तियों के लिए बुद्ध का नुस्खा है कि वे मन की शुद्धि पर ध्यान लगाएँ, अस्तित्व की अस्थायी प्रकृति पर ध्यान लगाएँ, अपने चारों ओर मौजूद विशाल शून्यता पर ध्यान लगाएँ और साथ ही आत्म-सम्मान विकसित करने की शपथ लें। ऋषियों, दार्शनिकों और मनोवैज्ञानिकों द्वारा सार्वभौमिक रूप से यह माना जाता है कि जीवन उतार-चढ़ाव और चुनौतियों से भरा है। सुदर्शन क्रिया जैसी श्वास तकनीक का अभ्यास करके, प्राणायाम का अभ्यास करके, ध्यान लगाकर और स्वयं का अवलोकन करके आशावाद और आत्मविश्वास विकसित किया जा सकता है। आईसीसी टूर्नामेंट में दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट टीम का संघर्ष प्रतिभा की कमी से नहीं बल्कि अटूट आत्मविश्वास की कमी से उपजा है। जिस तरह पहलवान ग्रेट वेव्स को जीत हासिल करने से पहले अपने मन पर विजय प्राप्त करने की ज़रूरत थी, उसी तरह टीमों और व्यक्तियों को अपनी क्षमताओं में गहरा विश्वास पैदा करना चाहिए। आत्मविश्वास केवल कौशल या धीरज का उपोत्पाद नहीं है, बल्कि आशावाद, आत्म-प्रेरणा और दृढ़ विश्वास से आकार लेने वाली मानसिक स्थिति है। 3 सी- आत्मविश्वास, विश्वसनीयता और दृढ़ विश्वास-नेताओं, एथलीटों और संगठनों को स्पष्टता के साथ चुनौतियों का सामना करने में सक्षम बनाते हैं। आत्म-संदेह, अत्यधिक गर्व और टीम के भीतर विश्वास की कमी जैसी नकारात्मक भावनाएँ आत्मविश्वास को खत्म कर सकती हैं, जिससे सफलता में बाधा आ सकती है। बुद्ध का ज्ञान व्यक्तियों को मन को शुद्ध करने, अनित्यता को अपनाने और आत्म-सम्मान विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करता है।

दक्षिण अफ्रीकी टीम को आईसीसी टूर्नामेंट में मिली हार से बाहर निकलने के लिए अपनी मानसिकता को संदेह से निश्चितता और झिझक से लचीलेपन की ओर बदलना होगा।

ध्यान, सांस लेने की तकनीक और आत्म-जागरूकता दबाव में कामयाब होने के लिए आवश्यक मानसिक दृढ़ता पैदा करने में मदद कर सकती है। सच्चे चैंपियन न केवल कुशल होते हैं बल्कि उनमें अटूट आत्मविश्वास भी होता है। सही मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ, दक्षिण अफ्रीका अपनी अपार क्षमता का दोहन कर सकता है और विश्व मंच पर जीत की संभावनाओं को जीत में बदल सकता है।

## आप की बात

### गर्मी के तेवर

**मार्च** में अभी ठंड की ही ठीक से बिदाई नहीं हो पाई है कि गर्मी के तीखे तेवरों ने चिंता पैदा कर दी है जबकि इसे मौसम की संधि वेला और गुलाबी ठंड के साथ गर्मी की आहट का महीना माना जाता है। गंभीर चिंता और चुनौतियां तब पैदा होती दिख रही है जब मौसम विभाग ने तेज लू चलने की आशंकाएं जताई हैं। इसके पीछे काफी हद तक मानवीय गलतियां और आधुनिक बदलाव नजर आ रहे है जो हर हाल में ग्लोबल वार्मिंग की वजह से ही हैं। इस समय प्राकृतिक हालात भी बड़े अजीब है। बर्फबारी के साथ ही बारिश के साथ ही कुछ राज्यों के गर्म हवाओं की चपेट के हालात से सतर्क रहने की चेतावनी जारी की गई है? इस मौसम में नागरिकों को बड़ी सजगता रखनी होगी क्योंकि खान-पान और रहन-सहन में जरा सी भी ढिलाई स्वास्थ्य के लिए मुसीबत बन सकती है? भारतीय मौसम विभाग के साथ ही दुनिया भर में दर्ज मौसम रिकार्ड के अनुसार अब तक फरवरी सबसे गरम महीना रहा है। वैसे तो सारी दुनिया के नेताओं को ग्लोबल वार्मिंग से युद्धस्तर पर निपटने के प्रयास करने चाहिए, लेकिन अमेरिका में नई सरकार द्वारा पर्यावरण की चिन्ता छोड़ने तथा व्यापार युद्ध छेड़ने के बाद अब भरत समेत सारी दुनिया के नागरिकों को मौसम से निपटने के प्रयास स्वयं करने होंगे।

**- अमृतलाल मारू,** इन्दौर

### रूस-यूक्रेन युद्ध

**रुस और यूक्रेन** के बीच चल रहे युद्ध को खत्म करने के लिए अमेरिका लगातार प्रयास कर रहा है। हाल ही में रूसी राष्ट्रपति पुतिन एक माह के युद्ध विराम के लिए सहमत हो गए हैं जो कि शांति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। लेकिन दोनों देशों की ओर से जो कठोर शर्तें रखी गई है उन्हें देखते हुए लगता नहीं कि यह युद्ध शीघ्र समाप्त हो जाएगा। अमेरिका ने रूस पर दबाव हटा लिया है और युद्धविराम भी उसके शर्तों पर करने के प्रयास में लग गया है। व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइक वाल्ट्ज ने सोशल मीडिया पर घोषणा की कि युद्धविराम को लागू करने और संभावित रूप से इसके विस्तार करने पर चर्चा करने के लिए आने वाले दिनों में सऊदी अरब के रियाद में अमेरिकी और रूसी तकनीकी दलों की मुलाकात होगी। यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि यूक्रेनी अधिकारी इस वार्ता का हिस्सा होंगे या नहीं। इस युद्ध के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। यूक्रेन और रूस दोनों ही महत्वपूर्ण कृषि उत्पादक देश हैं और इसके कारण खाद्यान्न की आपूर्ति श्रृंखला बाधित हो रही है। इसमें न केवल सैनिकों की जान जा रही है, बल्कि आम नागरिकों को भी भारी कठिनाइयों झेलनी पड़ रही हैं।

**- विभूति बुपक्या,** खाचरोद

### वक्फ कानून का विरोध

**वक्फ बोर्ड** कानून में संशोधन को लेकर जंतर मंतर पर किया गया आयोजन विफल रहा। मुस्लिम उलेमा और नेताओं ने अपने भाषणों में कई तरह के अनर्गल आरोप लगाए और लोगों को डराने और भड़काने के प्रयास किए। वे वक्फसंशोधन विधेयक, 2024 के विरोध में आंदोलन र रहे थे जिसे लोकसभा में पेश किया जाना है। इस विधेयक का उद्देश्य वक्फ बोर्ड को मजबूत बनाना और उसके कार्यों में पारदर्शिता लाना है। वक्फ का घोषित उद्देश्य वक्फ की गई संपत्तियों से समाज के गरीब और बेसहारा लोगों की सहायता करना है, लेकिन यह उद्देश्य शायद ही कहीं पूरा होता हो। आमतौर से यही दिखाई देता है कि वक्फ संपत्तियों पर कुछ माफिया व निहित स्वार्थी तत्वों ने कब्जा कर रखा है और वे अपनी कब्जेदारी छिनने के भय से मुसलमानों को भड़का रहे हैं। विडंबना है कि अधिकांश गरीब मुस्लिम नौजवान ऐसे तत्वों के भड़कावे में आकर सरकार द्वारा उठाए जाने वाले कदमों को तटस्थ दृष्टिकोण से नहीं देख पाते हैं। मुस्लिम समाज की असली समस्याओं के समाधान के बजाय उनको भावनात्मक मुद्दों पर भड़काने के प्रयास से किसी का भला नहीं होगा, लेकिन जंतर मंतर पर एकत्र नेताओं ने ठीक यही काम किया है।

**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### किसानों पर कार्रवाई

**पंजाब सरकार** ने पिछले 13 महीने से बंद पड़े शंभू बॉर्डर और उससे जुड़े मार्ग को खुलवाने का निर्णय करते हुए आन्दोलनकारी किसानों को यहां से खदेड़ दिया है। उनके अस्थाई तम्बूओं आदि को हटा कर अब फैंक दिया गया है एवं 250 से भी अधिक आन्दोलनरत किसानों की गिरफ्तारी भी की गई है। भगवत मान सिंह के नेतृत्व में पंजाब सरकार का यह निर्णय काफी सराहनीय कहा जा सकता है क्योंकि नेशनल हाईवे को घेरा डालकर साल भर से किसान यहां स्थाई टेंट लगाकर एमएसपी को कानूनी दर्जा देने की मांग को लेकर बैठे हुए थे। इस रोड के बन्द होने के कारण यहां से निकलने वाले अधिकांश यात्री काफी परेशान थे। अत: मार्ग खुल जाने से अब उन सभी में काफी उत्साह है। शंभू बॉर्डर पर यातायात खोलने के लिए सुप्रीम कोर्ट का भी निर्णय आ चुका था। इससे किसान आंदोलन के नाम पर किसानों की जिद की सीमा भी सामने आ गई है। यह आम आदमी पार्टी-आप की रणनीति का भी नमूना है जो पहले केन्द्र सरकार को परेशान करने के लिए किसानों को भड़काने पर लगी थी, पर अव्यवस्था बढ़ने पर उसे कार्रवाई करनी पड़ी।

**- एमएम राजावत,** शाजापुर

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस पर स्कूल आंगनबाड़ी केंद्रों के शिविर में 210 बच्चों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण




पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर बेमेतरा स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के विभिन्न स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में मुख स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यशवंत कुमार ध्रुव एवं राष्ट्रीय मुख स्वास्थ्य कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी डॉ. भेख राम साहू के मार्गदर्शन में यह आयोजन शासकीय नवीन कन्या पूर्व माध्यमिक शाला बेमेतरा, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बेमेतरा एवं आंगनबाड़ी केंद्र ग्राम फरि में किया गया। इस अवसर पर कुल 210 बच्चों का मुख स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा उन्हें सही तरीके से ब्रश करने के फायदे बताए गए।

### मुख स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं और उनके दुष्प्रभाव

मुख स्वास्थ्य की अनदेखी से दांतों की सड़न, मसूड़ों में सूजन, खून आना, असमय दांतों का गिरना, मुंह से दुर्गंध, मुंह का कम खुलना, गर्म एवं मसालेदार भोजन में परेशानी जैसी समस्याएं हो सकती हैं। गर्भवती महिलाओं में यह समस्या कुपोषण, समयपूर्व प्रसव, गर्भपात, नवजात में जन्मजात विकृतियां, मानसिक कमजोरी, अंधापन, बहरापन जैसी जटिलताओं को जन्म दे सकती है। मुख कैंसर के सामान्य लक्षण मुंह में लंबे समय तक छाले (2 सप्ताह से अधिक), मसूड़ों और जीभ पर सफेद या लाल चकत्ते, मुंह का कम खुलना (3 उंगलियों से कम), खाने का स्वाद महसूस न हो, आवाज में भारीपन या बदलाव, मसूड़ों, जबड़े, जीभ या गले में सूजन, मुंह में लंबे समय से न भरने वाला घाव तंबाकू की लत से छुटकारा पाने के लिए जिला चिकित्सालय बेमेतरा में स्थापित तंबाकू नशा मुक्ति केंद्र में उचित परामर्श एवं निकोटिन रिप्लेसमेंट थेरेपी तथा अन्य चिकित्सीय उपाय उपलब्ध हैं। इच्छुक व्यक्ति इस सुविधा का लाभ लेकर अपने स्वास्थ्य की रक्षा कर सकते हैं।

### मुख स्वास्थ्य जागरूकता एवं कैंसर से बचाव

इस वर्ष के विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस की थीम ए हैप्पी माउथ इज ए हैप्पी बॉडी को ध्यान में रखते हुए जिला चिकित्सालय बेमेतरा के दंत चिकित्सक डॉ. विजया रमन एवं डेंटल असिस्टेंट राजेश शर्मा ने बच्चों व शिक्षकों को मुख स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी। शिविर में मुख कैंसर की प्रारंभिक पहचान और बचाव को लेकर भी जागरूकता अभियान चलाया गया। डॉ. भेख राम साहू ने जानकारी दी कि भारत में हर साल 12 लाख लोग कैंसर से प्रभावित होते हैं, जिनमें से 40% मामले तंबाकू उत्पादों के कारण होते हैं। विशेष रूप से, बच्चों और महिलाओं में तंबाकू उत्पादों के उपयोग में वृद्धि चिंता का विषय है, जिससे मुख कैंसर के मामलों में भी वृद्धि हो रही है।

# बहुउद्देशीय दिव्यांग कल्याण समिति ने पालिका अध्यक्ष तोरण लाल साहू

पायनियर संवाददाता ◀ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



बहुउद्देशीय दिव्यांग कल्याण समिति के द्वारा नगर पालिका परिषद पहुंचकर नगर पालिका अध्यक्ष तोरण लाल साहू एवं नगर पालिका उपाध्यक्ष मनोज दुबे का गुलाब फूल देकर स्वागत किया गया एवं समिति के सदस्यों ने तोरण लाल साहू अध्यक्ष नगर पालिका परिषद दल्लीराजहरा एवं मनोज दुबे नगर पालिका उपाध्यक्ष को नगर पालिका अध्यक्ष निधि से समिति के भवन निर्माण व स्व-रोजगार व अन्य दिव्यांगों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु ज्ञापन सौंपा है। जिसमें लिखा है कि हमारी पंजीबद्ध बहुउद्देशीय दिव्यांग कल्याण समिति, दल्ली राजहरा में पांच महिला सदस्यों सहित कुल 20 दिव्यांग सदस्य हैं। हमारी समिति की बैठक हर माह में एक बार या दो बार होती है। हमारी समिति का स्वयं का कोई भवन नहीं है। इस कारण पहले गांधी चौक, वार्ड नंबर 20 के चारों तरफ से खुले दुर्गा मंच में होती थी। मगर वहां कभी भी कोई भी असामाजिक तत्व या नशेडी आकर हमें परेशान करते थे। उसके बाद वार्ड नंबर 19 के पटेल मरार समाज, सिन्हा समाज भवन या यादव समाज भवन में होती है मगर इनमें प्रसाधन / शौचालय न होने के कारण बरसात में खासकर महिला सदस्यों को बहुत ही ज्यादा तकलीफ का सामना करना पड़ता है। हमारी समिति चाहती है कि समिति में आसपास के दिव्यांगों को भी शामिल किया जाए। इसके लिए समिति द्वारा पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष दल्लीराजहरा की सहमती से सिन्हा समाज भवन के बगल में चयनित 25 म 30 की शासकीय भूमि पर उसका स्वयं का भवन हो जाए तो यह यहां शासन के माध्यम से दोना-पत्तल, कागज की नाश्ता प्लेट, गिलास-चम्मच कटोरी सादी व खंड वाली थाली, किराना सामान्य दवाई या नाश्ता रखने हेतु कागज का, लिफाफा / जोगा, अगरबती, आचार-पापड़, बांस की टोकरी सुपा उन्हें प्रशिक्षण देकर आत्म निर्भर बनाया जाए।

# राजहरा टाउनशिप क्षेत्र से लगे बारसाटोला एरिया में भालू के घूमने से लोगों में दहशत



**दल्लीराजहरा।** राजहरा टाउनशिप क्षेत्र से लगे बारसाटोला एरिया में, एक भालू के घूमने के समाचार मिले हैं यह बारसाटोला चिखलाकसा नगर पंचायत के अंतर्गत आने वाला एक वार्ड है। भालू के घूमने के समाचार के कारण आसपास के क्षेत्र सहित टाउनशिप के लोगों में भी एक दहशत का वातावरण बना हुआ है। भालू के विचरण करने के समाचार को लेकर वन विभाग का अमला सक्रिय हो गया है। वह लगातार क्षेत्र में गश्त लगा रहा है। वन विभाग के कर्मचारी लोगों को आगाह कर रहे हैं कि शाम के बाद अकेले प्रभावित क्षेत्रों में ना निकले तथा घर में ही सुरक्षित रहें वन विभाग का अमला लगातार क्षेत्र में सर्च कर रहा है। ज्ञात रहे की बरसाटोला क्षेत्र के आसपास पूरा एरिया वनाच्छादित क्षेत्र है। संभवत पानी या भोजन की तलाश में जंगल क्षेत्र से कोई भालू भटकता हुआ रिहायसी क्षेत्र में आ गया है। इसलिए वन विभाग लोगों को सचेत कर रहा है कि अकेले घर से बाहर न निकले।

# दूसरे को फंसाने की नीयत से घर में गांजा फेंकने के आरोप में तीन आरोपी को तीन-तीन साल की सजा

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



न्यायाधीश अनिता कोशिमा रावटे, न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी बेमेतरा, जिला-बेमेतरा छ.ग. के न्यायालय द्वारा तीनों अभियुक्तगण को दूसरे व्यक्ति को गांजा के प्रकरण में फंसाने के नियत से उनके घर मे गंजा फेंकने के आरोप तीन आरोपी को तीन-तीन वर्ष की सजा एवं 6000-6000 रुपए की जुर्माना न्यायालय ने दंडित किया गया। 11.05.2020 को बेमेतरा निवासी प्रकरण के प्रार्थी अनीस मेमन, सुबह लगभग 10.30 बजे अपने घर में ताला लगाकर मार्केट गये। लगभग 11.45 बजे मार्केट से वापस आने पर अपने घर के सामने का दरवाजा, जिसमें कांच लगा था, जो टूटा हुआ पाया, दरवाजा के ताला को खोलकर देखने पर दरवाजे के पीछे कांच टूटा हुआ पाया, कांच के टुकड़ों के पास एक सफेद रंग का कैरी बेग और उसके अंदर हरे रंग का पॉलीथीन जिसमें गांजा जैसा पदार्थ था, पड़ा हुआ पाया। प्रार्थी अनीस मेमन के घर में सीसीटीव्ही कैमरा लगा हुआ था, सीसीटीव्ही कैमरे को चेक करने पर प्रार्थी ने देखा कि अभियुक्त शाकिर हिंगोरा, पिता मो. सलीम हिंगोरा निवासी नयापारा नवीन स्कूल के सामने बेमेतरा, थाना व जिला बेमेतरा, प्रार्थी के घर में मादक पदार्थ गांजा के पैकेट को दरवाजे के अंदर फेंक रहा था। सीसीटीव्ही कैमरे में घटनाक्रम कैद होने से यह पता चला कि प्रार्थी को झूठे गांजा मादक पदार्थ के केस में फंसाने की नीयत से मादक पदार्थ गांजा को प्रार्थी के घर में फेंका गया। पश्चात् प्रार्थी द्वारा सिटी कोतवाली बेमेतरा में घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस ने सिटी कोतवाली बेमेतरा में अपराध कमांक 248/2020 दर्ज कर विवेचना में लिया, एवं अभियुक्त शाकिर हिंगोरा की गिरफ्तारी की गई। विवेचना के क्रम में उक्त घटना के षड्यंत्र में शामिल अन्य अभियुक्तगण मोहन पटेल पिता बसंत पटेल, निवासी नयापारा नवीन स्कूल के सामने बेमेतरा, थाना एवं जिला बेमेतरा एवं महिला सुनिता आनंद पिता रॉबर्ट आनंद निवासी सिंघौरी वार्ड कमांक-16 बेमेतरा, थाना एवं जिला बेमेतरा को षण्ड्यंत्र में संलिप्त होना पाया गया। षड्यंत्र में संलिप्तता पाये जाने पर अभियुक्ता सुनिता आनंद को 11.06.2020 को गिरफ्तार कर एवं षड्यंत्र में संलिप्तता पाये जाने पर अभियुक्त मोहन पटेल को 15.06.2020 को गिरफ्तार कर न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बेमेतरा में पेश किया गया। प्रकरण में 25.01.2021 को पुलिस द्वारा न्यायालय, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बेमेतरा छ.ग. के न्यायालय में धारा 120 (बी), 193, 454 भा.द.सं. एवं धारा 20 (बी) (2) (ड्ड) एवं धारा 29 नॉरकोटिक्स एक्ट के अंतर्गत् प्रकरण में विचारण किया गया। प्रकरण में गवाहों के बयान एवं इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य के आधार पर तीनों अभियुक्तगण शाकिर हिंगोरा, मोहन पटेल, एवं सुनिता आनंद के विरूद्ध षण्ड्यंत्र में शामिल होकर प्रार्थी अनीस मेमन को झूठा गांजा केस में फंसाने का प्रयास किये जाने का दोषसिद्ध प्रमाणित हुआ। दोषसिद्धि प्रमाणित पाये जाने के पश्चात् 19.03.2025 को तीनों अभियुक्तगण शाकिर हिंगोरा, मोहन पटेल, एवं सुनिता आनंद को न्यायाधीश अनिता कोशिमा रावटे, न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी बेमेतरा, जिला-बेमेतरा छ.ग. के न्यायालय द्वारा तीनों अभियुक्तगण शाकिर हिंगोरा, मोहन पटेल, सुनिता आनंद को भा.द.सं. के धारा-120 (बी) में 03 साल का कारावास एवं 1000 रू. अर्थदण्ड से एवं धारा-193, में 03 साल का कारावास एवं 1000 रू. अर्थदण्ड से एवं धारा-454 में 01 साल का कारावास एवं 1000 रू. अर्थदण्ड से एवं धारा 20 (बी) (2) (ए) में 01 साल का कारावास एवं 3000 रू. अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। प्रकरण में शासन की ओर से जिला अभियोजन अधिकारी अपर्णा अग्रवाल ने पैरवी की।

# कथा के माध्यम से अंतःकरण को शुद्ध किया जाता है : शास्त्री

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



ग्राम मऊ शितला मंदिर प्रांगण बजार चौक मे आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह मे कथा व्यास आचार्य पंडित झम्मन प्रसाद शास्त्री बताते है। कथा का उद्देश्य केवल यश पाने के लिए किसी इच्छा के अधीन किया गया धर्म कार्य नहीं बल्कि कथा के माध्यम से अंतःकरण को शुद्ध किया जाता है। भगवान को पाने की इच्छा तो परीक्षित और सुखदेव का संवाद ही सुन ले तो जीवन धन्य हो जाएगा। अकाल मृत्यु से बचने के लिए भागवत कथा का श्रवण अवश्य करें। यह बात आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के द्वितीय दिवस में शास्त्री ने कही। उन्होंने कहा कि प्रभु की लीला के बगैर ना कोई जन्म ले सकता है। ना किसी की मृत्यु हो सकती है। इसी कालचक्र में ईश्वर की सहमति विद्यमान है। रहती है। अकृतार्थ जीवात्मा को पुनर्जन्म लेना पड़ता है। इसलिए 24 घंटे मे कम से कम सवा घंटा प्रभु की स्तुति स्तुति भजन कीर्तन के माध्यम से करना चाहिए। जीवन का उद्देश्य ईश्वर को पाना है। ना कि केवल धन वैभव और जिवकोपार्जन के लिए लगे रहना। महाराज ने संकीर्तन का महत्व बताते हुए कहा की प्रभात फेरी राम नाम संकिर्तन से युवाओं में सनातन धर्म के प्रति जागृति लाने का तरीका भी सुझाया। उन्होंने कहा कि रामराज लाना हो तो कर्ज माफी नहीं बल्कि कर्ज लेना ही न पड़े ऐसा वातावरण बनाना पड़ेगा। शास्त्री ने कहा कि जब कोई व्यक्ति सात्विक मन से ईश्वर को पाने की चेष्टा करता है तो शुकदेव जैसे ज्ञानी का प्रदार्पण होता है। श्रवण योग से आसान कोई दूसरा रास्ता परमात्मा को पाने का नहीं है। गौरव की बात है कि हम सभी सनातन धर्मी दो-चार दिनों के नहीं बल्कि 31 नील 10 खरब 40 अब पुराने हैं।

# नगर पालिका दल्लीराजहरा में प्रेसिडेंट इन काउंसिल का गठन

**दल्लीराजहरा।** छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 43 धारा 70 के अंतर्गत कार्य का संचालन तथा प्राधिकारियों की शक्तियों एवं कर्तव्य नियम 1998 में निहित प्रावधानों के तहत नगर पालिका दल्लीराजहरा में प्रेसिडेंट इन काउंसिल का गठन कर पार्षदों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रेसिडेंट इन काउंसिल के अध्यक्ष तोरण साहू नगर पालिका अध्यक्ष दल्ली राजहरा एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी सचिव होंगे। प्रेसिडेंट काउंसिल सदस्यों के नाम में संजीव सिंह आवास पर्यावरण एवं लोक निर्माण विभाग, सुरेश जायसवाल जल कार्य विभाग, अरुणा रामटेके स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग, विशाल मोटवानी राजस्व तथा बाजार विभाग, भूपेंद्र कुमार श्रीवास खाद्य, नागरिक आपूर्ति, पुनर्वास तथा नियोजन विभाग, शिवांगी ध्रुव शिक्षा महिला तथा बाल कल्याण विभाग, मनोज दुबे विधि तथा सामान्य प्रशासन विभाग दिया गया है।




# जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक संपन्न

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक संपन्न हुई। जिला पंचायत के सभागार में जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष खुशबू गोविंद वर्मा, जिला पंचायत सीईओ टेकचंद अग्रवाल सहित जिला पंचायत के सभी सदस्य एवं जिला अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में जिले के विकास कार्यों की समीक्षा और भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक की शुरुआत में वर्ष 2025-26 के लिए डीपीडीपी (वार्षिक कार्ययोजना) निर्माण पर विस्तारपूर्वक विचार-विमर्श किया गया। सदस्यों ने विकास योजनाओं की प्राथमिकताओं और वित्तीय प्रबंधन के संबंध में अपने सुझाव प्रस्तुत किए। इसके बाद पंचायत सम्मिलन में हुए व्यय की कार्योत्तर स्वीकृति तथा जिला पंचायत सदस्यों के प्रथम सम्मिलन में हुए व्यय की स्वीकृति के प्रस्ताव पारित किए गए। इन स्वीकृतियों से पंचायत स्तरीय कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। जिले में पानी की समस्या को दूर करने के लिए विभिन्न उपायों पर गहन चर्चा की गई। सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि जरूरतमंद क्षेत्रों में पानी की तत्काल आपूर्ति के लिए पानी टैंकर भेजे जाएंगे। साथ ही समस्त नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित करने पर विशेष बल दिया गया। अधिकारियों ने जानकारी दी कि आगामी दिनों में ग्राम पंचायत स्तर पर जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को वर्षा जल संरक्षण के तरीकों से अवगत कराया जाएगा। अमलडीहा क्षेत्र में निर्माण कार्य समय पर पूर्ण नहीं होने पर सदस्यों ने असंतोष व्यक्त किया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि कार्य में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट किया जाएगा, ताकि भविष्य में विकास कार्यों में देरी न हो। संबंधित विभाग को निर्देश दिए गए कि वे जल्द से जल्द इन कार्यों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करें। बैठक में मरम्मत योग्य आँगनबाड़ियों की मरम्मत कराने सदस्यों ने कहा। आँगनबाड़ी केंद्र बच्चों के पोषण और प्रारंभिक शिक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, अतः उनकी स्थिति सुधारने के लिए त्वरित कदम उठाए जाने चाहिए। अधिकारियों ने कहा कि कुछ आँगनबाड़ियों में मरम्मत हो रही है। जिन आँगनबाड़ियों में मरम्मत की आवश्यकता है, निरीक्षण करा कर जल्द कराया जाएगा। बैठक के अंत में जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने कहा कि जिले के समग्र विकास के लिए सभी सदस्यों और अधिकारियों को मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से अनुरोध किया कि बैठक में लिए गए निर्णयों को समयबद्ध रूप से क्रियान्वित किया जाए और नियमित अंतराल पर प्रगति की समीक्षा की जाए। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष खुशबू गोविंद वर्मा ने भी सभी सदस्यों को आश्वस्त किया कि जिला पंचायत विकास योजनाओं को सफल बनाने के लिए हर संभव सहयोग देगी। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों एवं अधिकारियों ने अपने-अपने सुझाव रखे और भविष्य की रणनीतियों पर सामूहिक रूप से सहमति व्यक्त की।

# पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने विधानसभा में पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, पीडीएस दुकानों के संचालन,नवजात शिशुओं के पोषण का उठाया मुदद‍ा

पायनियर संवाददाता ◀ कवर्धा
www.dailypioneer.com



पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा लगातार विधानसभा में जनहित व शासकीय योजनाओं के विषयों एवं विभिन्न मुद्दों को लेकर विधानसभा में प्रश्न किया जा रहा है। विधानसभा के प्रश्नकाल के दौरान भावना बोहरा ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत राशन वितरण एवं कोविड-19 के समय केंद्र सरकार द्वारा अन्न प्रदाय के वितरण में तत्कालीन प्रदेश की कांग्रेस सरकार में हुई गड़बड़ी का विषय विधानसभा में उठाया। भावना बोहरा ने प्रश्न पूछा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना अंतर्गत छत्तीसगढ़ में निवासरत गरीब परिवारों के लिए प्रतिमाह कितना चावल राज्य को आबंटित किया जाता है? राज्य सरकार द्वारा अप्रैल, 2023 से फरवरी, 2025 तक इस योजना अंतर्गत कितने चावल का वितरण किया गया? जिसका उत्तर देते हुए खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने बताया कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत अंत्योदय एवं प्राथमिकता राशनकार्डधारियों के लिए भारत सरकार द्वारा निर्धारित मासिक प्रात्रता अनुसार वर्तमान में 1,15,338 टन चावल प्रतिमाह आबंटित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत अप्रैल 2023 से फरवरी 2025 तक 25,70,780 टन चावल का वितरण किया गया। पूरक प्रश्न करते हुए भावना बोहरा ने कहा की कोविड-19 के समय में माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों को राहत देने के लिए पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना की शुरुआत की थी। योजना के तहत प्रतिमाह 5 किलो अनाज का निशुल्क वितरण हेतु केंद्र सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य को आवंटित अनाज का वितरण नहीं होने की लगातार शिकायत मिल रही है जिसके संबंध में उन्होंने राज्य सरकार द्वारा कोविड-19 के समय हुई इस अनियमितता की जांच की मांग भी उन्होंने सदन के समक्ष रखा। जिसके उत्तर में माननीय मंत्री जी ने कहा कि इसकी शिकायत नहीं मिली है यदि इसकी शिकायत उपलब्ध कराते हैं तो जांच की जाएगी। भावना बोहरा ने पंडरिया विधानसभा अंतर्गत संचालित राशन दुकानों के संबंध में प्रश्न करते हुए पूछा कि पंडरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत संचालित राशन दुकानों के लिए वर्ष 2023-2024 से 1 फरवरी, 2025 तक कितने गोदाम निर्माण की स्वीकृति प्राप्त हुई है एवं कितने गोदामों का निर्माण हो चुका है और कितने शेष हैं? कितने गोदाम जर्जर हैं? उक्त अवधि में कितनी राशन दुकानें भवनविहीन हैं? इन भवनविहीन दुकानों एवं जर्जर गोदामों का भवन निर्माण एवं जीर्णोद्धार कब तक किया जाएगा? जिसके लिखित प्रतिउत्तर में खाद्य मंत्री ने बताया कि पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत संचालित उचित मूल्य दुकानों के लिए प्रश्नांकित अवधि में उचित मूल्य दुकान-सह-गोदाम निर्माण स्वीकृत नही किया गया है। वर्तमान में विकासखण्ड पण्डरिया में 27 उचित मूल्य दुकान विकासखण्ड कवर्धा में 08 उचित मूल्य दुकान तथा विकासखण्ड सहसपुर लोहारा में 17 उचित मूल्य दुकान के गोदाम मरम्मत किये जाने योग्य है। पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में 62 उचित मूल्य दुकान में स्वयं के दुकान सह गोदाम भवन नहीं है। विभागीय बजट में राशि का प्रावधान होने पर नवीन उचित मूल्य दुकान-सह-गोदाम निर्माण स्वीकृत किया जा सकेगा। भावना बोहरा ने महिला पर्यवेक्षकों के रिक्त पदों के संबंध में प्रश्न करते हुए पूछा कि कबीरधाम जिले में महिला पर्यवेक्षकों के कितने पद स्वीकृत हैं? स्वीकृत पदों में से कितने पद रिक्त हैं? रिक्त पद कब तक भर लिए जाएंगे? रिक्त महिला पर्यवेक्षकों के स्थान पर प्रभारी की भूमिका किसी और को दी जाती है? यदि हां तो किसे दी जाती है ? जिसके लिखित उत्तर में महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने बताया कि कबीरधाम जिला में महिला पर्यवेक्षको के 63 पद स्वीकृत है। स्वीकृत पदो में से पर्यवेक्षको के 02 पद रिक्त है। रिक्त पद की पूर्ति के संबंध में निश्चित समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है। रिक्त महिला पर्यवेक्षको के स्थान पर प्रभारी की भूमिका अन्य सेक्टर के पर्यवेक्षक को दी जाती है। विकासखंड कवर्धा, बोड़ला, पंडरिया एवं सहसपुर लोहारा में कुल 63 पद स्वीकृत हैं जिसमें 4 पद रिक्त हैं। कवर्धा परियोजना में 2 पर्यवेक्षक अतिशेष रूप से पदस्थ हैं एवं सहसपुर लोहारा में 1 पर्यवेक्षक द्वारा कार्यभार ग्रहण नहीं किया गया है। नवजात शिशुओं के पोषण व स्वास्थ्य के संबंध में प्रश्न पूछा कि माह जनवरी, 2024 से 1 फरवरी, 2025 तक प्रदेश में कितने नवजात शिशुओं की 1 वर्ष से कम की आयु में पर्याप्त पोषण ना मिलने से मृत्यु हुई है? गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशु हेतु शासकीय कौन-कौन सी योजनाएं संचालित हैं? किन-किन योजनाओं में विगत 1 वर्षों में कितने लाभार्थी दर्ज हुए हैं? जिसके लिखित प्रतिउत्तर में महिला एवं बाल विकास मंत्री ने बताया कि पर्याप्त पोषण ना मिलने से प्रदेश में किसी भी नवजात शिशु की मृत्यु प्रतिवेदित नही हुई है। उन्होंने बताया कि गर्भवती महिलाएं एवं शिशुवती महिलाओं के लिए पूरक पोषण आहार कार्यक्रम, मुख्यमंत्री सुपोषण योजना एवं प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना का संचालन किया जा रहा है और जिलेवार लाभार्थी महिलाओं एवं शिशुओं की जानकारी भी उपलब्ध कराया गया।

# जल जतन अभियान के अंतर्गत जल जतन पखवाड़ा का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◀ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

जिला प्रशासन द्वारा जिले में जल संरक्षण एवं संवर्धन हेतु लोगों को जागरूक करने चलाए जा रहे जल जतन अभियान के अंतर्गत जल जतन पखवाड़ा का आयोजन कर जिले भर में विभिन्न कार्यक्रमों एवं गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत जिले के गुरूर विकासखण्ड के ग्राम खैरवाही स्थित नाला में जल संरक्षण हेतु बोरी बंधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। बोरी बंधान कार्यक्रम में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, बिहान की महिलाएं और बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपनी सामूहिक भागीदारी निभाते हुए बोरी में रेत भरकर उसे नाला में बांधने का कार्य किया। इससे अब नाला में बह रहे पानी को उपयुक्त मात्रा में रोककर उसका उपयोग किया जा सकेगा। जिससे भूजल स्तर में भी काफी बढ़ोत्तरी होगी। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि आने वाले पीढ़ी के बेहतर भविष्य के लिए पानी का संरक्षण एवं संवर्धन बहुत जरूरी है। इसके लिए जिला प्रशासन बालोद द्वारा जिले में 12 मार्च से 21 मार्च तक जल जतन अभियान के अंतर्गत जल जतन पखवाड़ा चलाया जा रहा है। इस दौरान जन सहयोग एवं विभिन्न विभागों के सामूहिक भागीदारी से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर ग्रामीणों को पानी के संरक्षण एवं संवर्धन के उपायों की जानकारी दी जा रही है। उन्होंने पानी के महत्व की जानकारी देते हुए हर घर में सोख्ता गड्डा का अनिवार्य रूप से निर्माण करने तथा बारिश के दिनों में बहने वाले पानी के लिए रैन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को धरातल में लाने की बात कही। उन्होंने कहा कि हमें पानी का उपयोग और पानी के बचत के बारे में सोंचना चाहिए, जिससे आने वाली पीढ़ी के बेहतर भविष्य को पेयजल संकट का सामना न करना पड़े। कार्यक्रम में बिहान की महिलाओं द्वारा जल संरक्षण के संबंध में नुक्कड़ नाटक एवं गीत-संगीत की प्रस्तुति भी दी गई। इस अवसर पर उप संचालक पंचायत आकाश सोनी, जनपद पंचायत गुरूर के सीईओ उमेश रात्रे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, ग्राम पंचायत के पदाधिकारी, बिहान की महिलाएं और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# 22 से 24 मार्च तक शक्ति में होगा प्रगतिशील छत्तीसगढ़ प्रदर्शनी का आयोजन

## सांसद कमलेश जांगड़े की पहल पर शक्ति में भी लगेगी यह प्रदर्शनी

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

सांसद कमलेश जांगड़े के प्रयासों से छत्तीसगढ़ प्रदेश में पहली बार जांजगीर-चांपा लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत शक्ति विधानसभा के जिला मुख्यालय शक्ति के नंदेली भाटा मैदान में आगामी 22 से 24 मार्च तक केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के लिए प्रगतिशील छत्तीसगढ़ के माध्यम से भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है, इस आयोजन को लेकर जहां नंदेली भाटा मैदान में बड़े डोम के माध्यम से केंद्र एवं राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी अपने स्टालों के माध्यम से प्रदर्शनी लगायेंगे तो वहीं आम जनता को केंद्र एवं राज्य सरकार की समस्त जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी एक ही छत के नीचे विस्तार पूर्वक दी जाएगी इस कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ 22 मार्च को दोपहर 12:00 बजे जांजगीर चांपा लोकसभा क्षेत्र की सांसद कमलेश जांगड़े एवं प्रदेश तथा जिले की दिग्गज राजनीतिक एवं सामाजिक हस्तियों की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न होगा तो वहीं इस पूरे आयोजन को लेकर व्यापक रूप से इसका प्रचार प्रसार किया जा रहा है,एवं क्षेत्रीय सांसद कमलेश जांगड़े के प्रयासों से यह प्रदर्शनी पहली बार शक्ति में लगाई जा रही है। कार्यक्रम -प्रगतिशील छत्तीसगढ़ -उन्नति की ओर एक पहल 22, 23 और 24 मार्च 2025, स्थान - नंदेलीभांठा मैदान, जिला सक्ती (छत्तीसगढ़) में तीन दिवसीय मेगा प्रदर्शनी जिसका समय प्रगतिशील छत्तीसगढ़ का आयोजन 22, 23 और 24 मार्च को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगा और इसमें प्रवेश निःशुल्क रहेगा।इस मेगा प्रदर्शनी का उद्देश्य विभिन्न सरकारी योजनाओं और कार्यक्रमों को बढ़ावा देना है, जो हमारे देश के विकास और नवाचार को आगे बढ़ाने के लिए बनाए गए हैं। इस कार्यक्रम के माध्यम से जमीनी स्तर पर



लोगों को जागरूक किया जाएगा और यह जानकारी दी जाएगी कि सरकार कैसे नए भारत के निर्माणः सरकारी योजनाओं के माध्यम से नागरिकों को सशक्त बनाने के लक्ष्य पर कार्य कर रही है। यह एक अनूठी प्रदर्शनी होगी, जिसमें आम जनता और सरकारी अधिकारियों को एक मंच पर लाया जाएगा। यहां लोग विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में जान सकेंगे, जिनमें भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (ICMR), भारतीय मानक ब्यूरो (BIS), ECGC लिमिटेड, ट्राइब्स इंडिया (ट्राइफेड), खादी और ग्रामोद्योग आयोग (KVIC), पौधों की किस्मों और किसान अधिकार संरक्षण प्राधिकरण (PPVFRA), भारतीय खान ब्यूरो, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, तमिलनाडु बागवानी, भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण विभाग, जल शक्ति मंत्रालय, केंद्रीय यूनानी अनुसंधान परिषद (CCRUM), परमाणु ऊर्जा विभाग, CCRS, कृषि मंत्रालय, केंद्रीय पोल्ट्री विकास संगठन, राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड, राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (NABARD), काजू और कोको विकास निदेशालय, डाक विभाग, भारतीय रिज़र्व बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, केंद्रीय रेशम बोर्ड, राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी), पोल्ट्री विकास संगठन, साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल)आदि शामिल हैं। इस पूरे आयोजन के माध्यम से हमारा लक्ष्य लोगों को इन योजनाओं और संसाधनों की जानकारी देकर सशक्त बनाना है ताकि वे इनका पूरा लाभ उठा सकें और नए भारत के निर्माण में अपना योगदान दे सकें। हम सक्ति जिले के सभी उम्र के नागरिकों को इस प्रदर्शनी में शामिल होने और अधिकतम लाभ प्राप्त करने के लिए आमंत्रित करते हैं। ज्ञात हो की इस तीन दिवसीय प्रदर्शनी के माध्यम से जहां समाज के सर्वे वर्ग के लोगों को इसका प्रत्यक्ष रूप से लाभ मिलेगा तो वहीं जिन योजनाओं की जानकारी के लिए हम परेशान होते हैं एवं हमें जानकारी नहीं मिल पाती, वह सारी जानकारियां एक ही छत के नीचे एवं संबंधित विभाग के जिम्मेदार अधिकारी- कर्मचारियों की मौजूदगी में मिलेगी।

# शक्ति के क्रांति कुमार भारतीय महाविद्यालय के विद्यार्थियों का हुआ विकसित भारत युवा संसद प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर चयन

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com




विकसित भारत युवा संसद प्रतियोगिता में शासकीय क्रान्ति कुमार भारतीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय सक्ति से राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राएं प्रिया मैत्री और प्रियंका देवांगन राज्य स्तरीय विकसित भारत युवा संसद प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए है,युवा एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार और शहीद नंद कुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़, नेहरू युवा केंद्र रायगढ़ के सौजन्य से विकसित भारत युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन उत्तम मेमोरियल कॉलेज रायगढ़ में आज दिनांक 19 मार्च 2025 को किया गया। इस प्रतियोगिता में नोडल जिला रायगढ़ के अंतर्गत रायगढ़ सक्ति और सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के 18 से 25 वर्ष के 99 युवा शामिल हुए।कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सबसे पहले छात्र छात्राओं को माय भारत पोर्टल में विकसित भारत के बारे में अपना 1 मिनिट का वीडियो अपलोड करना था ।इन्हीं सभी छात्र छात्राओं के लिए एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर आज 3 मिनिट का भाषण प्रस्तुत किया गया।जिसमें से टॉप 10 छात्र छात्राओं का चयन राज्य स्तरीय विकसित भारत युवा संसद प्रतियोगिता के लिए किया गया। शासकीय क्रान्ति कुमार भारतीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय सक्ति की राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेविका प्रिया मैत्री और प्रियंका देवांगन ने बहुत शानदार भाषण देकर चयनकर्ता को प्रभावित कर अपना स्थान राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए पक्का किया।आज के कार्यक्रम में माननीय कुलपति प्रो डॉ ललित प्रकाश पटेरिया, मुख्य अतिथि रायगढ़ महापौर जीवर्धन चौहान, रायगढ़ नगर निगम के सभापति, उत्तम मेमोरियल कॉलेज के चेयरमैन गौतम चौधरी, डॉ सुशील कुमार एक्का कार्यक्रम समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना, प्रो सोमेश कुमार घिटोड़े जिला संगठक शक्ति,रायगढ़ के जिला संगठक भोजराम पटेल ,नेहरू युवा केंद्र के चंद्रभूषण चौबे की उपस्थिति में संपन्न हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ डी पी पाटले ने दोनों छात्रों को इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रो सोमेश कुमार घिटोड़े जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना ने भी प्रिया मैत्री और प्रियंका देवांगन को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामना दी। प्रो डॉ. शकुंतला राज, प्रो अजय देवांगन प्रो ललित सिंह प्रो हेमपुष्पा चंद्रा प्रो ऋतु पटेल प्रो डॉ. हरिशंकर रजक प्रो डॉ टी पी टंडन प्रो महेंद्र यादव सहित समस्त स्टाफ की ओर से दोनों छात्रों को बधाई दिए।

# मौसम की बेरुखी से ओले पड़े



पायनियर संवाददाता ◄ जैजैपुर
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत जैजैपुर में मौसम ने ऐसा करवट बदला की बर्फबारी हुई जिससे किसान के द्वारा लगाए गए तरबूज एवं प्याज पर मार पडने की संभावना बताई गई। मौसम का रुझान 21 मार्च से 26 मार्च तक बारिश की जानकारी मिल रही है । वहीं पर आज नगर पंचायत जैजैपुर में ओले पड़े जिनसे की मौसम सुहाना जरूर हुआ वहीं पर गर्मी से राहत भी मिले । वहीं पर किसान के लिए यह बारिश सर दर्द बनता जा रहा है इसकी मार आने वाले समय में सभी जनता के ऊपर पड़ेगी । तरबूज एवं प्याज की फसलों में उछाल बनने की आशंका महसूस हो रही है ।

# कार्यक्रम स्थल सहित अन्य व्यवस्थाओं का लिया जायजा

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

खाटू धाम- 12 जून को अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन द्वारा राजस्थान प्रदेश के खाटू धाम में आयोजित द्वितीय अंतरराष्ट्रीय अग्र विभूति अलंकरण समारोह 2025 के आयोजन की तैयारीयो के लिए अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार मित्तल अपनी टीम के साथ खाटू धाम पहुंचे, जहां उन्होंने सर्वप्रथम बाबा खाटू श्याम के दर्शन किए तथा 12 जून के कार्यक्रम की सफलता के लिए बाबा से आशीर्वाद प्राप्त किया, साथ ही अध्यक्ष राजकुमार मित्तल के साथ उनकी टीम ने खाटू धाम में स्थित अलंकरण समारोह के कार्यक्रम स्थल छत्तीसगढ़ भवन पहुंचकर वहां आवास व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल का हाल,भोजन व्यवस्था, इवेंट सहित अन्य तैयारियो का भी जायजा लिया, साथ ही पूरी व्यवस्थाओं से भी रूबरू हुए, इस दौरान खाटू धाम पहुंचे अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार मित्तल ने एक भेंटवार्ता में बताया कि बाबा श्याम की कृपा से द्वितीय अग्र अलंकरण का आयोजन खाटू नगरी में प्रस्तावित है, इस कार्यक्रम में देश-विदेश की अग्रवाल समाज की 36 अलग-अलग क्षेत्र में अपने कार्यों से अग्रकुल को गौरवांनित करने वाली महान विभूतियों को अग्रवाल समाज के दानदाता प्रायोजक परिवारों के सहयोग से सम्मानित किया जाएगा तो वहीं इस आयोजन के दौरान अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन द्वारा आने वाले दिनों के लिए अपनी संगठन संबंधी कार्य योजना भी तैयार की जाएगी। मित्तल ने बताया कि 12 जून के इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न



स्थानों से लगभग 1000 की संख्या में समाज के लोग पहुंचेंगे तथा सभी नागरिकों के लिए अग्रिम पंजीयन की व्यवस्था की गई है, जिसमें अग्रिम पंजीयन करवा कर समाज के लोग इन व्यवस्थाओं का लाभ ले सकते हैं, एवं इस कार्यक्रम के दौरान प्रायोजक परिवार एवं चयनित विभूति परिवार के लिए रुकने की संपूर्ण व्यवस्था निशुल्क की गई है, मित्तल ने बताया कि 12 जून का कार्यक्रम बड़े ही भव्य रूप से आयोजित किया गया है तथा इसके लिए अग्रवाल समाज के देश-विदेश में निवासरत नागरिकों से आवेदन के माध्यम से जानकारियां मंगाई गई है तथा इन जानकारी के आधार पर उनका चयन कर कार्यक्रम से एक माह पूर्व ही इसकी चयनित सूची जारी कर दी जाएगी, खाटू धाम पहुंचे अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष राजकुमार मित्तल ने इस दौरान अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन परिवार के भी सदस्यों से मुलाकात कर उनसे पूरे कार्यक्रम की तैयारी को लेकर भी चर्चा की है। ज्ञात हो की अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन का द्वितीय अंतरराष्ट्रीय अग्र विभूति अलंकरण समारोह का आयोजन होना है तथा इस आयोजन को लेकर सभी तैयारियां प्रारंभ हो चुकी है, एवं प्रथम अलंकरण समारोह का आयोजन साल 2024 में कोलकाता में संपन्न हुआ था एवं खाटू धाम के कार्यक्रम को लेकर पूरी दुनिया के अग्रवाल समाज के लोगों में भी काफी उत्साह देखा जा रहा है, तो वहीं अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन परिवार के भी सभी सदस्य इस अलंकरण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जुटे हुए हैं, एवं अध्यक्ष राजकुमार मित्तल से प्राप्त जानकारी के अनुसार 36 महान विभूतियों को सम्मानित किए जाने वाले अलंकरण कार्यक्रम के लिए लगभग 200 की संख्या में आवेदन प्राप्त हो चुके हैं, एवं 15 अप्रैल तक आवेदन लिए जाएंगे एवं उसके पश्चात एक सप्ताह के अंदर सभी प्राप्त आवेदनों में से चयनित विभूति का चयन किया जाएगा।

# उपकार-10 अप्रैल को बाबा श्याम के कीर्तन का होगा आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com




आगामी 10 अप्रैल 2025 को उपकार खाटू वाले का, कीर्तन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया है, इस कीर्तन कार्यक्रम में मुंबई के प्रसिद्ध भजन गायक प्रमोद त्रिपाठी, कोलकाता के शुभम रूपम एवं हरियाणा से वर्षा गर्ग बाबा श्याम के भजनों की प्रस्तुति देंगे, उपरोक्त जानकारी देते हुए दादूराम ट्रेडर्स, मोचन इंफ्रा स्टेट, मुरली अग्रवाल, अमित अग्रवाल एवं बिलासपुर के श्याम प्रेमियों ने बताया कि उपकार कीर्तन कार्यक्रम के आयोजन के लिए भव्य रूप से तैयारी की जा रही है, एवं देश के विभिन्न राज्यों से श्याम प्रेमी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे, तथा बाबा श्याम का भव्य दरबार सजेगा तो वहीं सभी आंगुतक श्याम प्रेमियों के लिए प्रसाद की भी व्यवस्था की गई है।

# नगर पंचायत शिवरीनारायण में अध्यक्ष ने किया प्रेसीडेन्ट इन कौंसील का गठन

पायनियर संवाददाता ◄ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



टेम्पल सिटी शिवरीनारायण में नगर पंचायत अध्यक्ष राहुल थवाईत ने नगर पंचायत शिवरीनारायण में 17 मार्च को नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 70 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए परिषद की काम काज के संचालन हेतु प्रेसीडेन्ट इन कौंसील का गठन किया जिसके अनुसार नगर पंचायत उपाध्यक्ष एवं पार्षद वार्ड क्र.09 सरस्वती यादव को विधि-विधायी एवं सामान्य प्रशासन विभाग, अकुर गोयल पार्षद वार्ड क्र.15 को पेयजल, विघुत, आवास, पर्यावरण एवं लोकनिर्माण विभाग, सरला केशरवानी पार्षद वार्ड क्र. 10 को राजस्व व बाजार विभाग, रेखा कश्यप पार्षद वार्ड क्र.12 को महिला एवं बाल कल्याण विभाग , तथा वार्ड 13 के पार्षद धर्मेन्द्र कुमार राम को शिक्षा , स्वास्थ्य , खाद्य,एवं नागरिक आपुर्ति विभाग का अस्थायी रूप से प्रभारी बनाया है ।

# स्कूलों में 23 मार्च को उल्लास महापरीक्षा, तैयारी पूर्ण

पायनियर संवाददाता ◄ उतई
www.dailypioneer.com

नवभारत साक्षरता मिशन के अंतर्गत राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण की महत्वकांक्षी योजना उल्लास महापरीक्षा 2024-25 का आयोजन राज्य भर में दिनांक 23 मार्च दिन रविवार को आयोजित की जा रही है। इसके लिए सत्र प्रारम्भ से ही जिला साक्षरता मिशन एवं ब्लॉक साक्षरता मिशन के साझा प्रयास से विकासखंड के सभी प्राथमिक, उच्च प्राथमिक हाई स्कूल, हायर सेकंडरी स्कूल एवं डी एड. बी. एड. कॉलेज के प्राचार्यो की कई दौर की बैठकें आयोजित की गयी। दुर्ग ब्लॉक में इसकी तैयारी पूर्व से ही कर ली गयी है। इस हेतु विकासखंड शिक्षाधिकारी गोविंद साव, ब्लॉक नोडल प्रभारी राजेश्वरी चंद्राकर के नेतृत्व में दुर्ग विकासखंड के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र के 41 एवं शहरी क्षेत्र के 34 संकुल केंद्रों कुल 75 संकुलों के अंतर्गत 189 परीक्षा केंद्रों में कुल 8315 असाक्षरों को महापरीक्षा में सम्मिलित कर साक्षर बनाने हेतु रुपरेखा तैयार कर आयोजन को सफल बनाने हेतु प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु विकासखंड के सभी संकुल प्राचार्यों, संकुल समन्वयकों , प्रधान पाठकों एवं शिक्षकों ने अपने - अपने स्तर पर विभिन्न प्रकार के नवाचार जैसे - दीवारों पर स्लोगन, नारा लेखन, शिक्षार्थियों का गुलाल लगाकर स्वागत करना, पुष्पगुच्छ देना, घर - घर पीला चाँवल देकर उन्हें आमंत्रित करना तथा जनसहयोग से न्योता भोजन के तर्ज़ पर भोजन अथवा स्वल्पाहार की व्यवस्था करना आदि की योजना तैयार कर ली है। इस महापरीक्षा की सतत मॉनिटरिंग एवं सफल संचालन हेतु विकासखंड स्तर पर कण्ट्रोल रूम एवं शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के लिए पृथक - पृथक मॉनिटरिंग दल का गठन कर महापरीक्षा में शत प्रतिशत पंजीकृत असाक्षरों को साक्षर बनाने हेतु सभी कृतसंकल्पित हैं।

# 22 से जोगरा में होगा संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन



**सक्ती।** शक्ति विकासखंड के ग्राम-जोगरा में आगामी 22 मार्च से 29 मार्च तक संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है, इस श्रीमद् भागवत कथा में व्यास पीठ पर पंडित कृष्णा तिवारी जी महाराज (तागा वाले) विराजमान होकर अपने मुखारविंद से कथा का रसपान कराएंगे एवं पूरे आयोजन में अंचल के विद्वान पंडित भोला शंकर तिवारी जी के सानिध्य में यह कार्यक्रम संपन्न होगा, उपरोक्त जानकारी देते हुए आयोजन समिति ग्राम जोगरा के धर्म प्रेमियों ने बताया कि 22 मार्च को कलश यात्रा के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा तथा 23 मार्च को कथा प्रारंभ,गौकरण चरित्र, 24 मार्च को शिव सती चरित्र, 25 मार्च को नरसिंग अवतार, 26 मार्च को कृष्ण प्राकट्य, 27 मार्च को गोवर्धन पूजा, 28 मार्च को रुक्मणी विवाह, 29 मार्च को सुदामा चरित्र एवं 30 मार्च को सहस्त्र धारा पूर्णाहुति के साथ कार्यक्रम संपन्न होगा,जोंगरा में होने वाले श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह को लेकर व्यापक रूप से तैयारी चल रही हैं, तथा ग्राम पंचायत जोगरा के धर्म प्रेमी पूरे आयोजन को सफल बनाने में जुटे हुए हैं, वही कथा समय प्रतिदिन दोपहर 2:00 बजे से होगा तथा संपूर्ण कार्यक्रम ग्राम जोगरा में होगा, आयोजन समिति ने सभी धर्म प्रेमियों को सह परिवार इस श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में उपस्थित होकर कथा श्रवण करने एवं पुण्य का लाभ लेने की अपील की है।

# गौ विज्ञान परीक्षा के परिणाम घोषित, शक्ति जिले के विद्यार्थियों ने भी किया बेहतर प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com






छत्तीसगढ़ राज्य में विद्यार्थियों के मध्य गाय का वैज्ञानिक पक्ष सामने लाने के उद्देश्य से आयोजित गौ विज्ञान परीक्षा 2024 के जिला स्तरीय परीक्षा का परिणाम आज घोषित किया गया। प्रदेश के 33 में से 30 जिलों में यह परीक्षा संपन्न हुई। कुछ जिलों में अपेक्षित संख्या न होने के कारण उसे समीप के दूसरे जिले से संबद्ध कर दिया गया। जिला स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को नगद पुरस्कार 5100/-. 3100/- एवं 1100/- प्रदान किये जाएंगे साथ ही जिले में चतुर्थ एवं पंचम स्थान प्राप्त को गोमय कीट प्रदान किया जाएगा। जिले में प्रथम पाँच स्थान प्राप्त सभी विजेता प्रदेश स्तरीय परीक्षा के लिये पात्र होंगे। प्रदेश स्तरीय परीक्षा आगामी 20 अप्रैल रविवार को रायपुर में प्रातः 10 से 12 बजे संपन्न होगी एवं इसी दिन दोपहर 1 से 4 बजे के मध्य आयोजित कार्यक्रम में जिला एवं प्रदेश स्तर के पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। प्रदेश स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वालो को क्रमशः 51,000/-, 31,000/- एवं 21,000/ नगद पुरस्कार दिए जाएंगे। परीक्षा स्थल की सूचना पृथक से दी जाएगी

महाविद्यालय स्तर पर सिर्फ कांकेर, धमतरी, महासमुंद, राजनांदगांव, बालोद, दुर्ग, बेमेतरा, कवर्धा, बिलासपुर, कोरबा, जांजगीर-चांपा एवं सूरजपूर जिलो में ही पर्याप्त संख्या में प्रतिभागी पंजीकृत हुए अतः इन जिलों में महाविद्यालय स्तर पर घोषित जिला स्तरीय पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। चूंकि शेष जिलों में निर्धारित न्यूनतम संख्या में प्रतिभागी पंजीकृत नही हुए थे तथापि वहां की समिति से विचार कर स?द्भावनापूर्वक सभी को भाग लेने दिया तथा उन्हें प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में सम्मिलित होने का अवसर प्रदान किया गया है जहां वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते है,उक्त जानकारी देते हुए गौ विज्ञान परीक्षा के प्रदेश परीक्षा प्रमुख सुबोध राठी, सह प्रमुख मनोज पाण्डे, मनोज गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष आयोजित परीक्षा के प्रथम चरण में कुल 1 लाख 1 हजार 551 बच्चों ने पूरे प्रदेश में भाग लिया जिसमें से 6115 बच्चे द्वितीय चरण में जिला स्तरीय परीक्षा में सहभागी हुए। अब कुल 370 बच्चे तृतीय चरण में प्रदेश स्तरीय परीक्षा में सहभागी होंगे। आगामी 5 अप्रैल से विद्यालय / महाविद्यालय स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कार वितरण प्रारंभ किया जाएगा जो की उनके विद्यालय स्तर पर वितरित किया जाएगा। प्रदेश के लगभग 6000 विद्यालयों में हुई इस परीक्षा में माध्यम से 10 लाख से अधिक विद्यार्थियों के मध्य गाय का सम्पूर्ण विषय रखा गया। संस्था का प्रयास है कि आगामी 4 वर्षों में इस परीक्षा के माध्यम से गाय का धार्मिक एवं वैज्ञानिक पक्ष विद्यार्थियों के मध्य रखकर विद्यार्थियों को गोव्रति बनाया जाय। इस अभियान के माध्यम से छुट्टा गोवंश का व्यवस्थापन हो। घर-घर गौपालन हो हर घर गाय के दूध, दही, घी का सेवन हो। गो आधारित कृषि का व्यापक प्रचार प्रसार हो। स्कूल एवं घरों में किचन गार्डन का निर्माण हो। हर गांव और मोहल्ले में छोटी-छोटी गौ सेवा टोली का निर्माण हो। पूरा प्रदेश आगामी 4 वर्षों में गौ समृद्ध प्रदेश बने ऐसा हमारी संस्था का प्रयास है।

# विशेष राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का आयोजन शंकरगढ़ प्राथमिक शाला में

पायनियर संवाददाता ◄ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलबहरा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा शंकरगढ़ प्राथमिक शाला में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में विद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवकों ने समाज सेवा के विभिन्न कार्यों में भाग लिया और ग्राम पंचायत के सहयोग से समुदाय में जागरूकता फैलाने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किया जिसमें स्वयंसेवकों के द्वारा नशा मुक्ति रैली स्वच्छता अभियान जैसे सामाजिक कार्य किए गए शिविर के नियमानुसार प्रतिदिन प्रभात फेरी बौद्धिक चर्चा एवं नुक्कड़ नाटक इत्यादि कार्यक्रम किए जाते थे संस्था के प्राचार्य बलराज पाल द्वारा प्रतिदिन छात्रों से भेंट मुलाकात कर स्वयं सेवकों को राष्ट्र सेवा के बारे में बताना कि यह सेवा सर्वोपरि है यह शिविर आपके जीवन का अमूल्य योगदान होगा। प्रतिदिन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलबहरा के द्वारा दो महिला स्टाफ द्वारा स्वयंसेवकों को नाश्ता एवं भोजन बनवाने के लिए पूर्ण योगदान मिलता था कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ और स्थानीय लोगों के द्वारा किया गया उन्होंने इस प्रकार के शिविर के आयोजन की महत्ता पर जोर देते हुए कहा कि इससे विद्यार्थियों में समाज सेवा के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी का विकास होता है शंकरगढ़ पंचायत के सरपंच फूल सिंह द्वारा स्वयंसेवकों को शुभकामनाएं दी गई एवं बीच-बीच में आकर बौद्धिक चर्चा में सम्मिलित होकर स्वयंसेवकों को राष्ट्र सेवा के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

# कट्टे की नोक पर व्यवसायी से लूट करने वाले गिरोह के 3 आरोपियों को जशपुर पुलिस ने धर दबोचा

## लूट का मास्टरमाईंड जशपुर का कुख्यात बदमाश विक्की घांसी

पायनियर संवाददाता ∢ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



18 मार्च को जोगेष्वर बनर्जी उम्र 78 साल निवासी सन्ना रोड जषपुर ने थाना जशपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि इनका जशपुर में पुस्तक की दुकान है। 16 मार्च की रात्रि लगभग 08:25 बजे अपने दुकान को बंद कर अपने स्टॉफ के साथ स्कूटी से वापस घर लौट रहा था उसी दौरान सन्ना रोड के दुकान की गली में खड़े 02 अज्ञात लोग इनके स्कूटी को रोके एवं कट्टा दिखाकर मुक्के से प्रहार कर बैग में रखे 35 हजार रू. को बैग सहित लूट कर भाग गये। प्रार्थी की उक्त रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली जशपुर में बी.एन.एस. की धारा 311, 3(5), 62(2) एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। उक्त लूट के गंभीर प्रकरण में एसएसपी शशि मोहन सिंह द्वारा एसडीओपी जशपुर चंद्रषेखर परमा एवं निरीक्षक आशीष तिवारी के नेतृत्व में टीम बनाकर पतासाजी के लिए लगाया गया था, साथ में सायबर सेल को भी सम्मिलित किया गया था। मुखबीर सूचना एवं तकनीकि विष्लेषण से ज्ञात हुआ कि उक्त घटना को जशपुर का पुराना बदमाश विक्की घांसी अपने 02 अन्य साथियों के साथ अंजाम दिया है। पुलिस द्वारा उपरोक्त आरोपियों को लगातार पतासाजी की जा रही थी। विवेचना दौरान ज्ञात हुआ कि उक्त आरोपीगण बेलपहाड़ क्षेत्र में छिपकर रह रहे हैं, इस पर त्वरित कार्यवाही कर दबिष देकर उक्त तीनों आरोपियों को अभिरक्षा में लेकर थाना लाया गया। आरोपी विक्की घांसी ने मेमोरंडम कथन में बताया कि यह जिला बदर होने से बाहर रहता था, चोरी छिपे कभी-कभार आता था। विरेन्द्र भगत से इसका पहले से दोस्ती था, दोनों एक माह पहले भी प्रार्थी जोगेश्वर बनर्जी को अकेले आते-जाते देखकर लूटने का प्रयास किये थे परंतु एक व्यक्ति ने उन्हें घर में पहुंचा दिया। करीब 15 दिनों से प्रार्थी का वे रेकी कर रहे थे। 16 मार्च के शाम लगभग 07:30 बजे विरेन्द्र भगत अपने पास कट्टा रखकर अपने एक अन्य साथी विमल भगत को रॉड देकर विक्की घांसी के पास पहुंचे, फिर तीनों मिलकर लूटने का योजना बनाये। फिर तीनों योजना अनुसार मोटर सायकल से बैठकर व्यवसायी के दुकान के पास जाकर रेकी किये। दुकान के पास विरेन्द्र भगत मोटर सायकल से रूक गया एवं कट्टा को विक्की घांसी को दे दिया एवं उन्हें करबला रोड पर मिलने हेतु बताया। व्यवसायी के दुकान से निकलने पर फोन कर विक्की एवं विमल भगत को बताया, तत्पष्चात् व्यवसायी के सन्ना रोड पर पहुंचते ही उनपर कट्टा को तान कर मुक्का से वार कर उनके बैग को लूट लिया। फिर दोनों भागते हुये अपने साथ विरेन्द्र भगत से मिले और उसका कट्टा को वापस कर दिये। तत्पश्चात् एक मोहल्ले में जाकर वे शराब पीये एवं लूट के पैसे में आधे पैसे अलग रखे एवं शेष को आपस में बांट लिये। विक्की घांसी को लूट में मिले 20 हजार रू. में से 6720 रू. को खर्च कर देना बताया, विरेन्द्र भगत को लूट में मिले 09 हजार में से 4350 रू. खर्च कर देना बताया, विमल भगत द्वारा लूट में मिला 06 हजार रू. में से 04 हजार रू. को खर्च कर देना बताया। विक्की घांसी पिछले साल कृपा पान भंडार के पास से एक मोटर सायकल सी.जी. 14 एमएच 8422 को चोरी किया था, उक्त वाहन से यह चोरी छिपे घूमता था पुलिस द्वारा उक्त मोटर सायकल एवं बचा हुआ रकम 13280 रू. को भी जप्त किया गया है। विक्की घांसी के विरूद्ध जशपुर थाना में चोरी/नकबजनी, आर्म्स एक्ट, छेड़छाड़ मारपीट करने जैसे 16 गंभीर अपराध दर्ज हैं एवं 11 प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई है। घटना में प्रयुक्त देशी कट्टा को विरेन्द्र भगत के मेमोरंडम कथन से जप्त किया गया है एवं विमल भगत से लोहे का रॉड एवं लूटी हुई बैग को जप्त किया गया है। उक्त कार्यवाही में एसडीओपी जशपुर चंद्रशेखर परमा, निरीक्षक आषीष तिवारी उप निरीक्षक राजकुमार कष्यप, स.उ.नि. दिलबंधन भगत, प्र.आर. आनंद श्रीवास्तव, आर. 350 हेमंत, आर. शोभनाथ, न.सै. थानेश्वर देशमुख, न.सै. प्रमोद यादव का योगदान रहा है।

> व्यवसायी से लूट के 03 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, ऐसे असामाजिक तत्वों के खिलाफ जशपुर पुलिस सख्त कदर उठायेगी, गुंडागर्दी एवं लूटपाट के मामलों में त्वरित कार्यवाही की गई है।
> **शशि मोहन सिंह, एसएसपी जशपुर**

# कलेक्टर अग्रवाल की अध्यक्षता में परामर्शदात्री समिति की हुई बैठक

पायनियर संवाददाता ∢ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



अधिकारी-कर्मचारियों से संबंधित समस्याओं के निराकरण के संबंध में कलेक्टर दीपक अग्रवाल की अध्यक्षता में विभिन्न संगठन के पदाधिकारियों के साथ जिला स्तरीय संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक सम्पन्न हुई। जिला स्तरीय इस बैठक में जिले के अधिकारी- कर्मचारियों एवं शिक्षकों के विभिन्न संघों ने शासकीय सेवकों की विभिन्न समस्याओं एवं सुझावों को कलेक्टर के समक्ष रखा। कलेक्टर अग्रवाल ने संगठनों द्वारा प्रस्तुत सभी मांगो, समस्याओं और सुझावों को नियमानुसार निराकृत करने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही अधिकारी-कर्मचारियों के समस्याओं के प्राथमिक स्तर पर ही निराकरण करने सभी जिला अधिकारियों को अपने- अपने विभाग में परामर्शदात्री बैठक आयोजित करने के निर्देश दिये। कलेक्टर अग्रवाल ने बैठक में शामिल अधिकारी-कर्मचारियों संघ के सदस्यों को शासकीय सेवा के दौरान कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन के लिए अपने संघ के माध्यम से अधिकारी-कर्मचारियों से अपील करने की बात कही। इस दौरान बैठक में अपर कलेक्टर अरविंद पाण्डेय, प्रकाश राजपूत, नवीन भगत सहित अधिकारी-कर्मचारियों के विभिन्न संघों के प्रतिनिधिगण मौजूद रहे। परामर्श दात्री समिति की बैठक में संघ के सदस्यों ने समयबद्ध तरीके से शासकीय आवासों के आवश्यक मरम्मत एवं रंग-रोगन, पेंशन प्रकरणों का समय पर निराकरण, अवकाश प्रकरणों, अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरण एवं कर्मचारियों के आवश्यकतानुसार विभागीय परीक्षा आयोजित करने, सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति, समयमान का लाभ, परीक्षा अवधि पूर्ण कर चुके कर्मचारियों को क्रमोन्नति, एरियर्स राशि का भुगतान, नियमितिकरण, ग्रेडेशन लिस्ट जारी करने, डीएमएफ फंड से लिपिक सदन में बॉन्ड्रीवाल तथा बोर खनन करवाने, दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को समय पर वेतन भुगतान करवाने, पेंशन प्रकरणों का निराकरण एवं स्वतत्वों का भुगतान शीघ्र कराने के संबंध में मामले को कलेक्टर के समक्ष रखा। साथ ही विभाग में लिपिकों के कार्य विभाजन में समय अंतराल पश्चात रोटेशन करने की भी जरूरत बताई। इससे कार्यालय के सभी कर्मचारी सभी प्रकार के कार्यो के लिए कुशल होंगे।

कलेक्टर अग्रवाल ने सभी संघों से सदस्यों की समस्याओं एवं सुझावों को गंभीरतापूर्वक सुनकर निराकरण करने के निर्देश बैठक में मौजूद अधिकारियों को दिये।

## कलेक्टर ने राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों की बैठक ली

**गरियाबंद।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक अग्रवाल ने जिले के सभी राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों की निर्वाचन के विभिन्न मुद्दो पर सुझाव प्राप्त करने के संबंध में बैठक ली। बैठक में राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों ने मतदाता सूची अद्यतन करने, नामीनेशन संबंधी सुझाव, स्क्रुटनी, नाम वापसी, प्रतीक आबंटन, मतदान केंद्र संबंधी, ईवीएम, मतदान दलकर्मी, प्रशिक्षण, पोस्टल बैलेट मतपत्र, कानून व्यवस्था, निर्वाचन व्यवस्था संबंधित सुझाव, मतगणना, आदर्श आचरण संहिता, अन्य विभिन्न मुद्दो पर सुझाव दिये। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपूत सहित राजनीतिकदलों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# शिव महापुराण में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए प्रशासन ने किए पूर्ण इंतजाम



पायनियर संवाददाता ∢ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जिले के कुनकुरी विकासखण्ड के मयाली में 21 से 27 मार्च तक आयोजित होने वाली शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। जहां श्रद्धालुओं एवं जनमानस की सुरक्षा हेतु सभी इंतेज़ाम किये गए हैं। जिसके तहत जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा लोगों की सुविधा के लिए कंट्रोल रूम नम्बर जारी किए गए हैं साथ ही 3 कंट्रोल रूम स्थापित किये गए हैं। जिसमें कंट्रोल रूम कुनकुरी 24 घंटे सेवा में उपलब्ध रहेगा। जिसका दूरभाष नम्बर 07764296765 है। वहीं कंट्रोल रूम पुलिस लाइन जशपुरनगर प्रातः 6 बजे से सायं 6 बजे तक सेवा में रहेंगे। जिसका दूरभाष नम्बर 9479193699 है। एक कंट्रोल रूम मयाली में शिव महापुराण कथा पंडाल स्थल के निकट बनाया गया है। जहां प्रातः 6 बजे से सायं 6 बजे तक सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। तीनों कंट्रोल रूम कार्यक्रम समाप्ति तक कार्यरत रहेंगे, इसके लिए अधिकारियों कर्मचारियों की ड्यूटी भी कंट्रोल रूम में लगाई गई है। कार्यक्रम स्थल में श्रद्धालुओं के लिए सभी ज़रूरी इंतज़ाम किये गए हैं। जिसके तहत कार्यक्रम स्थल के निकट अस्थाई अस्पताल का निर्माण किया गया है। जहां पर स्वास्थ्य कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। किसी भी आपात स्थिति के लिए अस्पताल में सभी व्यवस्थाएं की गई हैं। इसके अतिरिक्त 05 खोया पाया केंद्र, 10 सार्वजनिक पार्किंग स्थल, 03 व्हीआईपी पार्किंग स्थल बनाये गए हैं। रायगढ़, रांची, जशपुर की ओर से बसों से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए हेलीपेड के निकट बसों का स्टॉप एवं 05 सार्वजनिक पार्किंग स्थल बनाया गया है। वहीं अम्बिकापुर, बगीचा की ओर से बसों से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए आयोजन स्थल के निकट बस स्टॉप एवं 05 सार्वजनिक पार्किंग स्थल बनाया गया है। कार्यक्रम स्थल के पास 140 यूनिट अस्थाई शौंचालयों का निर्माण किया गया है। किसी भी आपात स्थिति से बचाव के लिए सुरक्षा एवं बचाव प्रणाली के साथ पुलिस बलों की ड्यूटी भी लगाई है। मोबाइल मेडिकल यूनिट भी स्थापित किया गया है। कार पार्किंग स्थल एवं बस स्टॉप से लोगों को कार्यक्रम स्थल तक पहुंचाने के लिए स्थानीय स्तर पर छोटे ऑटो रिक्शा, ई-रिक्शा की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए उनका किराया भी प्रति व्यक्ति 10 रुपये नियत किया गया है। सभी ऑटो चालकों को अधिक किराया ना वसूल करने हेतु निर्देश दिए गए हैं।

# रासायनिक उर्वरकों के अग्रिम उठाव एवं पर्याप्त आपूर्ति के लिए विशेष निरीक्षण दल गठित

पायनियर संवाददाता ∢ कवर्धा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर आगामी खरीफ वर्ष 2025 में रासायनिक उर्वरकों के पर्याप्त भंडारण, वितरण एवं गुणवत्तायुक्त उर्वरकों की उचित मूल्य पर आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जिला स्तर पर निरीक्षण दल गठित किया गया है। इस दल का मुख्य उद्देश्य खाद्य भंडारण, वितरण और अन्य अनियमितताओं पर कड़ी निगरानी रखना है। इस दल में अखिलेश दत्त दुबे, सहायक संचालक कृषि (मो.नं.-8871003543) को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, साथ ही अन्य सहायक अधिकारी भी जिला के विभिन्न क्षेत्रों में निरीक्षण कार्य करेंगे। दल में जिला निरीक्षक सारांश शर्मा (मो.नं.-9424298903), वि.खं. कवर्धा एन. के. एस. नरविरया (मो.नं. -9893419847), एस. के. अहिरवार (मो.नं.-9981847347), वि. खं. बोडला व्ही. के. यादव (मो.नं. -4319154833), पंकज दिल्लीवार (मो.नं. -9926245304), वि.खं. स.लोहारा- आर. सी. भवेल (मो.नं-9407319412), वि.खं. पंडरिया नरेंद्र चंद्राकर (मो.नं.- 8827086040) को नियुक्त किया गया है। कृषि विभाग ने सख्त निर्देश जारी किया है कि यदि खाद भंडारण, वितरण में अधिक दर पर विक्रय या अन्य कोई अनियमितता सामने आती है, तो तुरंत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कृषि विभाग के उपसंचालक अमित मोहंती ने जिले के किसानों से अनुरोध किया जाता है कि वे गन्ना और आगामी खरीफ फसलों के लिए रासायनिक उर्वरकों का अधिक से अधिक अग्रिम उठाव सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से करें। यदि किसी सहकारी या निजी उर्वरक विक्रय केंद्रों पर उर्वरक क्रय से संबंधित कोई समस्या या अनियमितता उत्पन्न होती है, तो वे गठित दल से दूरभाष या लिखित शिकायत कर सकते हैं। इसके माध्यम से दल उचित कार्रवाई करते हुए उर्वरकों की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करेगा और अनियमितताओं पर रोक लगाएगा।

# दिव्यांग सेवा शिविर दिव्यांगजनों के जीवन में लाई एक नई उम्मीद और खुशी, शिविर से दिव्यांगों की बढ़ी आत्मनिर्भरता

पायनियर संवाददाता ∢ कवर्धा
www.dailypioneer.com



पीजी कॉलेज इंडोर में 20 मार्च को प्रारंभ हुए दिव्यांग सेवा शिविर का कलेक्टर गोपाल वर्मा ने अवलोकन किया। इस शिविर का आयोजन बीजेएस द्वारा जैन समाज कवर्धा के सहयोग से किया गया है और यह शिविर 23 मार्च तक चलेगा। शिविर में दिव्यांगजनों के लिए कृत्रिम हाथ, पैर, श्रवण यंत्र, बैसाखी, कैलीपर्स, वाकर जैसे सहायक उपकरण निःशुल्क प्रदान किए जा रहे हैं। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने शिविर के अवलोकन के दौरान दिव्यांग सेवा शिविर में आए लाभार्थियों से उनके अनुभव साझा किए। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कहा कि इस प्रकार के शिविर दिव्यांगजनों के जीवन में एक नई उम्मीद और खुशी लेकर आते हैं, जिससे उनकी आत्मनिर्भरता बढ़ती है। कलेक्टर ने कृत्रिम अंग निर्माण प्रक्रिया का भी अवलोकन किया और दिव्यांगजन को मिले नए अंगों के लिए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कलेक्टर वर्मा ने आयोजकों की इस मानव सेवा के कार्य की सराहना करते हुए उनके द्वारा किए गए पुनीत कार्य को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि यह बहुत ही सराहनीय प्रयास है, जो दिव्यांगजनों को सशक्त बनाने के लिए किया जा रहा है। यह शिविर न केवल उपकरणों का वितरण कर रहा है, बल्कि दिव्यांगजनों के आत्मविश्वास को भी बढ़ा रहा है। दिव्यांग सेवा शिविर के आयोजकों ने बताया कि शिविर में दिव्यांगजनों और उनके सहायक के लिए आवास और भोजन की व्यवस्था भी की गई है। इस आयोजन में भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति की भागीदारी रही है, जो पूरे भारत में दिव्यांगजन के लिए सहायक उपकरण मुहैया कराती है। समिति की 41 शाखाएं देशभर में संचालित हैं, और उनके द्वारा निर्मित उपकरणों का इस्तेमाल 48 देशों में भी किया गया है। इस शिविर के माध्यम से सैकड़ों दिव्यांगजनों को न केवल शारीरिक रूप से सहायता मिल रही है, बल्कि मानसिक रूप से भी उन्हें एक नई उम्मीद और आत्मविश्वास मिल रहा है। इस आयोजन ने समुदाय में संवेदनशीलता और सहयोग की भावना को भी बढ़ावा दिया है। दिव्यांग सेवा शिविर के आयोजकों ने बताया कि आने वाले दिनों में इस तरह के आयोजनों का विस्तार किया जाएगा ताकि अधिक से अधिक दिव्यांगजन इस तरह की मदद से लाभान्वित हो सकें। शिविर के दौरान एक लाभार्थी, जिसे कृत्रिम पैर लगाया गया था, कार्यक्रम में दौड़ कर अपनी खुशी का इज़हार करते हुए बताया कि इस उपकरण के साथ अब वह जीवन में नए अवसरों की ओर बढ़ने को तैयार है। वहीं, एक अन्य लाभार्थी, जिसे कृत्रिम हाथ लगाया गया था, ने खुशी-खुशी बाइक चला कर तीन राउंड लगाए और अपने नए अंग के साथ अपनी आज़ादी का अनुभव किया। वह अपनी खुशी को शब्दों से व्यक्त करते हुए कहा, यह नई शुरुआत है और अब मैं पूरी तरह से आत्मनिर्भर महसूस कर रहा हूँ।

## भोरमदेव महोत्सव के भोजन व्यवस्था के लिए आवेदन आमंत्रित

**कवर्धा।** जिला कार्यालय (खाद्य शाखा) कबीरधाम द्वारा भोरमदेव महोत्सव 2025 में भोजन व्यवस्था के लिए पंजीकृत फर्म से आवेदन आमंत्रित किया गया है। जिला खाद्य अधिकारी सचिन मरकाम ने बताया कि भोरमदेव पंजीकृत फर्म से 24 मार्च 2025 दोपहर 03 बजे तक जिला कार्यालय (खाद्य शाखा) कबीरधाम कक्ष क्रमांक 21 में बंद लिफाफा में उपरोक्त आवेदन आमंत्रित किया गया है।


### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, दिनांक **13.04.2012 को उस्मान मोहम्मद पिता श्री शेख बाबूददीन कुरैशी निवासी धरसींवा रायपुर** के द्वारा एक खुली भूमि जिसका खसरा नं. 276/32, जिसका रकबा 1026 वर्गफूट, जो कि वाके मौजा धरसींवा, पटवारी हल्का नबंर 18/91, रानिम. धरसींवा तह-व जिला रायपुर में स्थित है को **देवनारयण कश्यप पिता श्री सुरीत राम कश्यपय निवासी धरसींवा रायपुर** छ.ग. के पक्ष में विक्रय विलेख निष्पादित किया गया था।

यह कि उसके पश्चात् **देवनारयण कश्यप पिता श्री सुरीत राम कश्यप निवासी धरसींवा रायपुर** ने उपरोक्त संपत्ति को **श्री सिनोध प्रजापति पिता श्री राम लक्षन प्रजापति निवासी धरसींवा रायपुर** को विक्रय कर दिया था, जिसका पंजीयन दिनांक 10.10.2017 को दस्तावेज क्रं 3005 में उप पंजीयक कार्यालय रायपुर में किया गया है।

यह कि पूर्व विक्रय विलेख दिनांक 13.04.2012 की मूल प्रति कहीं गुम हो गई है, तथा बहुत प्रयास के बाद भी नहीं मिल रही है। जिसकी प्रथम सूचना रिपोर्ट धरसीवा थाना रायपुर में 20.03.2025 को की गई है।

यह कि उपरोक्त संपत्ति को बंधक रखकर **श्री सिनोध प्रजापति** के द्वारा ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन मेरे पक्षकार **ऐक्सिस् बैंक लिम. ब्रान्च पंडरी रायपुर** में प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त गुम हुऐ विक्रय विलेख दिनांक 13.04.2012 एवं उपरोक्त संपत्ति के संबंध में किसी भी व्यक्ति या बैंक, वित्तीय या गैर वित्तीय संस्था या कोई अन्य किसी भी प्रकार का हक दावा संबंधी कोई अपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 07 दिनों के अन्दर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज के उपस्थित होकर अपत्ति करे म्याद अवधि के पश्चात् कोई भी दावा अपत्ति शुन्य व अवैध मानी जावेगी एवं मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी। सो सूचना जाने।

रायपुर छ.ग.
दिनांक 21.03.2025

भवदीय
**विजय राठौर, अधिवक्ता**
**ऑफिस भारत गैस गोडाउन के पीछे**
**लक्ष्मी मगर, पचपेडी-एका, रायपुर छ.ग.**
**मो.- 9425202167**

मुहर

### शपथ पत्र

मैं **श्रीहरी साव** उम्र 51 वर्ष पिता रूपसिंह साव जाति तेली निवासी ग्राम / पोस्ट अरेकेल तहसील बसना जिला महासमुन्द (छ.ग.) का निवासी हूँ तथा नीचे लिखे अनुसार शपथ पूर्वक सत्य कथन करता हूँ :-

1. यह कि मेरा नाम व पता उपर लिखे अनुसार हैं।
2. यह कि मेरे नाम से भारतीय जीवन बीमा निगम सरायपाली में पॉलिसी क्रमांक 382968321 है जिसमें मेरा नाम **SH. SIRIT LAL SAO** दर्ज हैं एवं मेरे आधार कार्ड क्रमांक 6629 4679 7910 में मेरा नाम श्रीहरी साव **(SHRIHARI SAO)** दर्ज है एवं मेरे जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, रायपुर शाखा बसना के बचत खाता क्रमांक 124008741568 में मेरा नाम **MR. SHRIHARI SAO** दर्ज है एवं मेरे पेन कार्ड स्थाई लेखा संख्या **RTWPS9301C** में मेरा नाम **SHRIHARI SAO** दर्ज हैं समस्त दस्तावेज में दर्ज नाम मेरा ही नाम है इन सभी नाम से मुझे जाना व पहचाना जाता हैं।
3. यह कि भारतीय जीवन बीमा निगम के पॉलिसी बॉण्ड कमांक **382968321**, आधार कार्ड क्रमांक **6629 4679 7910** एवं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, रायपुर शाखा बसना के बचत खाता क्रमांक **124008741568** एवं पेन कार्ड के स्थाई लेखा संख्या **RTWPS9301C** में दर्ज नाम एक ही व्यक्ति का हैं किसी अन्य व्यक्तियों का नाम नहीं होने के समर्थन में यह शपथ पत्र भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा कार्यालय सरायपाली में प्रस्तुत करने की आवश्यकता हुई।
4. यह कि मेरे द्वारा कोई सारवानें बाते नहीं छुपाई गई हैं।

**शपथकर्ता**

**सत्यापन**

मैं श्रीहरी साव उम्र 51 वर्ष पिता रूपसिंह साव जाति तेली निवासी ग्राम / पोस्ट अरेकेल तहसील बसना जिला महासमुन्द (छ.ग.) का हूँ उपरोक्त शपथ पत्र की कण्डिका 01 से 04 तक में लिखित समस्त बातें सत्य व सही है। अतः आज दिनाँक 21-03-2025 दिन शुक्रवार को स्थान सरायपाली में हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

मुहर
**सत्यापनकर्ता**


## जिले के सभी आहरण संवितरण अधिकारी 24 मार्च तक जिला कोषालय में जमा करेंगे चेकबुक

**बेमेतरा।** जिला कोषालय अधिकारी प्रशांत प्रधान ने बताया कि जिले के सभी आहरण संवितरण अधिकारी 24 मार्च 2025 तक चेकबुक जिला कोषालय में जमा करेंगे। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के समस्त प्रकार के देयक 24 मार्च 2025 सायं 5.30 बजे तक ही जिला कोषालय बेमेतरा में स्वीकार किये जायेंगे एवं छत्तीसगढ़ शासन वित्त विभाग के अनुसार कार्य विभाग के चेकबुक 24 मार्च तक ही जिला कोषालय बेमेतरा में जमा करेंगे। उन्होंने कहा कि निर्देशों का पालन करते हुए निर्धारित समयावधि में बजट संबंधी देयक कोषालय एवं उपकोषालय में जमा करें एवं कार्य विभाग चेकबुक जमा करें ताकि समयावधि निराकरण हो सके।


### कार्यालय नगर पालिक निगम, दुर्ग

**// मैन्युअल निविदा आमंत्रण सूचना //**

क्रमांक / ज.प्र.वि./2025-26/44 — दुर्ग, दिनांक 20-03-2025

नगर पालिक निगम, दुर्ग में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से नॉन एस.ओ.आर. दर पर निम्नांकित कार्य हेतु स्पीड पोस्ट / रजिस्टर्ड पोस्ट के माध्यम से निम्नांकित तिथि को निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | - 27-03-25 |
| निविदा प्रपत्र जारी करने की तिथि | - 03-04-25. |
| निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | - 09-04-25 |
| निविदा खोलने की तिथि | - 11-04-25 शाम 4.30 बजे |

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत रुपये लाख में |
|---|---|---|
| 1 | शिवनाथ नदी स्थित 24 एम.एल.डी. व 42 एम.एल.डी. इंटेकवेल के इनलेट में फंसे जलकुम्भी, कचरा आदि का सफाई कार्य वर्ष 2025-26 | रू. 7,20,000/- |
| 2. | बोरिंग सामग्री क्रय कार्य वर्ष 2025-26 | रू. 16,02,550/- |
| 3 | हेण्ड पम्प मरम्मत संधारण कार्य कार्य वर्ष 2025-26 | रू. 19,70,500/- |
| 4 | सबमर्सिबल/ओपन वेल मोटर पंप रिवाईडिंग एवं रिपेयरिंग कार्य वर्ष 2025-26 | रू. 13,93,450/- |
| 5 | 90KW, 45 KW, 100 HP Motor Pump Rewaiding & Referring Work of Intekwell & Filter Plant | रू. 15,43,753/- |

निविदा की सामान्य शर्ते धरोहर राशि निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है अथवा ई-प्रोक्यूरमेंट वेब पोर्टल http//eproc.cgstate.gov.in एवं विभागीय वेबसाइड www.municipal corporationdurg.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता**

### कार्यालय कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग जगदलपुर

**// ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना क्र.-01/2024-25 (प्रथम निविदा आमंत्रण) //**

क्रमांक/871/एस.ए.सी./ग्रा.यां.सेवा/2024-25 — जगदलपुर, दिनांक 19/03/2025

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न निर्माण कार्य हेतु निविदा ऑनलाईन (Online) दिनांक 04/04/2025 तक आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रूपये लाख में) | मैनुअल दस्तावेज कार्यालय में पहुँचने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | जिला बस्तर अंतर्गत वि.खं. बास्तानार में 02 नग, वि.खं. दरभा में 02 नग एवं वि.खं. लोहण्डीगुड़ा में 01 नग मॉडल उप-स्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण कार्य। **(कुल 05 कार्य)** | 36.16 लाख (प्रति कार्य) | 08.04.2025 |

2. उक्त निर्माण कार्यों की निविदा सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईट **https://eproc.cgstate.gov.in** में दिनांक 24.03.2025 से देखी जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा**
**संभाग जगदलपुर**

G-242506047/4

### CHHATTISGARH STATE POWER DISTRIBUTION CO. LTD.

(A GOVERNMENT OF CHHATTISGARH UNDERTAKING) (A SUCCESSOR COMPANY OF CSEB)
O/o THE SUPERINTENDING ENGINEER, CC-I, RAIPUR Phone No. 0771-2574800, 2574801Fax No. 0771-2574805
Website - www.cseb.gov.in Office Mail ID – secc.raipur@cspc.co.in

**NOTICE INVITING TENDER THROGU E-BIDDING**

Awarding contract for engagement of **3 nos. Peon** for **EE Central under City Circle-I, CSPDCL, Raipur,** the period of contract will be for **21 Month** on the monthly rate basis. The CSPDCL reserves the right to extend the term of contract period for further **12** Months at the same rate, terms and conditions on mutual understanding between CSPDCL and Contractor. GST will be paid extra on production of actual documentary evidence. Tentative contact value will be **Rs. 8,59,260/-** Excluding GST

| S. N | Tender No. | Name of work | Value of contract (Without GST) | EMD Amount (online) | Last date & Time of submission of bids | Due date of Opening |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | TR-2024_109 Dt.21.03.2025 RFX No. 8100041903 | Awarding contract for engagement of **3 nos. Peon** for **EE Central under City Circle-I, CSPDCL, Raipur,** the period of contract will be for **21 Month** on the monthly rate basis. The CSPDCL reserves the right to extend the term of contract period for further **12** Months at the same rate, terms and conditions on mutual understanding between CSPDCL and Contractor. | **8,59,260/-** | **8600/-** | Dt.11.04.2025 upto 02:30 PM | Dt. 11.04.2025 upto 03:00 PM |

Details of Tender, Technical Specifications, Terms and Conditions etc are available on our website www.cseb.gov.in, www.cspdcl.co.in and **ebidding http:/cijsrp.cspdcl.co.in.** Last date and time of submission of bid is on **11.04.2025** up to **02:30 P.M.** and due date of opening is on **11.04.2025** at **03:00 P.M.** The Tender document can also be downloaded from CSPDCL's official website mentioned above. The cost of required Tender fee (which is not refundable) of **Rs. 2000/-** including GST and EMD for each tender may be deposited by online through e-bidding.

S-43305/2
**(M.K. Verma-89373680)**
**SAVE ELECTRICITY**
**Superintending Engineer City Circle-I, CSPDCL: Raipur**

# श्री बालाजी मेडिकल फाउंडेशन एवं विश्व हिंदू परिषद ने किया निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com






श्री बालाजी मेडिकल फाउंडेशन एवं विश्व हिंदू परिषद के सौजन्य से एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर शुक्रवार को प्रातः 12 बजे से शाम 4 बजे तक विश्व हिंदू परिषद सत्यनारायण भवन परिसर में आयोजित किया गया। जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और विशेषज्ञ चिकित्सकों से जनसमस्याओं पर चर्चा की जिसमें स्त्री रोग से श्रिया, जनरल मेडिसिन डॉ. आशुतोष अग्रवाल, नेत्र रोग से डॉ. निधि पाण्डेय तथा नेत्र सहायक वेद यादव और हडडी रोग विभाग से भरत मेहर, दंत रोग से डॉक्टर कृतिका भक्ते अस्पताल मार्केटिंग टीम से चंद्रकांत श्रीवास, आकाश एवं सुनील वर्मा एवं नर्सिंग स्टाफ सुमन यादव, आरती साहू एवं विश्व हिंदू परिषद के छत्तीसगढ़ प्रांत के संगठन महामंत्री नंद दास, विभाग प्रमुख चंद्रेश सोनवाने, जिला मंत्री बंटी कटरे, सेवा प्रमुख रवि गर्ग, किशोर पटले एवं पार्षद गुरु गोविन्द सिंह वार्ड के कैलाश बेहरा तथा अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे। शिविर में बीपी, ब्लड शुगर, जनरल मेडिसिन, नेत्र रोग, स्त्री रोग, हडडी रोग, दंत रोग का निःशुल्क इलाज किया गया। आयोजकों ने श्री बालाजी हॉस्पिटल में संचालित योजनाओं जिनमें मुख्य रूप से निःशुल्क डिलीवरी व निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन योजना की विशेष सराहना की एवं समस्त टीम का आभार व्यक्त किया।

# कक्षा 5 वीं के विद्यार्थियों के द्वितीय पेपर परीक्षा सुव्यवस्थित एवं शांतिपूर्वक हुआ सम्पन्न



पायनियर संवाददाता ➤ सूरजपुर
www.dailypioneer.com

जिला सूरजपुर में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा संचालित प्रा. शालाओं में अध्ययनरत कक्षा 5 वीं के विद्यार्थियों का केन्द्रीकृत वार्षिक बोर्ड परीक्षा 2025 सी.जी.बोर्ड हिन्दी/अंग्रेजी माध्यम स्कूलों/इग्नाईट अंग्रेजी माध्यम सी.बी.एस.ई. पाठ्यक्रम स्कूलों एवं मदरसा बोर्ड स्कूलों में द्वितीय पेपर विषय-अंग्रेजी की परीक्षा छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार भारती वर्मा जिला शिक्षा अधिकारी सूरजपुर के सफल मार्गदर्शन में सुव्यवस्थित एवं शांतिपूर्वक हुआ सम्पन्न। उक्त केन्द्रीकृत वार्षिक परीक्षा सूरजपुर जिले के 1554 परीक्षा केन्द्र में कुल दर्ज 13876 परीक्षार्थियों में 13812 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए एवं 64 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिनकी विकासखण्डवार संख्यात्मक जानकारी निम्न है। विकास खण्ड सूरजपुर में कुल परीक्षा केन्द्र-324 में दर्ज परीक्षार्थियों की संख्या-3548 में 3524-उपस्थित एवं 24-अनुपस्थित रहे. विकास खण्ड-रामानुजनगर के कुल परीक्षा केन्द्र-245 में दर्ज परीक्षार्थियों की संख्या-2081 में 2065-उपस्थित एवं 16-अनुपस्थित रहे, विकासखंड-प्रेमनगर के कुल परीक्षा केन्द्र 164 में दर्ज परीक्षार्थियों की संख्या-1337 में 1331 उपस्थित एवं 6 अनुपस्थित रहे, विकास खण्ड-भैयाथान के कुल परीक्षा केन्द्र-240 में दर्ज परीक्षार्थियों की संख्या-1999 में 1994-उपस्थित एवं 05-अनुपस्थित रहे। विकास खण्ड-ओड़गी के कुल परीक्षा केन्द्र -243 में दर्ज परीक्षार्थियों की संख्या-2043 में 2038-उपस्थित एवं 05 अनुपस्थित रहे, विकास खण्ड-प्रतापपुर के कुल परीक्षा केन्द्र-338 में दर्ज परीक्षार्थियों की संख्या-2867 में 2860-उपस्थित एवं 07 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। समस्त परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा शांतिपर्ण एवं सुचारू रूप से संचालित हुई। भारती वर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी सूरजपुर के द्वारा परीक्षा केन्द्र शा.प्रा.शाला केतका वि.ख.-सूरजपुर का औचक निरीक्षण किया गया। केंद्र में परीक्षा सुव्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण संचालित होना पाया गया।

## हाई स्कूल सर्टिफिकेट मुख्य परीक्षा वर्ष-2025 के कक्षा 10वीं की परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक हुई संपन्न

**सूरजपुर।** छ.ग. माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा आयोजित हाई स्कूल सर्टिफिकेट मुख्य परीक्षा वर्ष-2025 का कक्षा 10वीं विषय-तृतीय भाषा संस्कृत, मराठी, उर्दू, पंजाबी, सिंधी, बंगाली, गुजराती, तेलगू, तमिल, मलयालम, कन्नड, उड़िया की परीक्षा सूरजपुर जिले के निर्धारित 73 परीक्षा केंद्रो में संपन्न हुई। जिसमें कुल दर्ज परीक्षार्थियों की संख्या 9225 में से उपस्थित-8906 एवं 319 अनुपस्थित रहे। जिले के समस्त परीक्षा केंद्रों में परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुई। जिला शिक्षा अधिकारी भारती वर्मा के द्वारा निम्नांकित परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया, जिनमें परीक्षा केंद्र क्रमांक 741008 शा.उ.मा.वि. केतका, जहां कुल दर्ज परीक्षार्थियों की संख्या 163 में उपस्थित 157 एवं अनुपस्थित 06 पाये गये, परीक्षा केन्द्र क्रमांक 741063 शा.उ.मा.वि. मंहगई वि.ख. प्रेमनगर मे कुल दर्ज परीक्षार्थी 108 में उपस्थित 103 एवं 05 अनुपस्थित पाये गये।

## छत्तीसगढ़ इंटरनेशनल ट्रेड एक्सपो 2025: एमएसएमई और निर्यात पारिस्थितिकी तंत्र के विकास के लिए एक प्रमुख पहल

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (भारत सरकार) के सहयोग से, पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) पहली बार छत्तीसगढ़ इंटरनेशनल ट्रेड एक्सपो 2025 (सीआईटीईएक्स 2025) का आयोजन कर रहा है। यह एक्सपो 20-23 मार्च 2025 तक सेंट पॉल चर्च कंपाउंड, सिविल लाइंस, रायपुर में आयोजित किया जाएगा। सीआईटीईएक्स 2025 का उद्घाटन 20 मार्च को किया गया। सीआईटीईएक्स 2025, छत्तीसगढ़ के एमएसएमई और संबंधित निर्यात पारिस्थितिकी तंत्र के समर्थन के लिए एक प्रमुख पहल है। यह एक्सपो मध्य भारत का एक अनूठा व्यापार मंच होगा, जो छोटे और मध्यम उद्यमों के व्यापारिक संभावनाओं को बढ़ाने में मदद करेगा। इस एक्सपो के माध्यम से एमएसएमई को उचित बाजार संपर्क प्राप्त करने, बड़े कॉर्पोरेट्स के साथ सहायक इकाई या आपूर्तिकर्ता के रूप में जुड़ने के अवसर मिलेंगे। सीआईटीईएक्स 2025 का उद्घाटन में किशोर इरपाते, सहायक निदेशक, एमएसएमई डीएफओ, एमएसएमई मंत्रालय, भारत सरकार और ओपी बंजारे, महाप्रबंधक, सीएसआईडीसी, छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रदीप टंडन, अध्यक्ष, पीएचडीसीसीआई छत्तीसगढ़ चैप्टर, प्रतीक सिंह, सह-अध्यक्ष, पीएचडीसीसीआई छत्तीसगढ़ चैप्टर, आदित्य त्रिपाठी, वरिष्ठ सचिव, पीएचडीसीसीआई, और सुमित दुबे, रेजिडेंट डायरेक्टर, पीएचडीसीसीआई छत्तीसगढ़ चैप्टर उपस्थित रहे।

# रायपुर में फूड डिलीवरी के मामले में स्विगी की बोल्ट सर्विस ने किया शानदार विकास

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

SWIGGY

भारत के अग्रणी ऑन-डिमांड कन्वीनियंस प्लेटफॉर्म स्विगी ने रायपुर में अपनी बोल्ट सर्विस (बोल्ट बाय स्विगी) के शानदार विकास के आंकड़े साझा किए। यह क्विक फूड डिलीवरी सर्विस शहर में लोगों के खाने के तरीके को बदल रही है। ऑडर्स में मासिक आधार पर 22 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। इससे रेस्टोरेंट्स को अपना कारोबार बढ़ाने में मदद मिल रही है। बोल्ट बाय स्विगी के माध्यम से 10 मिनट के अंदर फ्रेश फूड की डिलीवरी की जाती है। सुपर-स्मार्ट बैकएंड ऑप्टिमाइजेशन के दम पर यह संभव हुआ है। रायपुर के 30 प्रतिशत रेस्टोरेंट इस सर्विस से जुड़ चुके हैं। शहर के खाने के शौकीन लोग ब्रेकफास्ट, लंच, स्नैक्स, डिनर और लेट नाइट बाइट्स के दौरान 5,000 से ज्यादा आइटम्स में से ऑर्डर कर सकते हैं। सभी डिलीवरी को टॉप स्पीड में ग्राहकों तक पहुंचाया जाता है। उल्लेखनीय रूप से बोल्ट के ऑर्डर्स में 39 प्रतिशत हिस्सेदारी डिनर की और 26 प्रतिशत हिस्सेदारी लंच की रही। स्विगी की बोल्ट सर्विस केवल स्पीड की बात नहीं है, बल्कि यह स्मार्ट ऑपरेशंस एवं ज्यादा खुश ग्राहकों की बात भी है। इसके माध्यम से रेस्टोरेंट्स का वर्कफ्लो बेहतर हुआ है, इंतजार का वक्त कम हुआ है और रिपीट ऑर्डर्स में बढ़ोतरी देखी गई है। होटल हैदराबादी, जूस जंगल, नेताजी होटल और थाली एक्सप्रेस जैसे प्रसिद्ध स्थानीय ब्रांड्स ने बोल्ट सर्विस का भरपूर फायदा उठाया है। इस सर्विस से जुड़कर इनके रोजाना के ऑर्डर्स में वृद्धि दर्ज की गई है। बोल्ट सर्विस इनके लिए महत्वपूर्ण रेवेन्यू ड्राइवर के रूप में सामने आई है। स्विगी में फूड मार्केटप्लेस के चीफ बिजनेस ऑफिसर सिद्धार्थ भाकू ने बोल्ट की सफलता को लेकर अपने विचार साझा करते हुए कहा, 'बोल्ट सर्विस वास्तव में सहूलियत को नए सिरे से परिभाषित कर रही है और इस उद्योग में नए मानक स्थापित कर रही है। रायपुर जैसे शहरों में इसकी तेजी से बढ़ती स्वीकार्यता फूड डिलीवरी के मामले में स्पीड और एफिशिएंसी के लिए बढ़ती मांग को दिखाती है।

## छत्तीसगढ़ विधानसभा में उत्कृष्टता पुरस्कार की घोषणा, उत्कृष्ट पत्रकार के रुप में सुदर्शन न्यूज़ के राज्य प्रमुख योगेश मिश्रा के नाम की घोषणा



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के अंतिम दिन विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह ने उत्कृष्ट विधायकों और पत्रकारों के नामों की घोषणा की है। विधानसभा में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के उत्कृष्ट पत्रकार के तौर पर सुदर्शन न्यूज के छत्तीसगढ़ ब्यूरो योगेश मिश्रा के नाम की घोषणा हुई, साथ ही प्रिंट मीडिया से दैनिक भास्कर के राकेश पांडे के नाम की घोषणा हुई। वहीं सत्ता पक्ष से भावना बोहरा और विपक्ष से लखेश्वर बघेल उत्कृष्ट विधायक चुने गए हैं। उत्कृष्टता पुरस्कार मिलने वालों को विधानसभा अध्यक्ष के साथ सभी विधायकों ने बधाई भी दी। गौरतलब है कि योगेश मिश्रा बलौदाबाजार जिले के ग्राम कटगी के रहने वाले हैं, जो पिछले 15 वर्षों से रायपुर में पत्रकारिता कर रहे हैं। अभी वर्तमान में योगेश मिश्रा, सुदर्शन न्यूज में छत्तीसगढ़ ब्यूरो की भूमिका निभा रहे हैं।

# नगर पंचायत में प्रेसीडेंट इन कौंसिल का गठन पार्षद पुरुषोत्तम साहू लोक निर्माण प्रभारी नियुक्त

पायनियर संवाददाता ➤ डोंगरगढ़
www.dailypioneer.com



नगर पंचायत में आखिरकार प्रेसीडेंट इन कौंसिल का गठन हो गया है। नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी ने 20 मार्च को पीआईसी गठित कर दी है। निकाय की 6 सदस्यों वाली पीआईसी में अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के अलावा तीन पुरुष पार्षद सहित एक महिला पार्षद के नाम शामिल हैं। उक्ताशय का पत्र सीएमओ को प्रेषित किया गया है। इस संदर्भ में नगर पंचायत सीएमओ विनम्र जेमा ने आधिकारिक तौर पर बताया कि नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी द्वारा प्रेसीडेंट इन कौंसिल का गठन किया गया है। तत्सम्बन्ध में विधिवत सूचना जारी की जा रही है। सीएमओ के मुताबिक पीआईसी में अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी, उपाध्यक्ष रोहित गुप्ता के अलावा वरिष्ठ पार्षद पुरुषोत्तम साहू, लीलाराम मंडलोई, निर्मला मालेकर एवं लक्ष्मीनारायण सेन के नाम शामिल हैं। पीआईसी में उपाध्यक्ष रोहित गुप्ता को स्वास्थ्य एवं चिकित्सा प्रभारी, पुरुषोत्तम साहू को आवास एवं लोक निर्माण प्रभारी, लीलाराम मंडलोई को राजस्व एवं बाजार प्रभारी, निर्मला मालेकर को महिला एवं बालविकास प्रभारी तथा लक्ष्मीनारायण सेन को पुनर्वास एवं नियोजन प्रभारी नियुक्त किया गया है। अन्य पार्षदों को स्थायी समितियों में बतौर सदस्य शामिल किया गया है।

## मुख्य न्यायधिपति ने सूरजपुर के अभिलेखागार एवं पीड़ित विश्राम कक्ष का किया उद्घाटन



**सूरजपुर।** मुख्य न्यायधीपति रमेश सिन्हा ने सूरजपुर के अभिलेखागार एवं पीड़ित विश्राम कक्ष का वर्चुअल उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के न्यायाधीश एवं पोर्टफोलियों न्यायाधीश सूरजपुर न्यायमुर्ति अमितेन्द किशोर प्रसाद की भी वर्चुअल रूप में गरिमामयी उपस्थिति रही। मुख्य न्यायधीपति ने इस अवसर पर संबोधित करते हुए सूरजपुर के अभिलेखागार में समस्त अभिलेखों को सुव्यस्थित रूप से रखे जाने एवं वर्ष 1949 के अभिलेख को सुरक्षित रखे जाने की प्रसंशा किये एवं पीड़ित विभाग कक्ष की प्रसंशा करते हुए कहा कि पॉक्सो पीड़ितों के बालकोमल मन एवं उनके साथ हुए घटना की मनोदशा को ध्यान में रखते हुए पीड़ित विभाग कक्ष हर जिलो में होना चाहिए जिससे वे न्यायालय में अपने साथ हुए घटना को बिना किसी डर, दबाव एवं झिझक के सुरक्षित होकर न्यायाधीश के समक्ष अपना बयान अच्छे महौल में दर्ज करा सके। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायाधीश, जिला के सभी वरिष्ठ न्यायाधीश एवं मजिस्ट्रेट, जिला न्यायाधीश, पुलिस अधीक्षक, अधिवक्तागण, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी, न्यायालय के कर्मचारीगण एवं पीएलव्ही व्यक्तिगत रूप से जिला न्यायालय सूरजपुर में उपस्थित रहे।

# श्री रावतपुरा सरकार इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च में मनाया गया विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com




श्री रावतपुरा सरकार इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च, नवा रायपुर ने विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस उत्साहपूर्वक मनाया। इस अवसर पर एक जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें मुख स्वच्छता और दंत स्वास्थ्य के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में एमबीबीएस के छात्र, संकाय, डॉक्टर और संस्थान के कर्मचारी शामिल हुए। कार्यक्रम के तहत मुफ्त दंत जांच, दंत चिकित्सा और सामुदायिक चिकित्सा विभाग द्वारा आयोजित इंटरैक्टिव वैज्ञानिक सत्र भी हुए। प्रो. (डॉ.) कुंदन गीदाम, डीन, एसआरआईएमएसआर ने मुख स्वच्छता के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा, मुख स्वास्थ्य, समग्र स्वास्थ्य का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। दिन में दो बार ब्रश करना, फ्लॉस करना और नियमित दंत जांच से बड़ी स्वास्थ्य समस्याओं को रोका जा सकता है। डॉ. नीरज गुप्ता, एसोसिएट प्रोफेसर एवं दंत चिकित्सा विभाग के प्रमुख ने विभिन्न दंत और मुख रोगों, उनके कारणों, रोकथाम और प्रबंधन पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने दांतों को सही तरीके से ब्रश करने की तकनीक भी प्रदर्शित की। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने मुख स्वच्छता प्रदर्शन, मजेदार क्विज और स्वस्थ मुस्कान प्रतियोगिता में सक्रिय रूप से भाग लिया, जिससे बेहतर दंत देखभाल की आदतों को बढ़ावा मिला। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. यशा वर्मा द्वारा किया गया था। डॉ. मनीष प्रसाद, प्रोफेसर एवं सामुदायिक चिकित्सा विभाग के प्रमुख ने धन्यवाद प्रस्ताव रखा। एसआरआईएमएसआर का उद्देश्य समुदाय में स्वस्थ भविष्य को बढ़ावा देने के लिए ऐसी पहल जारी रखना है।

# वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे के अवसर पर, लिस्टेरिन ने कंप्लीट द रूटिन के लिए माउथवॉश के महत्व पर जोर दिया

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



दुनिया में 1 माउथवॉश ब्रांड और माउथवॉश उद्योग में अग्रणी, लिस्टेरिन ने वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे के अवसर पर आज 'लिस्टेरिन लैब्स' का आयोजन किया। इस इवेंट में प्रतिदिन माउथवॉश की मदद से मुँह को साफ रखने के महत्व पर जोर दिया गया। यहाँ पिछले 145 वर्षों से माउथवॉश के अनुसंधान और विकास में लिस्टेरिन की महत्वपूर्ण विरासत के बारे में भी बताया गया।

लिस्टेरिन लैब्स में अनेक इंटरैक्टिव डेमो और वैज्ञानिक प्रयोगों द्वारा ओरल केयर के बारे में बताया गया। यहाँ दिखाया गया कि ब्रश करने के बाद भी आपके मुँह में क्या रह जाता है। एक 'माउथवॉश कस्टमाइज़ेशन' स्टेशन द्वारा ब्रांड के आधुनिक उत्पादों और इनोवेशंस का प्रदर्शन भी किया गया, जो कीटाणुओं का 99.9% सफाया कर इनेमल को मजबूत बनाते हैं और दांतों को कैविटी एवं प्लाक से बचाते हैं। ये उत्पाद विज्ञान पर आधारित हैं। इस इवेंट में प्रमुख हेल्थ इन्फ्लुएंसर्स भी मौजूद थे। कार्यक्रम में एक दिलचस्प पैनल वार्ता का आयोजन भी किया गया, जिसमें इंडियन डेंटल एसोसिएशन (आईडीए) के सदस्यों में ऑनरेरी सेक्रेटरी जनरल, आईडीए एचओ, डॉ. अशोक ढोबले; ऑनरेरी ट्रेज़रर, आईडीए एचओ, डॉ. दीपक मुछाला; जॉइंट सेक्रेटरी, आईडीए एचओ, डॉ. संजय जोशी तथा केनव्यू आरएंडडी टीम ने हिस्सा लिया। इस वार्ता में मुँह की देखभाल के महत्व और उसमें माउथवॉश की भूमिका के बारे में चर्चा की गई। भारत और विश्व में भी खराब ओरल हेल्थ जनस्वास्थ्य की एक बड़ी समस्या है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक भारत में 95त्न से अधिक वयस्कों के दांतों में कैविटी है। पिछले साल हर 10 में से 6 वयस्क डेंटिस्ट के पास नहीं गए। वहीं, हर 10 में से 8 बच्चों को ओरल हेल्थ की समस्या है। अधिकांश बच्चे दिन में दो बार ब्रश नहीं करते हैं, तथा पिछले साल हर 10 में से 7 बच्चे डेंटिस्ट के पास नहीं गए। 60% अभिभावकों को अपने बच्चों की ओरल हेल्थ समस्याओं के बारे में मालूम ही नहीं है। ओरल केयर के बारे में ऑनरेरी सेक्रेटरी जनरल, इंडियन डेंटल एसोसिएशन एचओ, डॉ. अशोक ढोबले ने कहा, इंडियन डेंटल एसोसिएशन मुँह की पूरी देखभाल में माउथवॉश की महत्वपूर्ण भूमिका को मान्यता देता है। भारत में ओरल केयर के लिए लापरवाही बरती जाती है। कई वयस्कों और बच्चों को ओरल समस्याएं हैं, लेकिन फिर भी वो डेंटिस्ट के पास समय पर नहीं जाते हैं। इसलिए डेंटल केयर के बारे में जागरूकता बढ़ाया जाना आवश्यक है। ओरल केयर में माउथवॉश की महत्वपूर्ण भूमिका को प्रमाणित करने वाले वैज्ञानिक अध्ययनों के बारे में केनव्यू इंडिया के सीनियर आर एंड डी डायरेक्टर, नागराजन रामसुब्रमण्यम ने कहा, ओरल केयर से जुड़ी कई भ्रांतियां हैं। कई लोगों का मानना है कि मुँह को साफ़ और स्वच्छ रखने के लिए ब्रश करना काफी है। लेकिन ब्रश से केवल मुँह का कुछ हिस्सा ही साफ होता है, इसलिए मुँह की समस्याएं हो सकती हैं। वहीं माउथवॉश से केवल साँस ही ताजा होती है। पर यदि प्रतिदिन ब्रश करने के साथ माउथवॉश का उपयोग भी किया जाए, तो मुँह का स्वास्थ्य बेहतर बन सकता है। लिस्टेरिन. में युकलिप्टोल, मेंथॉल, मिथाइल सैलिसिलेट और थाइमोल जैसे चार आवश्यक तेल होते हैं, जो छह महीने में प्लाक को 22.2 प्रतिशत और मसूड़ों की अन्य समस्याओं को 28.2 प्रतिशत तक कम कर सकते हैं। लिस्टेरिन के नई अभियान के बारे में केनव्यू के बिजनेस यूनिट लीडर-एसेंशियल हील, स्किन हेल्थ एंड ओरल केयर और मार्केटिंग डायरेक्टर, मनोज गाडगिल ने कहा, कैविटी, मसूड़ों की समस्या और बदबूदार साँस ग्राहकों की प्रमुख ओरल प्रॉब्लम्स हैं। भारत में मुँह की देखभाल के प्रति अक्सर लापरवाही बरती जाती है, क्योंकि इन समस्याओं का ज्यादातर इलाज संभव है। लिस्टेरिन में, हमारा उद्देश्य ग्राहकों को प्रतिदिन माउथवॉश का उपयोग करके अपनी ओरल केयर की दिनचर्या को पूर्ण करने की प्रेरणा देना है, ताकि वो कैविटी और मसूड़ों की समस्याओं से बचे रहें और मजबूत दांतों के साथ स्वस्थ जीवन जी सकें।

# मनबस ने दृढ़ इच्छाशक्ति से बनाई अपने आर्थिक उन्नति की राह

पायनियर संवाददाता ➤ सूरजपुर
www.dailypioneer.com



कर्मठ व्यक्ति अपने में बदलाव लाने और अपने जीवन शैली को बेहतर करने अर्थिक रूप से उन्नत होने के लिए में हमेशा कुछ नया करने का प्रयास करता रहता है। ऐसा ही एक उदाहरण देखने को मिलता है सूरजपुर जिले में जहां एक नारी ने अपने दृढ़ संकल्प और सकारात्मक सोच से अपनी परिस्थिति को बेहतर कर समाज में अपनी अलग पहचान बनाई है। यह कहानी है जिला सूरजपुर के जनपद पंचायत प्रतापपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत सरहरी की रहने वाली मनबस कुशवाहा की। इन्होंने अपने आर्थिक स्थिति को बेहतर करने और आत्मनिर्भर बनने के लिए एक नए प्रयास के रूप में 14 जुलाई 2019 के दिन मां गौरी महिला स्व सहायता समूह से जुड़ने का निर्णय लिया। मनबस की शुरुआत शून्य अधिशेष से हुई, लेकिन समूह के सहयोग से उन्होंने धीरे-धीरे अपनी उन्नति की राह बनाई। समूह की साप्ताहिक बचत, चक्रिय निधि और सामुदायिक निवेश कोष ने सदस्यों को कृषि आधारित कार्यों ने उन्हें सहयोग दिया। महत्वपूर्ण बात यह है कि मनबस कुशवाहा अपने सकारात्मक सोंच से निरंतर आगे बढ़ने की राह चुनी। अपने भविष्य को संवारने की उनकी इच्छाशक्ति ने उन्हें प्रधानमंत्री मुद्रा लोन के लिए प्रेरित किया। जिससे ऋणस्वरूप 1,42,000 रुपये की राशि प्राप्त हुई। इस राशि का प्रयोंग करने उन्होंने नमकीन खाद्य उत्पाद मक्के से बने पोला, रिंग, पफ और कपड़ा दुकान संचालन का व्यवसाय शुरू करने का फैसला किया। इस कदम में बी.पी.एम. अल्का कुजूर और पी.आर.पी. ललीता मिंज का सहयोग महत्वपूर्ण रहा।



# हाई ब्लड शुगर होने पर शरीर के इन अंगों पर पड़ सकता है बुरा असर

डायबिटीज के मामलों में तेजी देखी जा रही है। भारत में डायबिटीज के आंकड़े चिंताजनक है। जी हां, करीब 7.7 करोड़ लोग इस बीमारी की चपेट में है। वहीं अनुमान जताया जा रहा है कि साल 2045 तक यह संख्या बढ़कर 13.4करोड़ तक पहुंच जाएगी। अचानक से शरीर में ब्लड के रक्तस्त्राव के बढ़ जाने को हाइपरग्लेसेमिया कहा जाता है। इससे शरीर के कई अंगों को क्षति पहुंचती है।

## आंखों की समस्या

डायबिटीज होने के बाद एक अच्छी लाइफस्टाइल से ही अच्छे से लॉन्ग लाइफ जी सकते हैं। ब्लड शुगर असामान्य रूप से बढ़ने से आंखों पर प्रभाव पड़ता है। इससे धुंधलापन होना, मोतियाबिंद होना, ग्लूकोमा जैसी समस्या घेरने लगती है। इसके लिए पौष्टिक आहार बहुत जरूरी है।

## घाव के ठीक होने में वक्त लगना

दरअसल, हाइपरग्लेसेमिया की वजह से घाव ठीक होने में वक्त लगता है। कई बार महीने भी लग जाते हैं। इतना ही नहीं घाव अगर ठीक नहीं होता है तो कई बार इंफेक्शन नहीं फैले इसलिए अंग को ही निकालना पड़ता है। जिसका कारण होता है रोग प्रतिरोधक क्षमता का कम होना।

## संक्रमण का खतरा

रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होने के कारण संक्रमण का खतरा अधिक होता है। डायबिटीज मरीज को यूरिन के संक्रमण का खतरा बहुत अधिक होता है। इसका प्रभाव किडनी पर भी पड़ता है।

## पैरों की समस्या

मधुमेह होने के कारण पैर अधिक दर्द करते हैं। कई बार असहनीय दर्द रहता है। पैरों में घाव हो जाना, उंगलियों का कालापन होना।
शुगर कंट्रोल नहीं होने पर पूरे पैर में भी समस्या हो सकती है। इसलिए बेहतर है मीठा जरा भी नहीं खाएं और शुगर फ्री चीजों का ही सेवन करें।



# डायबिटीज कंट्रोल करने के लिए डाइट में शामिल करें अनार के फूल

**खून बढ़ाने से लेकर ग्लोइंग स्किन पाने के लिए अनार खाने के फायदों के बारे में आपने सुना ही होगा। लेकिन क्या आपने अनार के फूल के फायदों के बारे में सुना है। प्राकृति ने मनुष्य को बहुत कुछ दिया है, जो स्वस्थ रहने और किसी बीमारी से लड़ने के लिए काफी है। ऐसा ही एक प्राकृति का तोहफा है अनार का फूल। आइए जानते हैं अनार के फूल के फायदों के बारे में।**

- शुगर की परेशानी इन दिनों आम हो गई है। दुनियाभर में कई लोग इस जानलेवा बीमारी से जूझ रहे हैं। हालांकि इसे कंट्रोल करने के कई तरीके हैं, लेकिन बावजूद इसके इसे ठीक नहीं किया जा सकता। ऐसे में एक स्वस्थ जीवन शैली पर स्विच करना महत्तवपूर्ण है। शुगर के मरीजों को कम चीनी और फाईड चीजों को अवॉइड करना चाहिए। ऐसे में डाइट में अनार के फूल शामिल करना अच्छा हो सकता है। हेल्थ रिपोर्ट्स के मुताबिक अनार के फूल में फोटोकेमिकल होता है, जो शुगर के मरीजों के लिए अच्छा होता है।
- बेदाग स्किन और स्वस्थ चमक इन दिनों खो सी गई है। पर्यावरण प्रदूषण और गलती जीवनशैली के चलते ऐसी त्वचा पाना बेहद ही मुश्किल हो गया है। वहीं बीजी रूटीन में नियमित त्वचा की देखभाल करना भी मुश्किल होता है। ऐसे में आप अनार के फूल पर विश्वास कर सकते हैं, इसकी मदद से झुर्रियों और समय से पहले बूढ़ा होने से बचा जा सकता है।
- कोरोना काल में हर किसी ने एक चीज अच्छे से सिखी है और वो है स्वस्थ्य रहना। लोग इन दिनों स्वस्थ और इम्यूनिटी को बढ़ावा देने वाली हर एक चीज का पूर्ण रूप से ख्याल रख रहे हैं। ऐसे में अनार के फूल भी स्वस्थ रहने में आपकी मदद कर सकते हैं। इसमें भरपूर मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट होते हैं। जो बैक्टीरिया और वायरस से लड़ने में मदद करते हैं।
- अनार के फूल को डाइट में शामिल करने से अपने कार्डियोवस्कुलर हेल्थ का ख्याल रख सकते हैं। शरीर में सबसे महत्तवपूर्ण अंगों में से एक होता है हृदय, जो पूरे शरीर में ब्लड पंप करता है। इससे न केवल ऑक्सीजन बल्कि शरीर के विभिन्न कार्यों को करने के लिए पोष्क तत्व भी पहुंचाता है। अगर दिल की सेहत का ध्यान न रखा जाए तो आप आलसी, सुस्त और लो एनर्जी महसूस करेंगे।
- अनार का फूल में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट आपके इम्यून सिस्टम को बूस्ट करने के साथ शरीर में जमा फैट को खत्म कर आपको हेल्दी रखता है। हालांकि अच्छे परिणाम के लिए आपको कसरत करनी होगी।

## कैसे करें अनार के फूल का इस्तेमाल

आप अनार के फूलों के सपलीमेंट ले सकते हैं, या फिर अगर आपको अनार के फूल मिल जाते हैं तो आप इसकी चाय बनाकर पी सकते हैं। हालांकि किसी भी तरह की जलन महसूस होने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।



# आहार में शामिल करें ये नॉन डेयरी कैल्शियम रिच फूड नहीं होगी कैल्शियम की कमी

शरीर में कैल्शियम की कमी को पूरा करने के लिए दूध और दूध से बने उत्पादों का सेवन बहुत जरूरी होता है। लेकिन यदि आपको दूध पीना पसंद नहीं है या आपको दूध से एलर्जी है तब आप क्या करेंगी? नहीं आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। प्रकृति ने हमें ऐसे बहुत से खाद्य पदार्थ दिए हैं, जिनमें उच्च मात्रा में कैल्शियम होता है। इसलिए आज बात करते हैं उन फूड्स की जो दूध के बिना भी आपके शरीर में कैल्शियम की कमी नहीं होने देंगे।

## क्यों जरूरी है कैल्शियम

हमारे शरीर में हड्डियों के विकास के लिए कैल्शियम बेहद आवश्यक है। यह हड्डियों के साथ ही मांसपेशियों, कोशिकाओं और हृदय व नसों के सुचारू रूप से काम करने के लिए भी बहुत जरूरी है। हमारे शरीर में कैल्शियम की मात्रा सबसे अधिक पायी जाती है। इनमें से लगभग 98% हिस्सा हमारे दांतो और हमारे शरीर की हड्डियों में प्रयोग होता है। जबकि इसका 1% रक्त और मांसपेशियों में प्रयोग होता है। इसलिए कैल्शियम सभी के लिए आवश्यक है। पुरुषों की तुलना में महिलाओं को अधिक कैल्शियम की जरूरत होती है। इसी वजह से कैल्शियम की आपूर्ति के लिए दूध और दूध से बने पदार्थों का सेवन किया जाता है। मगर यदि आपको दूध से एलर्जी है या आपको दूध पीना पसंद नहीं है, तो आपको नॉन डेयरी प्रोडक्ट से यह जरूरत पूरी करनी होगी।

## हरी सब्जियां

गहरे रंग वाली सब्जियां जैसे बथुआ, पालक, चौलाई, मेथी आदि में आयरन और फोलेट के साथ-साथ कैल्शियम की भी अच्छी मात्रा होती है। आप इन्हें अपनी डाइट में शामिल कर कैल्शियम की प्राप्ति कर सकती हैं।

## बादाम और अंजीर

बादाम को पावर बैंक कहा जाता है, क्योंकि इसमें सभी आवश्यक आयरन और विटामिन होते हैं। यह कैल्शियम में भी काफी समृद्ध होता है। इसी के साथ-साथ अंजीर में भी आयरन और कैल्शियम की समृद्ध मात्रा होती है। नाश्ते, लंच या हल्की स्नैकिंग के रूप में आप बादाम और अंजीर का एक साथ सेवन कर सकती हैं।

## डाइट में शामिल करें सोया

यदि आप अपनी डाइट में सोया या उससे बने फूड्स जैसे टोफू का प्रयोग करती हैं तो आपको लगभग 220 मिलीग्राम से 250 मिलीग्राम कैल्शियम की आपूर्ति होती है। जो आपकी दैनिक जरूरत के बराबर है।

## भुने हुए तिल

यदि आप कैल्शियम रिच नॉन डेरी प्रोडक्ट की तलाश में हैं, तो भुने हुए तिल आपके लिए सबसे अच्छा विकल्प है। एक्सपर्ट के मुताबिक लगभग 25 ग्राम तिल आपको 270 मिलीग्राम कैल्शियम, दैनिक जरूरत के बराबर आपूर्ति करता है।

## मछली भी है कैल्शियम रिच

सार्डिन या साल्मन यह दो बेहतरीन मछलियां हैं। जिनसे दैनिक जरूरत की कैल्शियम की आपूर्ति होती है। यह दोनों ही कैल्शियम, ओमेगा 3 फैटी एसिड और प्रोटीन के बेहतरीन स्रोत हैं। आपको इनको बस जरूरत के मुताबिक ही खाना है। यानी कि हफ्ते में लगभग दो टुकड़े।

## साबुत अनाज एवं दालें

आप अपनी डाइट में ऐसे कुछ अनाज या दालों का प्रयोग कर सकती हैं, जो कैल्शियम का बेहतरीन स्रोत हैं। जैसे कि मोठ, राजमा, कुलथी, बाजरा, चना, सोयाबीन, रागी आदि।





# दूध, दही, पनीर के सेवन से कम होता है डायबिटीज और हाई बीपी का खतरा

**वैज्ञानिकों के अनुसार दही, दूध या पनीर का रोजाना सेवन डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर का खतरा कम करता है। हाल ही में एक शोध ने डेयरी रिच डाइट (यानी दही, दूध या पनीर युक्त खाद्य पदार्थ) को रक्त शर्करा के स्तर, ब्लड प्रेशर में सुधार और हृदय रोग संबंधी जोखिमों को कम करने से जोड़ा गया। शोध के मुताबिक, रोजाना इन डेयरी उत्पादों का दो बार सेवन इन बीमारियों से राहत दिलाने में फायदा करता है।**

इस अध्ययन को डायबिटीज रिसर्च जर्नल में प्रकाशित किया गया। इसका उद्देश्य स्वास्थ्य पर डेयरी उत्पादों के प्रभाव का विश्लेषण करना था। उन्होंने भारत सहित दुनियाभर के 21 देशों के 35 से 70 वर्ष के लोगों में डेयरी रिच डाइट के प्रभाव का गहराई से अध्ययन किया। इस शो में डेयरी उत्पादों जैसे दूध, दही, दही से बने पेय, पनीर से बनी डिशेज शामिल थीं। इन्हें फुल या लो फैट के रूप में बांटा गया था। बटर और क्रीम का अलग से मूल्यांकन किया गया था, क्योंकि वे आमतौर पर उन देशों में नहीं खाए जाते थे जो अध्ययन का हिस्सा थे।
मेटाबॉलिक सिंड्रोम के पांच घटकों पर डेयरी उत्पादों के प्रभाव का अध्ययन किया गया था। यह अध्ययन लगभग 1, 13,000 लोगों में किया गया। मेटाबॉलिक सिंड्रोम एक तरह से समस्याओं का झुंड होता है। मुख्य रूप से इसमें ब्लड प्रेशर बढ़ना, ब्लड शुगर बढ़ जाना, कमर के आसपास चर्बी बढ़ जाना और कोलेस्ट्रॉल व ट्राइग्लिसराइड का स्तर असामान्य हो जाना जैसी समस्याएं शामिल होती हैं। मेटाबॉलिक सिंड्रोम में ये समस्याएं एक साथ होती हैं जिससे स्ट्रोक, डायबिटीज व हृदय संबंधी बीमारियां होने का जोखिम बढ़ जाता है। शोधकर्ताओं ने हाई ब्लड प्रेशर, बढ़ी हुई कमर, गुड कोलेस्ट्रॉल का निम्न स्तर, हाई ब्लड फैट्स और बढ़े हुए फास्टिंग ब्लड ग्लूकोज की 12 महीनों की स्थिति को ट्रैक किया। अध्ययन से पहले लगभग 46,667 लोगों को मेटाबॉलिक सिंड्रोम था, यानी उनमें पांच में से कम से कम तीन स्थितियां थीं। शोधकर्ताओं ने पाया कि फुल फैट वाले डेयरी का सेवन करने से मेटाबॉलिक सिंड्रोम का जोखिम कम था। इससे पता चलता है कि डेयरी प्रोडक्ट शरीर की कार्यप्रणाली में कैसे सुधार करते हैं। शोध में कहा गया है कि यदि इन निष्कर्षों के आधार पर बड़े और दीर्घकालिक परीक्षणों में पुष्टि की जाती है, तो बढ़ती डेयरी खपत मेटाबॉलिक सिंड्रोम, डायबिटीज और हृदय रोग के मामलों को कम करने के लिए बड़े काम की हो सकती है।
डेयरी उत्पादों में स्वास्थ्य लाभ में हड्डियों, दांतों और मांसपेशियों की मजबूती, पाचन में सुधार, वजन घटाना आदि शामिल हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक डेयरी उत्पाद प्रोटीन और कैल्शियम के बड़े स्रोत हैं। इसके अलावा यह उत्पाद विटामिन और मिनरल्स के भी बड़े संयोजक होते हैं। डेयरी उत्पाद मुख्य रूप से पशुओं के दूध से निर्मित खाद्य या पेय पदार्थ होते हैं। मुख्य रूप से जिन पशुओं के दूध का प्रयोग इन उत्पादों को बनाने के लिए किया जाता है उनमें गाय, भैंस, बकरी, भेड, याक और ऊंट शामिल हैं।

# हेल्दी डाइट के लिए खाइए ब्राउन राइस

**जो लोग हेल्दी डाइट और व वजन कम करने में दिलचस्पी रखते हैं और चावल से परहेज करते हैं, उनके लिए ब्राउन राइस एक बेहतरीन विकल्प है। कैलोरी कम होने के साथ-साथ इसके और भी कुछ फायदे हैं। जानिए इसके 5 फायदे.**



## कोलेस्ट्रॉल

ब्राउन राइस खाने का सबसे बड़ा फायदा यही है कि यह कोलेस्ट्रॉल को कम करता है और अनचाहे फैट को शरीर के आंतरिक भागों में जमने से रोकता है।

## डाइबिटीज

सामान्यत: चावल में शर्करा की मात्रा अधिक होती है, जिसके कारण डाइबिटीज के रोगी इससे दूरी बनाए रखते हैं। लेकिन ब्राउन राइस के सेवन से रक्त में शर्करा का स्तर नहीं बढ़ता। इसलिए यह आपके लिए बेहतर विकल्प है।

## हृदय रोग

हार्टअटैक या हृदय के अन्य रोग, ज्यादातर हृदय की धमनियों में कोलेस्ट्रॉल के जमाव के कारण होते हैं। ऐसे में ब्राउन राइस का सेवन इससे बचाकर आपके हृदय की भी रक्षा करता है।

## हड्डियां

मैग्नीशियम व कैल्शयिम से भरपूर होने के कारण ब्राउन राइस, हडडियों को मजबूत करने के लिए बेहद फायदेमंद है। सफेछ चावल की अपेक्षा यह सेहत के कई फायदे देता है।

## वजन कम

वजन कम करना चाहते हैं, और चावल से दूर नहीं रह सकते, तो सफेद चावल की जगह ब्राउन राइस को भोजन में शामिल करें। कुछ ही समय में आप वजन में कमी महसूस करेंगे।



# आयुर्वेद ने भी माना खाली पेट इन चीजों का सेवन करने से घटता है मोटापा

वजन घटाने के लिए लोग न जानें कितनी प्रकार की डायट फॉलो करते हैं। लेकिन अपने आपको भूखा रखकर लंबे समय तक बिना सोचे-समझे किसी भी प्रकार की डायट का पालन करना मुश्किल हो जाता है। वजन घटाना कोई आसान काम नहीं है। शरीर की एक्सट्रा चर्बी को निकालने के लिए नियमित व्यायाम के साथ कैलोरीज भी बर्न करनी पड़ती हैं। इसके लिए आयुर्वेद के पास ऐसे कई तरीके हैं, जिससे शरीर की गंदगी बाहर निकलेगी और आपको वजन कम करने में आसानी होगी। ये तरीके बेहद आसान हैं, लेकिन आपको इन्हें अपनी लाइफस्टाइल का हिस्सा बनाना होगा। आइए जानते हैं क्या हैं वो तरीके जिसे मोटापा घटाने के लिए आयुर्वेद में अहम माना गया है.

## गर्म पानी के साथ घी और नींबू

200 मिलीलीटर पानी के साथ थोड़ा सा नींबू या घी का सेवन करने से पेरिस्टलसिस में सुधार होता है, जो कि वेस्ट और खाने की गति को नीचे की ओर ढकेलता है। यदि आपका शरीर वात या पित्त प्रकार का है, तो आप इससे आपका पाचन तंत्र चिकना होगा जिससे कब्ज की समस्या दूर होगी।

## डायजेस्टिव चाय

आजकल, बाजार में आयुर्वेदिक चाय की ढेर सारी वैराइटीज उपलब्ध हैं। लेकिन अच्छा होगा कि आप घर पर अपनी चाय खुद ही बना लें। इसके लिए 1 चम्मच जीरा, 1 चम्मच सौंफ, 1 चम्मच धनिया के बीज, 1 इलायची और थोड़ी सी अजवाइन को लेकर 500 मिलीलीटर पानी में तब तक उबालें, जब तक पानी की मात्रा आधी न हो जाए। इस चाय को खाली पेट पीने से अपच, ब्लोटिंग और वजन कम करने में मदद मिलेगी।
अपने मेटाबोलिज्म को तेज बनाने के लिए आप दालचीनी, इलायची, लौंग, कद्दूकस की हुई अदरक, काली मिर्च, हल्दी और स्टार ऐनीज को 500 मिली पानी में उबालें। यह पानी आधा हो जाए तब इसमें आधा नींबू और कोकोनट शुगर मिलाएं। चाय शरीर की गर्मी बढ़ाकर चयापचय में सुधार करके वजन कम करने में मदद करेगी।

## कच्चे फल

सुबह खाली पेट हर्बल चाय पीने के बाद, कच्चे फलों का सेवन करें जो प्रकृति में थोड़े से कसैले हो सकते हैं। ग्रीन और रेड एपल, क्रैनबेरी, ब्लूबेरी, चेरी, स्ट्रॉबेरी, ब्लैकबेरी, अनानास, आंवला और अनार जैसे फलों को ही चुनें। यह फल शरीर में वॉटर रिटेंशन को कम करते हैं और आपकी त्वचा में कोलेजन को बढ़ाते हैं, जिससे वजन कम करने में मदद मिलती है।

## सिलेरी जूस

तनाव से बचने के लिए आयुर्वेद कच्चे फल और पकी या उबली हुई सब्जियां खाने की सलाह देता है। ऐसी स्मूदी लेने से बचें जिसमें फल, सब्जियां, दूध और दही का मिश्रण शामिल हो। यह शरीर में विषाक्त पदार्थों के संचय का कारण बन सकता है। बल्कि पेट की ब्लोटिंग और अतिरिक्त चर्बी को कम करने के लिए एक चुटकी सेंधा नमक और नारियल तेल के साथ सिलेरी का जूस लें।

## वजन घटाने के बुनियादी नियम

- जब आपको भूख लगे तब ही खाएं।
- सूर्यास्त के बाद न खाएं।
- इंटरमिटेंट फास्टिंग करें जिसमें 16 घंटे के तक कुछ भी न खाएं। इससे आपकी ऊर्जा तो बढ़ती है साथ में दिमाग पर कंट्रोल रहता है।
- कच्चे फल खाने के बाद पका हुआ भोजन करें।
- आपका पेट केवल आपकी मुट्ठी के आकार का है। अपनी भूख से 80 प्रतिशत भोजन कम खाएं, ताकि खाना पचाने वाले रस अपना काम आसानी से कर सकें।

# जरूरी नहीं महंगी बादाम खाना, सस्ती मूंगफली भी है प्रोटीन का खजाना

मूंगफली का सेवन सेहत के लिए काफी फायदेमंद होता है। बल्कि इसे बादाम का पर्याय माना जाता है। जितने पोषक तत्व बादाम में मौजूद होते हैं वह सभी मूंगफली में आसानी से उपलब्ध हो जाते हैं। लेकिन बादाम महंगा होता है और मूंगफली सस्ती होती है लेकिन आप बादाम की जगह मूंगफली भी खा सकते हैं। एक लीटर दूध के बजाए 100 ग्राम कच्ची मूंगफली में अधिक प्रोटीन होता है। मूंगफली के साथ ही मूंगफली के तेल के कई फायदे होते हैं। यह कीटाणुओं को खत्म करने में मददगार होता है। जानते हैं मूंगफली खाने के अचूक फायदों के बारे में -

## हड्डियों को करें मजबूत

मूंगफली के सेवन से हड्डियां मजबूत होती है। मूंगफली में मौजूद पोषक तत्वों से शरीर को विटामिन डी और कैल्शियम मिलता है। बादाम के बदले इसका आसानी से सेवन कर सकते हैं।

## हार्मोन को करें बैलेंस

जब महिला और पुरुषों में हार्मोस अनबैलेंस्ड हो जाते हैं तब कई प्रकार की शारीरिक समस्या होती है। इसलिए महिला और पुरुष को रोज एक मुट्ठी मूंगफली का सेवन करना चाहिए।

## कैंसर से बचाएं


मूंगफली में एंटीऑक्सीडेंट पाया जाता है जिसका नाम है पॉलीफिनॉलिक। इसके सेवन से पेट के कैंसर का खतरा कम हो जाता है। सप्ताह में 1 बार मूंगफली के साथ मक्खन का सेवन करना चाहिए।

## झुर्रियों को हटाए

मूंगफली खाने से झुर्रियां कम होती है। इसमें मौजूद तत्व चेहरे पर बारीक रेखा और झुर्रियों को बनने से रोकती है।

## डायबिटीज को करें नियंत्रित

मूंगफली का सेवन करने से डायबिटीज की आशंका कम होती है। रोज अपनी डाइट में इसे जरूर शामिल करना चाहिए। ताकि घातक बीमारियों से बचा जा सकें।



# ऑक्सीजोन की तरह पूरे देश को ऑक्सीजन प्रदान कर रहा है छत्तीसगढ़ : मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री साय विश्व वानिकी दिवस पर विधानसभा में आयोजित संगोष्ठी में हुए शामिल

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विधानसभा के समिति कक्ष में आयोजित विश्व वानिकी दिवस संगोष्ठी में शामिल होकर प्रदेशवासियों को वन संरक्षण और संवर्धन का संदेश दिया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ देश का 'ऑक्सिजोन' बनकर पूरे भारत को ऑक्सीजन प्रदान कर रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश का 44 प्रतिशत भू-भाग वनों से आच्छादित है, जो न केवल पर्यावरणीय दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि हमारी सांस्कृतिक और आर्थिक विरासत का अभिन्न हिस्सा भी है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि वर्ष 2025 का विश्व वानिकी दिवस 'फारेस्ट एंड फूड' थीम पर आधारित है, जो इस बात पर बल देता है कि वन केवल ऑक्सीजन ही नहीं, बल्कि पोषण, रोजगार और संस्कृति का भी स्रोत हैं। इसी अवसर पर मुख्यमंत्री ने 'वाइल्ड एडिबल प्लांट्स इन छत्तीसगढ़ स्टेट' पुस्तक का विमोचन किया तथा पुदीना-मिंट फ्लेवर के बस्तर काजू प्रोडक्ट को लॉन्च भी किया। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की 32 प्रतिशत आबादी जनजातीय भाई बहनों की है जो वनों के साथ गहराई से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार वनों में निवासरत जनजातीय भाई-बहनों को वनाधिकार पटटे प्रदान कर रही है, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें और खेती की दिशा में आगे बढ़ें। उन्होंने बताया कि बस्तर की इमली, जशपुर का महुआ, चिरौंजी, हर्रा-बहेड़ा जैसे सैकड़ों लघु वनोत्पाद छत्तीसगढ़ की विशिष्ट पहचान हैं, जिनका वैल्यू एडिशन कर आदिवासी परिवारों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री साय ने छत्तीसगढ़ की नैसर्गिक सुंदरता की सराहना करते हुए कहा कि यहां के जलप्रपात, वनवासी संस्कृति और समृद्ध जैव विविधता पूरे देश के लिए आकर्षण का केंद्र बन रहे हैं। बस्तर का धूड़मारास अब विश्व पर्यटन मानचित्र पर स्थान बना चुका है। पर्यटन का विस्तार हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में लगभग चार करोड़ वृक्ष लगाए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि नवा रायपुर में पीपल फॉर पीपल कार्यक्रम के अंतर्गत हर चौराहे पर पीपल का रोपण किया गया है, जो भविष्य में शुद्ध ऑक्सीजन का सशक्त स्रोत बनेंगे। पीपल का पेड़ वैज्ञानिक रूप से सबसे अधिक ऑक्सीजन देने वाला वृक्ष है, और यह पहल शहरी हरियाली की दिशा में एक प्रभावी कदम है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के वन विश्व के सबसे सुंदर वनों में गिने जाते हैं। साल और सागौन के वृक्ष यहां की प्राकृतिक शोभा हैं। साल के वनों में एक अनूठा सम्मोहन है और यह गर्व की बात है कि छत्तीसगढ़ में वन क्षेत्र लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि जब तक जंगल हैं, तब तक जीवन है। वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि छत्तीसगढ़ के जनजातीय समुदायों का पूरा जीवन वनों पर आधारित है।

# 'वॉकथॉन-2025' का आयोजन आज

## मरीन ड्राईव रायपुर में हजारों की संख्या में जुटेंगे लोग

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com




'वाकथॉन-2025 का आयोजन आज रायपुर के तेलीबांधा स्थित मरीन ड्राईव से भगत सिंह चौक तक किया जाएगा। आयोजन में हजारों की संख्या में लोग शामिल होकर अपने शहर को स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाने की अपील करेंगे। दरअसल मध्यभारत में निजी क्षेत्र का सबसे बड़ा हॉस्पिटल समूह श्री बालाजी ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स एवं कॉलेजेस और राष्ट्रीय समाचार पत्र पायनियर द्वारा राजधानी रायपुर को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने की अभिनव पहल की जा रही है। पायनियर और श्री बालाजी हास्पिटल समूह द्वारा आज सुबह 7 बजे तेलीबांधा स्थित मरीन ड्राइव में वॉकथॉन-2025 का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह शामिल होंगे। साथ ही रायपुर की महापौर मीनल चौबे एवं रायपुर शहर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा, बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल समेत अन्य जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। जहां राजधानी की सड़कों में पैदल चलकर रायपुर को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने की अपील की जाएगी। इस आयोजन में प्रमुख रुप से नगर पालिक निगम रायपुर, छत्तीसगढ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास एजेंन्सी, सीजीएसएसीएस, जिदंल स्टील एंड पावर लि., श्री बालाजी मेडिकल फांउडेशन, पॉपुलर पेंट, कॉश फांउडेशन, की सहभागिता है। वहीं कार्यक्रम में रेडियो पार्टनर के रुप में माई एफ एम 94.3 एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया पार्टनर साधना न्यूज एमपी-सीजी, तथा डिजिटल मीडिया पार्टनर के रुप में टीआरपी न्यूज और द थिंक मीडिया का विशेष योगदान है।

## कलेक्टर ने मत्स्य निरीक्षक भर्ती परीक्षा के दौरान सतर्कता, अनुशासन का पालन कराने और सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित मत्स्य निरीक्षक भर्ती परीक्षा 23 मार्च को सुबह 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक रायपुर के 54 परीक्षा केंद्रों में आयोजित की जाएगी। परीक्षा के सफल संचालन के लिए प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देशन में परीक्षा की निष्पक्षता व पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में रेड क्रॉस मीटिंग हॉल में परीक्षा के ऑब्जर्वर्स का प्रशिक्षण आयोजित किया गया, जिसमें कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए।

# विजय शर्मा ने कहा- प्रदेश सरकार ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास कार्यों को तेज़ी से आगे बढ़ाने का संकल्प लिया

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने विधानसभा परिसर में मीडिया को सम्बोधित करते हुए कहा कि बीजापुर, कांकेर और नारायणपुर जिलों में सुरक्षा बलों द्वारा चलाए गए सघन सर्च ऑपरेशन में 30 नक्सली मारे गए हैं। बीजापुर जिले के गंगालूर क्षेत्र में डीआरजी, एसटीएफ , बस्तर फाइटर्स, कोबरा और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम द्वारा संचालित ऑपरेशन में 26 नक्सली मारे गए, वहीं कांकेर और नारायणपुर के बॉर्डर इलाके में डीआरजी, बस्तर फाइटर्स और बीएसएफ की संयुक्त कार्रवाई में 4 अन्य नक्सली मारे गए। इस ऑपरेशन के दौरान सुरक्षा बलों ने एके-47, एसएलआर, इंसास, 303 राइफल, रॉकेट लॉन्चर और बीजीएल लॉन्चर सहित भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद किए। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने मार्च 2026 तक बस्तर से नक्सलवाद समाप्त करने का लक्ष्य रखा है। मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में यह अभियान और तेज़ किया जाएगा। अब केवल सरकार और सुरक्षाबल ही नहीं, बल्कि जनता भी नक्सलवाद के समापन के लिए पूरी तरह तैयार है। छत्तीसगढ़ में तेज़ी से हो रहे विकास कार्य यह दर्शाते हैं कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में अब शांति और समृद्धि का नया युग आने वाला है।

# गौ सेवा रत्न अलंकरण महोत्सव- राज्यपाल रमेन डेका ने गौशाला में की पूजा अर्चना

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में गौ सेवा रत्न अलंकरण महोत्सव का भव्य आयोजन हुआ, जिसमें राज्यपाल रमेन डेका विशेष रूप से उपस्थित हुए। राज्यपाल ने मनोहर गौशाला में पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना की और गौ माता की आराधना में भाग लिया। राज्यपाल रमेन डेका ने मंदिर में गौ आरती में हिस्सा लिया और गौ माता की पूजा की। उन्होंने इस अवसर पर गौ सेवा के महत्व पर भी अपने विचार रखे और गौ रक्षा और संवर्धन की दिशा में निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया। पूजा-अर्चना और आरती के पश्चात, राज्यपाल ने गौशाला परिसर का भ्रमण किया और गौवंश की देखरेख और सेवा के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

# हाथियों के प्रति नकारात्मक धारणा बदलने की जरूरत

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ वन विभाग ने हाथियों के प्रति समाज में व्याप्त नकारात्मक धारणा को लेकर चिंता व्यक्त की है। अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक प्रेम कुमार ने कहा कि समाचार पत्रों और अन्य मीडिया माध्यमों में 'आतंकी, उत्पाती, हत्यारा, हिंसक, पागल, बिगड़ैल, जिददी' जैसे नकारात्मक शब्दों का उपयोग किया जाता है, जिससे समाज में हाथियों के प्रति भय और नकारात्मकता बढ़ती है। यह प्रवृत्ति मानव-हाथी सह-अस्तित्व के प्रयासों को प्रभावित करती है। उन्होंने कहा है कि भारत में हाथी सिर्फ एक वन्यजीव नहीं, बल्कि संस्कृति, धार्मिक मान्यताओं और परंपराओं का अभिन्न हिस्सा है। प्राचीन काल से भगवान गणेश का प्रतीक माने जाने वाले हाथी को धैर्य, शक्ति और सहनशीलता का प्रतीक माना जाता है। हाथी को 'कीस्टोन प्रजाति' एवं 'ईको-सिस्टम इंजीनियर' भी कहा जाता है, क्योंकि वे वनों के पारिस्थितिकी संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उनके रहने से वनों की कार्बन अवशोषण क्षमता में वृद्धि होती है, जिससे जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित करने में मदद मिलती है। छत्तीसगढ़ के इतिहास में हाथियों का मनुष्य के साथ घनिष्ठ संबंध रहा है। बस्तर के 11वीं शताब्दी के ताम्रपत्रों, मुगलकालीन अभिलेखों और ब्रिटिश शासनकाल के गजेटियरों में इसका विस्तृत उल्लेख मिलता है।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403